नई दिल्ली

बुधवार 25 मार्च 2026

चैत्र मास शुक्ल पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 340
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 33
न्यून. 21

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**सप्तम दिवसः मां कालरात्रि**



ज्वाला कराल अति उग्रम शेषा सुर सूदनम। त्रिशूलम पातु नो भीते भद्रकाली नमोस्तुते।

# बजट 2026-27 : मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पेश किया 1,03,700 करोड़ रुपए का हरित बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए करीब 1,03,700 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। इसमें नवजात शिशुओं के लिए मुफ्त स्वास्थ्य संबंधी जांच, 1.3 लाख छात्राओं को मुफ्त साइकिल और मेधावी छात्रों के लिए लैपटॉप सहित कई कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा की गई। साथ ही आपदा प्रबंधन के लिए आपात संचालन केंद्र के अलावा एक नई सेमीकंडक्टर नीति की भी घोषणा की गई। दिल्ली विधानसभा में दूसरी बार बजट पेश करते हुए वित्त मंत्रालय का प्रभार भी संभाल रही गुप्ता ने इसे 'हरित बजट' करार दिया और बताया कि कुल आवंटन का 21 प्रतिशत पर्यावरण संरक्षण पहल के लिए रखा गया है। उन्होंने दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय के देश में तीसरे स्थान पर होने का उल्लेख किया और कहा कि ट्रिपल इंजन सरकार के साथ राष्ट्रीय राजधानी तेजी से प्रगति कर रही है। सरकार ने ▶▶ शेष पेज 5 पर




## टैक्स, अनुदान और ऋण से भरेगा सरकारी खजाना

मुख्यमंत्री ने बताया कि कुल बजट में 62,550 करोड़ रुपये योजनाओं, कार्यक्रमों और परियोजनाओं के लिए, 41,150 करोड़ रुपये स्थापना बजट के रूप में, 72,900.28 करोड़ रुपये राजस्व बजट और 30,799.72 करोड़ रुपये पूंजीगत बजट के रूप में निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि बजट के लिए कुल 74,000 करोड़ रुपये सरकार अपने करों से जुटाएगी। इसमें सबसे बड़ा हिस्सा जीएसटी से 43,500 करोड़ रुपये आएगा। इसके अलावा वैट से 8,500 करोड़ रुपये, स्टाम्प और पंजीकरण शुल्क से 11,000 करोड़ रुपये, राज्य आबकारी से 7,200 करोड़ रुपये और वाहनों पर कर से 3,800 करोड़ रुपये मिलेंगे। साथ ही सरकार को अन्य स्त्रोतों से भी धन मिलेगा। गैर-कर राजस्व से 900 करोड़ रुपये प्राप्त ▶▶ शेष पेज 5 पर

## बजट 2026-27 के मुख्य बिंदु

- मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री रेखा गुप्ता ने पेश किया 2026-27 के लिए 1 लाख 3 हजार 700 करोड़ रुपये का बजट
- **जीडीपी योगदानः** दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से लगभग 2.6 गुना अधिक दर्ज की गई है।
- **राजस्व लक्ष्यः** करों (जीएसटी, वैट और उत्पाद शुल्क) के माध्यम से लगभग 70 हजार करोड़ जुटाने का लक्ष्य है।

### प्रमुख घोषणाएं

- **महिला सम्मानः** महिलाओं के लिए 2,500 प्रति माह की आर्थिक सहायता योजना को मजबूती से लागू करने के लिए 5,100 करोड़ आवंटित।
- **सौर ऊर्जाः** दिल्ली के घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने के लिए विशेष सब्सिडी का प्रावधान।
- **धूल मुक्त दिल्लीः** सड़कों की मैकेनिकल स्वीपिंग और सुंदरीकरण के लिए 1,392 करोड
- **कचरा प्रबंधनः** दिल्ली के लैंडफिल साइट्स (कूड़े के पहाड़ों) को पूरी तरह समाप्त करने के लिए एमसीडी को अतिरिक्त वित्तीय मदद।

### सेक्टर-वार आवंटन

- **शिक्षा (19,326 करोड़)ः** सरकारी स्कूलों में आधुनिक लैब और खेल सुविधाओं का विस्तार। शिक्षकों के अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण के लिए फंड जारी।
- **स्वास्थ्य (13,034 करोड़)ः** मोहल्ला क्लीनिकों का सुदृढ़ीकरण और नई एम्बुलेंस की खरीद। अस्पतालों में बेड्स की संख्या बढ़ाने पर जोर।
- **परिवहन (12,613 करोड़)ः** दिल्ली की सड़कों पर 10 हजार से अधिक इलेक्ट्रिक बसों का लक्ष्य। मेट्रो के चौथे चरण के लिए पर्याप्त फंड का प्रावधान।
- **सामाजिक कल्याणः** बुजुर्गों और विधवाओं की पेंशन के लिए 3 हजार ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पश्चिम-एशिया व खाड़ी क्षेत्र में युद्ध के बीच...

# राष्ट्रपति ट्रंप ने पहली बार घुमाया प्रधानमंत्री मोदी को फोन, पश्चिम-एशिया संघर्ष पर की चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया सहित समूचे खाड़ी क्षेत्र में युद्ध की वजह से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बने हुए तनाव के बीच मंगलवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से टेलीफोन पर बातचीत की है। जिसमें दोनों के बीच मौजूदा संघर्ष के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया गया है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर की गई एक पोस्ट के जरिए प्रधानमंत्री ने इस बातचीत के बारे में जानकारी दी है। जिसमें उन्होंने बताया कि मुझे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का फोन आया। जिसमें हमारे बीच पश्चिम-एशिया संघर्ष की स्थिति के विषय को लेकर विचारों का उपयोगी रूप से आदान-प्रदान किया गया है।

**संघर्षविराम के बाद का घटनाक्रम :** गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा हाल ही में ईरान के खिलाफ आगामी 5 दिनों तक कोई हमला न करने के ऐलान के तुरंत बाद भारत के प्रधानमंत्री से टेलीफोन के माध्यम से यह वार्ता की गई है। उधर, इन सबके के बीच भारत और अमेरिका के विदेश मंत्रियों के मध्य भी संघर्ष को लेकर विचारों का आदान-प्रदान किया गया है। जिसका ▶▶ शेष पेज 5 पर

- दोनों ने दिया जोर, होर्मुज की खाड़ी का खुला और सुरक्षित रहना पूरी दुनिया के लिए जरूरी है
- शीर्ष नेताओं के बीच शांति-स्थिरता के प्रयासों को लेकर भविष्य में भी संपर्क में बने रहने पर जताई गई सहमति
- अमेरिकी राष्ट्रपति ने संघर्षविराम की घोषणा करने के तुरंत बाद किया भारत के प्रधानमंत्री से टेलीफोन पर यह संवाद



### होर्मुज की खाड़ी के महत्व पर दिया जोर

पीएम ने बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति से हुई वार्ता में हमने होर्मुज जलडमरूमध्य का खुला, सुरक्षित और सुलभ रहना पूरी दुनिया के लिए आवश्यक बताया है। इसके अलावा शांति और स्थिरता के प्रयासों को लेकर भविष्य में भी संपर्क में बने रहने को लेकर सहमति जताई गई है। साथ ही मैंने राष्ट्रपति के समक्ष भारत के तनाव को कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाल करने के लिए समर्थन देने के अपने पक्ष का उल्लेख किया है।

### अमेरिका के राजदूत की पोस्ट का सार

*भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने भी दोनों नेताओं की इस बातचीत को लेकर 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा की। जिसमें बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी से बात की है। उन्होंने मध्य-पूर्व की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की है। जिसमें होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने का पक्ष भी शामिल था। भारत की तरफ से विदेश मंत्री डॉ.जयशंकर ने पीएम मोदी की 'एक्स' पर की गई पोस्ट को री-ट्वीट कर साझा किया गया। वहीं, राजधानी में ही पेंटागन के एक अधिकारी कोल्बी ने कहा कि अमेरिका भारत को न केवल एक प्रमुख भागीदार के रूप में बल्कि एशिया में दीर्घकालिक अनुकूल शक्ति संतुलन सुनिश्चित करने के लिए एक आवश्यक भागीदार के* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### राज्यसभा में प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम एशिया में शांति के लिए संवाद और कूटनीति पर दिया जोर

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच शांति बहाली के लिए संवाद और कूटनीति को सबसे प्रभावी रास्ता बताया है। राज्यसभा में इस मुद्दे पर भारत का पक्ष रखते हुए उन्होंने कहा कि भारत लगातार तनाव कम करने और स्ट्रेट ऑफ हार्मुज़ को फिर से खोलने की मांग उठा रहा है।

**वैश्विक स्तर पर कूटनीतिक पहलः** प्रधानमंत्री ने बताया कि इस संघर्ष के दौरान उन्होंने खाड़ी देशों के नेताओं के साथ-साथ ईरान, इज़राइल और अमेरिका के शीर्ष नेतृत्व से फोन पर बातचीत की है। उन्होंने कहा कि भारत का उद्देश्य क्षेत्र में स्थायी शांति स्थापित करना है।

**होर्मुज़ जलडमरूमध्य पर चिंताः** पीएम मोदी ने कहा कि होर्मुज़ जलडमरूमध्य में व्यावसायिक जहाजों पर हमले और अंतरराष्ट्रीय नौवहन में बाधा अस्वीकार्य है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भारत युद्ध जैसे हालात में भी अपने जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए कूटनीतिक प्रयास कर रहा है।

**ऊर्जा संकट और आपूर्ति पर असरः** प्रधानमंत्री ने कहा कि तीन हफ्तों से अधिक समय से जारी इस संघर्ष ▶▶ शेष पेज 5 पर

### अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध के बीच भारत का मध्यस्थता का कोई इरादा नहीं...

# बातचीत-कूटनीति से समाधान के पक्ष में मजबूती से खड़ा हमारा देश : जायसवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पांच दिवसीय सीजफायर के एलान के बाद भी पश्चिम-एशिया से लेकर खाड़ी क्षेत्र में बने हुए तनाव के दौर में दुनिया के कई देशों खासकर पाकिस्तान की तरफ से तेजी से जारी मध्यस्थता की कोशिशों के बीच भारत ने मामले पर अपना रुख पूरी तरह से साफ कर दिया है। जिसमें ये कहा कि मामले पर क्षेत्र में बने हुए तमाम घटनाक्रमों पर नई दिल्ली की पैनी नजर बनी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर की उक्त क्षेत्र सहित दुनिया के अन्य देशों के शीर्ष वैश्विक नेताओं से चल रही बातचीत की प्रक्रिया के दौरान भी दोनों ने संवाद और कूटनीति के जरिए ही इस समस्या का समाधान निकालने यानी शांति बहाल करने पर जोर दिया है। जो हमारे पुराने पक्ष पर ही आधारित है। यह जानकारी राजधानी में मंगलवार को आयोजित की गई अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी है। ज्ञात हो कि हाल ही में पाकिस्तान, तुर्किये और मिस्त्र द्वारा अमेरिका से मध्यस्थता करने की पेशकश की जा रही थी। लेकिन अब इस संबंध में पाकिस्तान की कोशिशों ने जोर पकड़ा है।




- युद्ध के मध्य तेज होती पाकिस्तान की मध्यस्थता की पहल के बीच भारत से साफ किया अपना रुख
- बोले रणधीर जायसवाल, भारत की क्षेत्र में उभरते हुए हालात और अन्य जरूरी घटनाक्रमों पर बनी हुई है पैनी नजर
- भारत-अमेरिका के विदेश मंत्रियों के बीच टेलीफोन पर हुई बातचीत, मध्यस्थता नहीं मौजूदा संकट के प्रभावों, ऊर्जा सुरक्षा के मुद्दे पर की गई चर्चा
- खाड़ी से सुरक्षित स्वदेश लौटे 4 लाख 20 हजार भारतीय नागरिक।

### जयशंकर-रुबियो के बीच हुई बातचीत

भारत और अमेरिका के विदेश मंत्रियों के बीच बीते सोमवार देर रात टेलीफोन के माध्यम से हुई बातचीत में भी मध्यस्थता का विषय शामिल नहीं किया गया। इस दौरान केवल पश्चिम-एशिया संघर्ष और उसके वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहे प्रभावों के मुद्दे पर ही ध्यान केंद्रित किया गया है। ऊर्जा सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी इस वार्ता का हिस्सा बनीं। भारत के विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट के जरिए इस जानकारी को साझा किया है। जिसमें उन्होंने बताया कि अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो से टेलीफोन पर विस्तृत चर्चा हुई है। जिसमें हमने पश्चिम-एशिया संघर्ष और अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर पड़ रहे इसके प्रभावों के मुद्दे पर ध्यान केंद्रित किया। साथ ही ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ी हुई चिंताओं पर भी हमने चर्चा की है। उन्होंने कहा कि हमारे बीच संपर्क में बने रहने को लेकर सहमति ▶▶ शेष पेज 5 पर

## *राहुल गांधी ने पश्चिम एशिया संघर्ष पर प्रधानमंत्री के संसद में दिए वक्तव्य को बताया अप्रासंगिक*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के हित के फैसले ले ही नहीं सकते। वे सिर्फ वही करते हैं, जो अमेरिका और इजराइल उनसे करवाना चाहते हैं।

संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान पश्चिम एशिया युद्ध में पाकिस्तान की मध्यस्थता की खबरों के बीच भारत की कोई भूमिका नहीं होने को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में राहुल गांधी ने कहा कि भारत की मौजूदा विदेश नीति प्रधानमंत्री मोदी की व्यक्तिगत विदेश नीति है। इसका नतीजा



सबके सामने है; हर कोई इसे एक वैश्विक मजाक मानता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अच्छी तरह जानते हैं कि मोदी जी क्या कर सकते हैं और क्या नहीं। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि देश की विदेश नीति आज 'कॉम्प्रोमाइज्ड' है, क्योंकि मोदी खुद 'कॉम्प्रोमाइज्ड' ▶▶ शेष पेज 5 पर

## *छत्तीसगढ़ में स्वामित्व योजना ने हासिल किया 100 फीसदी ड्रोन मैपिंग का लक्ष्य, ग्रामीण परिवारों को 1.33 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ग्रामीण सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार करते हुए, भारत सरकार ने स्वामित्व योजना के तहत छत्तीसगढ़ के सभी 15 हजार 791 अधिसूचित आबादी वाले गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है ।

केंद्रीय कैबिनेट मंत्री ललन सिंह ने रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल को लोकसभा में मंगलवार को इस संबंध में पूछे गए सवालों का ज़वाब देते हुए बताया कि संपत्ति कार्ड तैयार करने और वितरित करने का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। सर्वेक्षण किए गए क्षेत्रों में से 2 हजार 709 गांवों के लिए संपत्ति कार्ड पहले ही तैयार किए जा चुके हैं । अब तक कुल 2 लाख 7 हजा 600 संपत्ति कार्ड बनाए गए हैं, जिनमें से 1 लाख 33 हजार 487 कार्ड उनके सही मालिकों को सफलतापूर्वक वितरित किए जा चुके हैं । इस विशाल अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण आबादी वाले क्षेत्रों में संपत्ति के मालिकों को स्पष्ट ₹अधिकारों का रिकॉर्ड₹ प्रदान करना ▶▶ शेष पेज 5 पर

### लोक सभा में बोले चौहानः किसानों को पसीने की पूरी कीमत देने के लिए प्रतिबद्ध है केंद्र सरकार

कहा, हमारी सरकार ने किसानों को लागत के अलावा 50 फीसद एमएसपी दिया

# रिकॉर्ड एमएसपी खरीदी, सीधी मदद और डिजिटल फार्मर आईडी से किसानों को त्वरित राहतः चौहान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली


केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार हर परिस्थिति में किसानों को उनकी उपज का उचित दाम दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है और अन्नदाता को संकट से उबारने के लिए किसी भी स्तर पर कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। लोकसभा में सांसदों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर रिकॉर्ड खरीदी, पीएम आशा, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, भावांतर भुगतान और मार्केट इंटरवेंशन स्कीम जैसी व्यवस्थाओं के माध्यम से किसान की आय को मज़बूत सुरक्षा कवच प्रदान किया है और किसानों की आय दोगुनी हुई है।

केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और उनके हितों की रक्षा के लिए नरेंद्र



मोदी की सरकार ने बीते वर्षों में कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि कृषि उत्पादन में लगभग 44 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है और किसानों की उत्पादकता तथा आमदनी को समानांतर रूप से बढ़ाने का व्यापक अभियान चलाया गया है। चौहान ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के समय स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने के नाम पर सिर्फ बहाने बनाए गए, यहाँ तक कि यह तक कहा गया कि लागत से 50 प्रतिशत अधिक एमएसपी देने से बाज़ार विकृत हो जाएगा। एनडीए सरकार ने उत्पादन लागत पर 50 प्रतिशत लाभ को ध्यान में रखकर न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने का निर्णय लिया और लगातार उसे लागू किया है, जिससे किसान को उसकी मेहनत का बेहतर प्रतिफल मिल सका है।

शिवराज सिंह ने स्पष्ट किया कि केवल एमएसपी घोषित कर देना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उस पर वास्तविक खरीदी कराना ज़्यादा महत्वपूर्ण है और इस दिशा में सरकार ने गेहूँ, धान, दलहन और तिलहन के साथ साथ विभिन्न फसलों की ▶▶ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप



### लांबा ने तैराकी में जीते दो गोल्ड और एक सिल्वर मेडल

**नई दिल्ली।** दिल्ली देहात के कुतुब गढ़ गांव निवासी राजबीर लांबा ने हाल ही में चंडीगढ़ में आयोजित 5वें खेलों मास्टर्स नेशनल गेम्स-2026 की तैराकी प्रतियोगिता में दो गोल्ड और एक सिल्वर पदक हासिल किया है। लांबा ने 45 प्लस आयु वर्ग में 50 मीटर बैक स्ट्रोक तथा 100 मीटर फ्री स्टाइल में गोल्ड मेडल जीता साथ ही 50 मीटर फ्री स्टाइल सिल्वर पदक जीता। राजबीर लांबा के पदक जीतने पर कुतुब गढ़ गांव में हर्ष की लहर है।

### एसआई ने महिला सफाईकर्मी को कार से कुचला, मौत

**नई दिल्ली।** पंजाबी बाग इलाके में मंगलवार को एक दिल्ली पुलिस के सब इंस्पेक्टर ने ब्रेजा कार से महिला सफाईकर्मी को टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी एसआई को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का ब्लड सैंपल जांच के लिये भेजा गया है, ताकि यह साफ हो सके कि वह नशे में था या नहीं। पुलिस के अनुसार 24 मार्च को पंजाबी बाग थाने में एक सड़क दुर्घटना के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। वशिष्ठ कुमार गुल्ला मार्ग और नॉर्थ एवेन्यू रोड के पास चल रहे सड़क निर्माण कार्य के दौरान एक ब्रेजा कार ने एक महिला मजदूर को टक्कर मार दी है। धरमवती (45) उस समय सेंट्रल वर्ज (सड़क के बीच का डिवाइडर) के पास झाड़ू लगा रही थी। गंभीर चोटों के चलते उसे आचार्य भिक्षु अस्पताल, मोती नगर ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस संबंध में पंजाबी बाग थाने में धारा 281/106 बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपी चालक का नाम रणजीत नगर थाने में तैनात एसआई लकी है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। दुर्घटना में शामिल वाहन भी जब्त किया गया है। यह दुर्घटना रात के लगभग 1:30 बजे हुई। प्रथम दृष्टया, आरोपी नशे में नहीं था। हालांकि मेडिकल जांच के लिए उसका ब्लड सैंपल लिया गया है। शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि निर्माण स्थल पर कोई रिफ्लेक्टर जैकेट या चेतावनी वाले कोन मौजूद नहीं थे।

### भजनपुरा में युवक की चाकू मार कर हत्या

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी जिले के भजनपुरा इलाके में मंगलवार तड़के 18 वर्षीय युवक की चाकू मार कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान भजनपुरा के सुभाष मोहल्ला निवासी मोहम्मद आसिफ के रूप में की गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए गुरु तेग बहादुर अस्पताल (जीटीबी) भेजा गया। वारदात कृष्ण मंदिर के पास सामने आई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार टीम के पहुंचने से पहले ही युवक के परिजन जग प्रवेश चंद्र अस्पताल (जेपीसी) ले जा चुके थे। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की पहचान और उनकी गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई हैं। पुलिस आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। इसके साथ ही परिजनों व मृतक के दोस्तों से भी पूछताछ की जा रही है। मृतक के कॉल डिटेल्स रिकॉर्ड भी चैक किये जा रहे हैं।

### 16 वर्षीय लड़के की हत्या के मामले में दो नाबालिग पकड़े

**नई दिल्ली।** सदर बाजार थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय लड़के की चाकू घोंपकर हत्या करने के आरोप में दो नाबालिग लड़कों को हिरासत में लिया गया है। रविवार को स्कूटी सवार तीन नाबालिगों ने पुरानी रंजिश के चलते सदर बाजार की गली गढ़ैया में इस वारदात को अंजाम दिया था। पीड़ित की मां की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया था। अपराध शाखा के डीसीपी पंकज कुमार के अनुसार एक टीम गठित की गई थी, जिसने 24 घंटे के अंदर ही दो आरोपियों को पकड़ लिया और उनके पास से जुर्म में शामिल स्कूटी, खून से सने कपड़े और अन्य सामान बरामद कर लिया। उन्होंने बताया कि एक नाबालिग आरोपी पूर्व में पॉक्सो, अपहरण तथा झपटमारी के मामलों में शामिल रहा है।

# 85 लाख की लूट का संदिग्ध मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



शास्त्री पार्क इलाके में फरवरी में 85 लाख रुपये की लूट के मामले में वांछित आरोपी को मंगलवार को मध्य दिल्ली के आईपी एस्टेट इलाके में एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी का नाम उस्मानपुर निवासी अजय उर्फ कालिया (34) बताया गया है, जो पहले हत्या के एक मामले में भी संलिप्त रहा है।

पुलिस के अनुसार आरोपी चार से पांच अपराधियों के एक छोटे गिरोह का कथित रूप से सरगना है और वह लूट के इस मामले का मुख्य षड्यंत्रकारी है। सोमवार रात करीब 10 बजे पुलिस को सूचना मिली, जिसके बाद एमजी रोड पर रोज गार्डन सर्विस रोड के पास जाल बिछाया गया। वहां आरोपी को अपने साथियों से मिलने और संभवतः अन्य अपराध को अंजाम देने के लिए आना था। देर रात करीब 12 बजकर 22 मिनट पर वह एक स्कूटर पर आता हुआ दिखा, जिसके बाद उसे रुकने का इशारा किया गया। लेकिन रुकने के बजाय उसने भागने की कोशिश की और इस दौरान पुलिस ने उसे घेर लिया। खुद को घिरा पाकर आरोपी ने स्कूटर छोड़ दिया और पुलिस पर गोलीबारी की। इस दौरान एक गोली एक इंस्पेक्टर की बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी। इसके बाद पुलिस ने भी आत्मरक्षा में गोली चलाई, जो आरोपी के पैर में लगी। इसके बाद उसे काबू कर लिया गया। जख्मी हालत में बदमाश को लोकनायक जयप्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल ले जाया गया। आरोपी के पास से एक अवैध पिस्तौल, कारतूस, खोखे बरामद किए गए हैं। उसके पास से बरामद स्कूटर चोरी का है, जिसे मालवीय नगर से चुराया गया था। पुलिस ने बताया कि अजय आदतन अपराधी है, जो दिल्ली और उत्तर प्रदेश में लूट, हत्या, चोरी और आर्म्स एक्ट से जुड़े कई मामलों में शामिल है। इसके साथियों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

### दिल्ली कांग्रेस सगठन सृजन के तहत जिला अध्यक्षों के चयन को पर्यवेक्षकों की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की दिशा में पार्टी ने कदम उठाया है। एआईसीसी के दिल्ली प्रभारी काजी मोहम्मद निजामुद्दीन ने संगठन सृजन के तहत जिला अध्यक्षों के चयन को पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव के अनुसार सभी 14 जिलों पर तीन तीन पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। जानकारी अनुसार इनमें मुख्य पर्यवेक्षकों में पूर्व मंत्रियों में डॉक्टर नरेंद्र नाथ, कृष्णा तीरथ, हारून यूसुफ, मंगतराम सिंघल, राजेंद्र पाल गौतम,योगानंद शास्त्री और किरण वालिया शामिल है। जबकि पूर्व सांसद संदीप दीक्षित, रमेश कुमार व उदित राज, पूर्व विधायक राजेश लिलोठिया, अनिल भारद्वाज, परवेज हाशमी व अलका लांबा शामिल है। इनके अलावा दो दो अन्य पर्यवेक्षकों में पूर्व विधायक, पूर्व महापौर, पूर्व पार्षद, छोटे बड़े पदाधिकारी व कांग्रेस के अगुवाई संगठनों के नेता शामिल है।

## दिल्ली और मुंबई से चल रहे निवेश धोखाधड़ी रैकेट का भंडाफोड़, 11 साइबर धोखेबाज अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण-पश्चिम जिले की साइबर पुलिस ने दिल्ली और मुंबई से चल रहे निवेश धोखाधड़ी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में 11 साइबर धोखेबाज गिरफ्तार। जालसाजों ने निवेश पर भारी मुनाफे का झांसा देकर एक वरिष्ठ नागरिक से 22.67 लाख की धोखाधड़ी की थी। इनके पास से 40 मोबाइल फोन, 92 फर्जी सिम कार्ड, 39 पासबुक, चेकबुक, 27 एटीएम कार्ड, 4 पैन कार्ड, 1 लैपटॉप, 1 डेस्कटॉप, 2 पीओएस मशीनें, 6 यूपीआई स्कैनर, 1 प्रिंटर और कुछ फर्जी दस्तावेज बरामद किये गये हैं। पुलिस के अनुसार पकड़े गये 11 साइबर धोखेबाजों के नाम तजिंदर सिंह उर्फ लकी, आशीष सैनी, शिव दयाल सिंह, शिवा, गिरिराज किशोर, एक महिला, सतीश, रामदेव सांगला, प्रवीण कुमावत, दीपक मेवारा उर्फ देव और त्रिलोक चंद नायक है। दरअसल पुलिस ने 21 नवंबर 2025 को विभिन्न धाराओं के अंतर्गत ए. श्रीनिवासन (60) की शिकायत पर मामला दर्ज किया था। श्रीनिवासन ने बताया कि एक निवेश-आधारित साइबर धोखाधड़ी में उनके साथ 22,67,793 की ठगी हुई है। धोखेबाजों ने सोशल मीडिया पर एक विज्ञापन के जरिए शिकायतकर्ता को झांसा दिया। इस विज्ञापन में उन्होंने एक मंत्री के भाषण का गलत इस्तेमाल करते हुए एआई-आधारित ट्रेडिंग को बढ़ावा दिया और यूजर्स को एक लिंक के जरिए रजिस्टर करने को कहा। रजिस्ट्रेशन के बाद कुछ अनजान लोगों ने शिकायतकर्ता से संपर्क किया और उन्हें पैसे निवेश करने के लिए उकसाया। आरोपियों ने खुद को निवेश सलाहकार बताकर इंटरनेट कॉल के जरिए शिकायतकर्ता से बात की और उन्हें एक ऐप और एक अन्य प्लेटफॉर्म पर रजिस्टर करवा दिया। शिकायतकर्ता को एक प्राइवेट लिमिटेड फर्म के नाम पर पैसे निवेश करने का निर्देश दिया गया। पैसे मिलने के बाद आरोपियों ने जवाब देना बंद कर दिया, संपर्क तोड़ दिया और गायब हो गए थे। जांच के दौरान एक ऐसे गिरोह की पहचान हुई जो रोहिणी और नेताजी सुभाष प्लेस से काम कर रहा था। यह गिरोह धोखाधड़ी के लिए इस्तेमाल होने वाले बैंक खाते खोलने और चलाने में शामिल था।



पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं गांधी स्मृति और दर्शन समिति के उपाध्यक्ष विजय गोयल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संसद भवन में उनके कार्यालय में भेंट की। इस अवसर पर गोयल ने प्रधानमंत्री मोदी को हाल ही में पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी की जीवनी पर प्रकाशित कॉफी टेबल बुक अटल बिहारी वाजपेयी द एटर्नल स्टेट्समैन भेंट की। गोयल ने कहा कि नरेंद्र मोदी देश के उन चुनिंदा नेताओं में हैं जिन्होंने विभिन्न पदों पर रहते हुए लगभग 8,930 दिनों तक निरंतर जनसेवा की है।

### मेगा वॉकाथॉन का आयोजन

**दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के दक्षिणी जोन ने मंगलवार को 'डस्ट फ्री दिल्ली' अभियान को मजबूत करने के उद्देश्य से एक मेगा वॉकाथॉन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 500 से अधिक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह पहल पर्यावरण संरक्षण और शहर की वायु गुणवत्ता सुधार के प्रति लोगों की बढ़ती भागीदारी को दर्शाती है। इस वॉकाथॉन का नेतृत्व एमसीडी आयुक्त संजीव खिरवार ने किया।

### हर व्यक्ति के स्वस्थ जीवनशैली के लिए खेल अनिवार्य हैं: प्रो. योगेश सिंह



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान , दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा "भारतीय दृष्टि से खेल सृष्टिः योग, शारीरिक गतिविधि एवं वेलनेस के माध्यम से विकसित भारत का निर्माण" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन संस्थान परिसर, बी-ब्लॉक, विकासपुरी, नई दिल्ली में किया गया। इस सम्मेलन का आयोजन क्रीड़ा भारती, दिल्ली के सहयोग से किया गया।सम्मेलन में देशभर से शिक्षाविदों, शोधार्थियों, खेल विशेषज्ञों एवं विद्यार्थियों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। 600 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया, जबकि 100 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए, जो इस सम्मेलन की अकादमिक समृद्धि और व्यापक प्रभाव को दर्शाता है। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं भानु सचदेवा, अर्जुन पुरस्कार विजेता एवं अध्यक्ष, क्रीड़ा भारती, दिल्ली विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। देश के विभिन्न संस्थानों एवं संगठनों से अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। अपने संबोधन में प्रो. योगेश सिंह ने आयोजन समिति एवं अध्यक्ष की सराहना करते हुए कहा कि खेल केवल करियर के लिए ही नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति के स्वस्थ जीवनशैली के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विभिन्न तथ्यों के माध्यम से खेलों के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर प्रो. योगेश सिंह ने संस्थान में कुछ समय खेल गतिविधियों में भाग लेकर अपने छात्र जीवन की स्मृतियों को भी ताजा किया। भानु सचदेवा ने भी अपने विचार रखते हुए क्रीड़ा भारती की भूमिका को रेखांकित किया और खेलों को जन-आंदोलन बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। अंत में, संस्थान के प्राचार्य प्रो. संदीप तिवारी ने सभी अतिथियों का प्रतिभागियों एवं आयोजन समिति को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया।

### डीटीसी ने बस नेटवर्क रूट रेशनलाइजेशन स्टडी को दी मंजूरी, टीआरआईपी सेंटर करेगा अध्ययन

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने दिल्ली बस नेटवर्क के लिए एक व्यापक रूट रेशनलाइजेशन स्टडी को मंजूरी दी है। यह अध्ययन आईआईटी दिल्ली के टीआरआईपी सेंटर की ओर से किया जाएगा, जिसमें बूस्टन कंसल्टेंसी ग्रुप (बीसीजी) और जापान इंटरनेशनल कॉरपोरेशन एजेंसी (जेआईसीए) का सहयोग रहेगा। डीटीसी ने यह कदम राजधानी में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, सुगम व यात्री-अनुकूल बनाने की दिशा में उठाया है। इस बारे में डीटीसी के डिप्टी सीजीएम (पीआर) अमन देव छिकारा ने कहा कि इस परियोजना के तहत दिल्ली में बसों के रूट का वैज्ञानिक तरीके से पुनर्निर्धारण किया जाएगा। अध्ययन की अवधि मार्च 2026 से फरवरी 2027 यानी कुल 12 महीने होगी। अध्ययन में मौजूदा बस नेटवर्क का विश्लेषण कर यात्रियों की जरूरत, ट्रैफिक पैटर्न और कनेक्टिविटी के आधार पर नए रूट व सेवा संरचना तैयार होगी। इसमें सबसे पहले पूर्वी दिल्ली में रूट निर्धारण का काम पहले ही पूरा किया जा चुका है। जबकि राजधानी के अन्य हिस्सों में यह प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि कुल 14 हजार बसों के नेटवर्क पर इसका असर रहेगा। यह पहल वर्तमान में चल रही लगभग 7,000 बसों के बेहतर उपयोग के साथ-साथ चरणबद्ध तरीके से जोड़ी जा रही और 7,000 नई बसों को भी इस योजना में शामिल करेगा।

## रोडरेज में परिवार पर हमला, कार में तोड़फोड़ पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियों को पकड़ा

नई दिल्ली। दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के संगम विहार में फरीदाबाद के एक परिवार पर हमला और उनकी कार को क्षतिग्रस्त करने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक लड़की भी शामिल है। सोमवार को इस घटना को उस समय अंजाम दिया गया था जब रामपाल और उनके परिवार के सदस्य एक कार से कलकाजी जा रहे थे। लेकिन सड़क की मरम्मत के कारण वे संगम विहार के जी-ब्लॉक की ओर मुड़ गए। परिवार की किसी बात को लेकर एक मोटरसाइकिल सवार से कहासुनी हो गई और इस दौरान बाइक सवार और उसके पांच से छह साथियों ने कथित रूप से कार सवारों पर हमला कर दिया और वाहन को क्षतिग्रस्त करना शुरू कर दिया। डीसीपी अनिल मित्तल ने बताया कि इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया। उसमें एक समूह को एक व्यक्ति को कार से बाहर खींचकर उसकी पिटाई करते हुए देखा जा सकता है, जबकि महिला सवार कार के अंदर बैठी रहती हैं। वीडियो में हमलावरों को लाठियों और छड़ से कार पर वार करते हुए भी देखा जा सकता है, जबकि कुछ स्थानीय लोग बीच-बचाव की कोशिश करते हैं। एक युवक बोनट पर चढ़ जाता है और अपने पैर से विंडशील्ड तोड़ने की कोशिश करता है। पुलिस ने कहा कि इस घटना में रामपाल समेत दो लोगों को मामूली चोटें आई। घायलों का मेडिकल करवाया गया और बाद में उन्हें छुट्टी दे दी गई। संगम विहार थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने केस में शामिल सभी आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। इनके नाम गौरव, कंचन, टीटू, बनवारी लाल, जीतू, सचिन बताये गये हैं। मामले में आगे की जांच जारी है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 69-SRDEE-G-DLI-2025-26 एसएसई/पीएस/जीजेडबी के अधिकार क्षेत्र में रेलवे कर्वटरों की रीवायरिंग से संबंधित विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु.5551659.00/– |
| कार्यालय का पता | वरि. मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रु. 111100.00/– |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 15.04.2026, 16:00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 15.04.2026 16:00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली |

986/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बाकीदार फर्म मैं० साई प्रसाद लि० (न्यूज एक्सप्रेस चौनल) पता एच–66 सैक्टर–63 नोएडा गौतमबुद्धनगर पर श्रम देय की लम्बित धनराशि अंकन– 11873128/– + ब्याज की धनराशि अदा न करने के कारण फर्म की निम्नलिखित अचल सम्पत्तियॉ कुर्क की गयीं। इस सम्बन्ध में उपनिबन्धक नोएडा द्वितीय से कुर्क की गयी सम्पत्ति का न्यूनतम आधार मूल्य नीलामी हेतु निर्धारित कराया गया। उपनिबन्धक द्वितीय नोएडा द्वारा नीलामी हेतु न्यूनतम आधार मूल्य अपने पत्र संख्या – 88/स०र० – द्वितीय/नोएडा दिनांक 18.02.2026 द्वारा उपलब्ध कराया गया है। कुर्क की गयी सम्पत्ति की नीलामी दिनांक 10.04.2026 को पूर्वान्ह 11 बजे तहसील दादरी के सभा कक्ष में की जायेगी, जिसका विवरण निम्नवत् है:–

| क्र० | बाकीदार फर्म का नाम | सम्पत्ति का पता | रकबा (वर्गमी०) | न्यूनतम आधार मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मैं० साई प्रसाद लि० (न्यूज एक्सप्रेस चौनल) | एच–66 सैक्टर–63 नोएडा | 32310 | 49809400 |

व्यतिक्रमी की कुर्क की सम्पत्तियों की नीलामी कराने हेतु नायब तहसीलदार नीलामी अधिकारी को नामित किया जाता है तथा निर्देशित किया जाता है कि उ०प्र० राजस्व संहिता–2006 नियमावली–2016 के नियम 161 व 163 में दी गयी निम्नलिखित शर्तो के अधीन नीलामी करायेंगे–

1. नीलामी में सर्वोच्च बोलीदाता को विधिक रूप से सक्षम होने की दशा में भूमि/अन्य अचल सम्पत्तियों का क्रेता घोषित किया जायेगा।
2. प्रश्नगत क्रेता को तत्काल बोली धनराशि का 25 प्रतिशत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना होगा। असफल रहने की दशा में भूमि/अन्य अचल सम्पत्ति की तत्काल पुनः बिक्री की जायेगी।
3. शेष धनराशि की अदायगी क्रेता द्वारा नीलामी की तिथि से पन्द्रहवे दिन या उससे पूर्व उ0प्र0 संहिता–2006, की धारा–190 में यथा वर्णित विधि के अनुसार की जायेगी।
4. यदि–अवशेष धनराशि जमा नही की जाती है, तब ऊपर वर्णित प्रस्तर–2 के अनुसार जमा की गयी धनराशि राज्य सरकार द्वारा जब्त कर ली जायेगी।
5. वर्णित अवशेष धनराशि का भुगतान नीलामी द्वारा विक्रय के पूर्व कर दिये जाने की दशा में विक्रय की कार्यवाही नही की जायेगी।
6. विक्रय की पुष्टि प्रश्नगत संहिता की धारा–194 से शासित होगा।
7. कुर्कशुदा सम्पत्ति की नीलामी जैसी है जहॉ है ;) पैंमितम पेद्ध की नीति पर की जायेगी।
8. नीलाम सम्पत्ति पर सम्बन्धित प्राधिकरण की समस्त नियम लागू होंगे तथा प्राधिकरण के नियमानुसार समस्त देय जमा करने का उत्तरदायित्व केता का होगा।
9. नीलाम की गयी सम्पत्ति का यदि कोई सरकारी देय होगा तो उसका भुगतान करने का उत्तरदायित्व क्रेता का होगा।
10. सफलतापूर्वक नीलामी होने के उपरान्त नीलामी से प्राप्त धनराशि का भुगतान सहायक श्रमायुक्त नोएडा के विरूद्ध निर्गत वसूली प्रमाण पत्रों के सापेक्ष नियमानुसार किया जायेगा।
11. नीलामी का अन्तिम अधिकार उपजिलाधिकारी दादरी में निहित होगा।
12. अधिक जानकारी के लिए नीलामी अधिकारी मो0–6398577543 अथवा किसी भी कार्य दिवस में तहसील दादरी स्थित कमरा नं० – 20 प्रथम तल से सम्पर्क कर सकते है।

हस्ताक्षर
उपजिलाधिकारी, दादरी, गौतमबुद्धनगर

कार्यालय उपजिलाधिकारी दादरी,गौतमबुद्धनगर
पत्रांकः– 4030/वा०वा०न० –प्रेस विज्ञप्ति/2025 दिनांकः 18.03.2026

प्रतिलिपिः–
1. जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर को अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौतमबुद्धनगर को सूचनार्थ प्रेषित।
3. जिला सूचना अधिकारी, गौतमबुद्धनगर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति दैनिक समाचार पत्रों में सशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

हस्ताक्षर
उपजिलाधिकारी,
दादरी,गौतमबुद्धनगर



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेण्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु ऑनलाइन इन ई–टेण्डरिंग के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का पूर्ण विवरण नियम एवं शर्ते भारतीय रेल की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। **क्र. सं. 1, ई निविदा सं.** : 50265281, **निविदा खुलने की तिथि** : 27.04.26, **सामग्री का विवरण** : सप्लाई, इन्स्टालेशन, फिटमेन्ट, टेस्टिंग एण्ड कमिशनिंग ऑफ एडिशनल वाटर फिलिंग अरेन्जमेंट।, **मांगी गयी मात्राः** 300 अदद, **बयाना राशि** : 111780.00

**वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक/ वाराणसी**
मुजाधि/एस– 96

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 66 केवी सब स्टेशन महरौली रोड, गुरूग्राम में आवासीय कॉलोनी और कार्यालयों के रोड की मरम्मत और मजबूतीकरण (ऑनलाइन निविदा आईडी 2026_HBC_509882_1)– नये पोर्टल का संदर्भ आईडी–2026FF1DC742 67FA 47B1 A37F 74B854FA74CD987HVP. | 20.03.2026 02.04.2026 | रु. 11,20,013/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | एक्सईएन/टीएस डिवीजन एचवीपीएनएल, रोहतक के अधिकार–क्षेत्र के तहत वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु (01.04.2026 से 31.03.2027 तक) 220 केवी सब स्टेशन नूना माजरा में स्थित आवासीय और गैर–आवासीय भवन, सीवरेज सिस्टम का रखरखाव, सैनीटेशन, स्वीपिंग, स्वैबिंग, क्लीनिंग, बागवानी और वृक्षसंवर्धन की गतिविधियों की आउटसोर्सिंग का प्रावधान। | 20.03.2026 27.03.2026 | रु. 8,85,600/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 3 | एचवीपीएनएल | 132 केवी सब स्टेशन कोसली में चारदिवारी का निर्माण। | 20.03.2026 02.04.2026 | रु. 1,26,58,124/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in संवाद–13/2026/80/44143/I/88/7 दि. 24.03.26



**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज करनाल | गांव कैरवाली में तालाब पर पाथवे का निर्माण। तालाब आईडी [01HRKNLGRD0001KAIR026] + 3 कार्य। | 21.03.2026 31.03.2026 | 26.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 2 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग रोहतक | गांव सिमली, ब्लॉक व जिला रोहतक में वाटरलॉग्ड और सैलाइन सोइल के रिक्लेमेशन हेतु वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलॉजी प्रोजैक्ट। | 21.03.2026 31.03.2026 | 1,22,46,480/- | https://etenders.hry.nic.in | 9466723261 asco.rtk2015@gmail.com |
| 3 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग रोहतक | गांव कलानौर कलां ब्लॉक कलानौर, जिला रोहतक, हरियाणा में वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलॉजी के माध्यम से वाटरलॉग्ड और सैलाइन सोइल का रिक्लेमेशन। | 21.03.2026 31.03.2026 | 1,78,47,450/- | https://etenders.hry.nic.in | 9466723261 asco.rtk2015@gmail.com |
| 4 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग रोहतक | गांव मुरादपुर टेकना ब्लॉक महम, जिला रोहतक में वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलॉजी प्रोजैक्ट के माध्यम से वाटरलॉग्ड और सैलाइन सोइल का रिक्लेमेशन। | 17.03.2026 26.03.2026 | 76,90,324/- | https://etenders.hry.nic.in | 9466723261 asco.rtk2015@gmail.com |
| 5 | सिंचाई रोहतक | बाबाकालीदास हस्पताल, गढ़ी सांपला, रोहतक के साथ–साथ गुजरने वाली दुल्हेड़ा डिस्टी. के किनारे पर चेन फेंसिंग स्थापना के लिए आकलन। | बंद होने की तिथि 03.04.2026 | 2.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9464040970 xensampla@gmail.com |
| 6 | लोनिवि (भ व प) शाखा, गुरूग्राम | 3 अदद स्थलों वर्ष 2026–27 हेतु (12 माह) जिला पलवल (2216) में 3 अदद स्थलों के लैंडस्केपिंग कार्य का वार्षिक रखरखाव, 1. ज्यूडीशियल ऑफिसर'एस कॉलोनी पलवल में पार्क, 2. एसडीई लोनिवि भ व प कॉलोनी होडल में पार्क, 3. राजस्व कॉलोनी और ज्यूडीशियल कॉलोनी होडल और 15 अन्य कार्य। | 21.03.2026 30.03.2026 | 166 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9717214202 zilesinghhort@gmail.com |
| 7 | लोनिवि (भ व प) शाखा, जीन्द | जीन्द जिले में जीन्द में पुराना कोर्ट परिसर की विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 26.03.2026 | 60.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 8 | लोनिवि (भ व प) शाखा, गुरूग्राम | गुरूग्राम में न्यू ज्यूडीशियल कॉम्पलैक्स 'टावर ऑफ जस्टिस' में आम जन के बैठने के लिए सोलिड टीक वुड बैंचेज, फर्नीचर वस्तुएं, स्टोरेज सिस्टम्स, मैकेनिकल कॉम्पैक्टर की आपूर्ति, स्थापना और रखरखाव। | बंद होने की तिथि 03.04.2026 | 15,99,99,100/- | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 9 | सिंचाई चरखी दादरी | महेन्द्रगढ़ कैनाल के कि.मी. 4.905/आर पर आउटफॉलिंग गांव गोरिया जिला झज्जर और गांव लिलोध, जिला रेवाड़ी के खेतों से पानी निकालने के लिए प्रेशराइज्ड पाइप लाइन बिछाना + 13 कार्य। | 20.03.2026 02.04.2026 | 8,70,37,329/- | https://etenders.hry.nic.in | 8059375563 xenmgcckd11@gmail.com |
| 10 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव चरखी (झम्मन पाना) में सामान्य चौपाल का निर्माण + 5 कार्य। | 16.03.2026 24.03.2026 | 1,05,17,144/- | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | जल सेवाएं यांत्रिकी मंडल फरीदाबाद के लिए 30 एचपी मोटर और स्टार्टर पैनल इत्यादि के साथ–साथ 5 अदद 5 सीएस. वीटी पम्पस की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | 20.03.2026 03.04.2026 | RS.70,00,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2582542 xenproc@gmail.com |
| 12 | कार्यकारी अभियंता जिला परिषद भिवानी | तोशाम, लोहारू, बवानी खेड़ा और भिवानी निर्वाचन क्षेत्र, जिला भिवानी में विभिन्न सम्पर्क सड़क ग्रुप–1 की वार्षिक मरम्मत और अन्य 9 कार्य। | 20.03.2026 01.04.2026 | 193.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01664-243929 zpbhw@hry.nic.in |
| 13 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | जोगी माजरा – गांव जोगी मजारा, ब्लॉक लाडवा, जिला कुरुक्षेत्र में श्री संतोष कुमार पुत्र श्री पूर्ण सिंह के नलकूप से श्री राजेश कुमार पुत्र श्री रणजीत सिंह सैनी के फार्म तक आईएलपीबी पाथवे (रास्ता) का निर्माण। | 20.03.2026 26.03.2026 | 32.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 14 | लोनिवि (भ व प) हिसार | चरखी दादरी में गांव समसपुर में स्टेडियम का निर्माण (डिजिटल स्कोर बोर्ड/इंफॉर्मेशन डिस्प्ले सिस्टम/पीए सिस्टम का प्रावधान)। | 20.03.2026 30.03.2026 | 1,46,45,592/- | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 15 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | राई/जनरल चौपाल हॉल को पूरा करना + 7 अन्य कार्य। | 20.03.2026 26.03.2026 | 26.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 16 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हिसार | 3 माह के ट्रायल रन के पश्चात सभी प्रकार से पूर्ण 6 वर्षीय त्रुटि जिम्मेवारी–सह– प्रचालन एवं रखरखाव अवधि समेत राइजिंग मेन्स और इंटरमीडिएट पम्पिंग स्टेशनों (आईपीएस) के साथ–साथ 25 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के डिजाइन, निर्माण, स्थापना, परीक्षण और प्रचालन सहित उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य + 10 कार्य। | बंद होने की तिथि 13.04.2026 | 85,96,78,418/- | https://etenders.hry.nic.in | 01662-247033 eephisar@gmail.com |
| 17 | सिंचाई रोहतक | गांव रूड़की ब्लॉक रोहतक जिला रोहतक में ग्रामीण तालाब 'कुण्ड तालाब' का पुनरोद्धार, यूनिक आईडी–01HRRTKRTK0RURK071 + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 01.04.2026 | 2,48,09,295/- | https://etenders.hry.nic.in | 9034106126 xenconst21@gmail.com |
| 18 | लोनिवि (भ व प) शाखा, गुरूग्राम | सिरसा जिले में 5 अदद ओडीआर रोड के सी/वी में पौधारोपण कार्य का वार्षिक रखरखाव अर्थात 1. दिल्ली पुल रोड से छत्तरगढ़ पट्टी रोड तक (कि.मी. 0.00 से 5.28), 2. सिटी पोर्शन सिरसा में बस स्टैंड से जेल रोड (कि.मी. 5), 3. सिटी पोर्शन सिरसा में परसुराम चौक से बाल भवन रोड (कि.मी. 1.80), 4. 4–लेन रोड के आंतरिक शहरी भाग पुराना एनएच–10 दिल्ली ब्रिज हिसार रोड से एनएच बाईपास तक (जल टैंकर को भरना केवल) और 5. सिटी पोर्शन सिरसा में सांगवान चौक से सब्जी मण्डी रोड तक (कि.मी. 0.00 से 2.50 कि.मी. तक) (जल टेंकर को भरना केवल) वर्ष 2026–27 हेतु (1 वर्ष के लिए 01.04.2026 से 31.03.2027 तक पौधारोपण कार्य का रखरखाव, श्रम कार्य केवल और 7000 लीटर क्षमता सरकारी जल टैंकर में जल को भरना) + 7 अन्य कार्य। | 20.03.2026 30.03.2026 | 117 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9717214202 zilesinghhort@gmail.com |
| 19 | स्वास्थ्य सिविल सर्जन चरखी दादरी | चरखी दादरी जिला के लिए औषधियां, दंत सामग्री, कंज्यूमेबल्स, लैब मदें, ऑर्थो इम्प्लांट्स और अन्य मदों इत्यादि की खरीद के लिए ई–निविदा। | 20.03.2026 06.04.2026 | ईएमडी 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9671646540 csstoredadri@gmail.com |
| 20 | लोनिवि भ व प शाखा करनाल | इन्द्री निर्वाचन क्षेत्र, करनाल जिले में नेवल घीर गढ़ी बीरबल रोड (रोड आईडी 7170) (ओडीआर) लम्बाई कि.मी. 32.210 पर सीसी ब्लॉक और 50 मिमी डीबीएम जमा 30 मिमी बीसी सहित मजबूतीकरण। | 02.03.2026 03.06.2026 | 1445.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच–11/2026/400/44150/I/88/7 दि. 24.03.26



# बजटः महिलाओं को ई-ऑटो का तो बच्चों को साइकिल और लैपटॉप का तोहफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को विधानसभा में 'ग्रीन बजट' पेश करते हुए महिलाओं और छात्रों को विशेष तोहफे की घोषणा की है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने बजट भाषण में प्रदूषण पर प्रहार करते हुए कई योजनाओं के प्रावधान के साथ दुर्गा योजना के तहत 1 हजार महिलाओं और 100 ट्रांसजेंडर्स को ई-ऑटो परमिट जारी करने की घोषणा की है। वहीं मुख्यमंत्री ने कहा कि कक्षा 9वीं में पढ़ने वाली लगभग 1 लाख 30 हजार छात्राओं को निःशुल्क साइकिल प्रदान की जाएगी ताकि उनका स्कूल तक पहुंचना आसान हो सके।

इसके लिए 90 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं मुख्यमंत्री ने कहा कि 10वीं कक्षा के मेधावी छात्रों को लैपटॉप दिए जाएंगे, जिसके लिए 10 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को 2026-27 के बजट को हरित बजट बताते हुए सतत विकास और स्वच्छ पर्यावरण के लिए सरकार के प्रयासों पर प्रकाश डाला। इस पहल के लिए पूरे बजट का 21 प्रतिशत आवंटित किया गया है। बजट के अनुसार, कुल परिव्यय का 21.44 प्रतिशत यानी 22 हजार 236 करोड़ रुपये हरित विकास पहल के लिए आवंटित किए गए हैं। पर्यावरण और वन क्षेत्रों के लिए 822 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो पिछले वित्त वर्ष के 505 करोड़ रुपये से 62.7 प्रतिशत अधिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार शहरी वनों, पार्कों और हरित क्षेत्रों के विकास के माध्यम से राजधानी का 'हरित दिल्ली' का दर्जा बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम दिल्ली पार्क एंड गार्डन सोसायटी के लिए अलग से 25 करोड़ रुपये आवंटित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले चार साल में दिल्ली में पीपल, आम और नीम जैसे 35 लाख स्वदेशी पौधे लगाए जाएंगे और नए वन क्षेत्रों का भी विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वन विकास के लिए 130 करोड़ रुपये और वन्यजीव संरक्षण के लिए 44 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। गुप्ता ने कहा कि सरकार 'प्रदूषण नियंत्रण और आपातकालीन उपायों' के लिए 300 करोड़ रुपये की योजना शुरू कर रही है, जिसमें यांत्रिक स्वीपर, एंटी-स्मॉग गन और वॉटर स्प्रिंकलर शामिल होंगे। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को प्रदूषण से निपटने के लिए विशेष रूप से 204 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। निगरानी प्रणालियों (एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र-आईसीसीसी), युद्धकक्ष संचालन, मोबाइल ऐप और वास्तविक समय में ट्रैकिंग के लिए अतिरिक्त दो करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अपशिष्ट प्रसंस्करण क्षमता को वर्तमान 7 हजार टन से बढ़ाकर 15 हजार टन प्रतिदिन करने के लिए काम कर रही है। सीएम ने कहा कि हमने पुराने कूड़े के पहाड़ को कम करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है, गाजीपुर में 16 प्रतिशत, भलस्वा में 54 प्रतिशत और ओखला में 68 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने कहा कि ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) तंत्र को मजबूत करने के साथ-साथ हम ई-कचरा प्रबंधन के लिए सुनियोजित योजना भी शुरू कर रहे हैं।

## हवा में झूलती बिजली की तारों को भूमिगत करने के लिए 200 करोड़ रुपये

दिल्ली सरकार के मंगलवार को पेश वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में बिजली विभाग के लिए 3,942 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसमें बिजली सब्सिडी के लिए 3,500 करोड़ रुपये और हवा में झूलती बिजली की तारों को भूमिगत करने (जमीन के नीचे बिछाने) के लिए 200 करोड़ रुपये का प्रावधान शामिल है। बजट में ऊर्जा की बचत एवं संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 'दिल्ली ऊर्जा संरक्षण कोष' बनाने का भी प्रस्ताव दिया गया है। मुख्यमंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि बिजली विभाग के लिए आवंटित 3 हजार 942 करोड़ रुपये से न केवल बिजली सब्सिडी जारी रहेगी, बल्कि हम 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' और सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने वाली प्रोत्साहन योजनाओं के जरिये दिल्ली को ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाएंगे। सरकार ने उच्च वोल्टेज (हाई-टेंशन) और कम वोल्टेज (लो-टेंशन) वाली बिजली की तारों को भूमिगत करने के लिए बजट को दोगुना कर दिया है। वित्त वर्ष 2025-26 में इसके लिए 100 करोड़ रुपये रखे गए थे जिसे 2026-27 के बजट में बढ़ाकर 200 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

## एमसीडी को 11 हजार 266 करोड़ आवंटित

विकसित दिल्ली- हरित दिल्ली के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस वर्ष एमसीडी के लिए 11 हजार 266 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जो पिछले वर्षों की तुलना में कहीं अधिक है। इसके साथ ही बजट में एनडीएमसी और दिल्ली कैंटोमेंट बोर्ड के लिए कुल 146 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता का प्रस्ताव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित दिल्ली - हरित दिल्ली के संकल्प को तीन इंजनों की तीन गुना गति प्राप्त होगी।

## पीडब्ल्यूडी को 5 हजार 921 करोड़ रुपए

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने बजट भाषण में कहा कि दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर के समग्र विकास के लिए, जीवन की समग्र गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में पीडब्ल्यूडी विभाग के लिए 5 हजार 921 करोड़ रुपये और शहरी विकास और आवास विभाग के लिए 7 हजार 887 करोड़ रुपये के बजट का प्रस्ताव रखा है। वहीं वर्ष 2026-27 में यमुनापार क्षेत्र के समुचित विकास के लिए ट्रांस यमुना विकास बोर्ड को 300 करोड़ रुपए के आवंटन का प्रस्ताव है। वहीं अनधिकृत कॉलिनयों के विकास के लिए 800 करोड़ रुपए आवंटन का प्रस्ताव बजट में रखा गया है।

## सड़कों के लिए 1392 करोड़ रुपए का प्रावधान

मुख्यमंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि पीडब्ल्यूडी की 1400 किलोमीटर सड़कों में से 400 किलोमीटर सड़कों का पुनर्विकास वर्ष 2025-26 में किया गया। वर्ष 2026-27 में 750 किलोमीटर सड़कों के निर्माण एवं पुनर्विकास 1392 करोड़ का प्रस्ताव बजट में रखा गया है। वहीं एमसीडी की सड़कों के लिए विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लगभग 1 हजार करोड़ रुपए प्रस्तावित है। वहीं नोटिफाइड तथा नॉन कंफर्मिंग इंडस्ट्रियल एरिया की सड़कों और ड्रेनेज के निर्माण हेतु 160 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तावित है।

## गांवों के विकास के लिए 787 करोड़ रुपए

मुख्यमंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि दिल्ली केवल मेट्रो शहर नहीं, इसकी आत्मा गावों से भी जीवित है। दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड के लिए 787 करोड़ रुपए के आवंटन के प्रस्ताव के साथ हम दिल्ली के ग्रामीण अंचलों को विकास की मुख्यधारा में ला रहे हैं। हम दिल्ली को केवल ऊपर नहीं, भीतर से भी मजबूत बना रहे हैं, क्योंकि जड़ों से जुड़ा विकास ही स्थायी होता है। इनके अतिरिक्त दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर के समग्र विकास के लिए विकास विभाग को भी 959 करोड़ रुपये आवंटन का प्रस्ताव है। इसके साथ ही 25 करोड़ रुपये की लागत से नए फुट ओवर ब्रिज बनाने का भी कार्य शुरू किया जायेगा।

## शिक्षा के लिए 19 हजार 148 करोड़ का बजट प्रस्तावित

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने बजट भाषण में कहा कि हम शिक्षा के लिए 19 हजार 148 करोड़ का बजट प्रस्तावित कर रहे हैं। यह व्यय नहीं, यह निवेश है, हर छात्र, हर शिक्षक, और हर सपने में निवेश। सीएम ने कहा कि नए विद्यालय भवनों के निर्माण के लिए 200 करोड़ और विद्यालयों के विस्तार के लिए 275 करोड़ रुपए आवंटित किया जा रहा है।

## स्वास्थ्य विभाग के लिए 12 हजार 645 करोड़ रुपए आवंटित करने का प्रस्ताव

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने बजट भाषण में कहा कि हमारी सरकार 12 हजार 645 करोड़ स्वास्थ्य विभाग के लिए आवंटित कर रही है। उन्होंने कहा कि मादीपुर, सिरसपुर, हस्तसाल और ज्वालापुरी में 515 करोड़ के निवेश से अस्पताल परियोजनाएँ पूर्ण होंगी, जबकि राव तुला राम मेमोरियल अस्पताल, बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल, लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में एसएएससीआई योजना के तहत इंफ्रास्ट्रक्चार सुदृढ़ होगा। साथ ही, अधूरे पड़े हुए लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल एवं सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पतालों का भी निर्माण कार्य भी पूरा किया जायेगा। सीएम ने कहा कि आईसीयू अस्पतालों के निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए भी 150 करोड़ रुपए का प्रावधान भी किया है। अस्पतालों में मशीनरी और मेडिकल उपकरण, और दवाइयों की ख़रीद के लिए हमने 787 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। सीएम ने कहा कि आशा 9वर्कर्स, आंगनवाड़ी कर्मी, विधवा और दिव्यांग पेंशनधारियों को शामिल कर इसका दायरा 7.5 लाख लाभार्थियों तक विस्तारित कर दिया गया है। अब इसमें किन्नर समाज को भी जोड़ा जाएगा। इस योजना के लिए लिए 202 करोड़ के प्रावधान का प्रस्ताव किया गया है।

## बजट में फ्लाईओवरों और फुटओवर ब्रिज बनाने पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2016 में बारापुला कॉरिडोर का कार्य प्रारम्भ हुआ था जो आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार के कारण अटका हुआ था। हमारी सरकार इसे जून 2026 तक पूर्ण करेगी। इस कार्य को पूर्ण करने के लिए इस वर्ष के बजट में 210 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं कालकाजी तक मोदी मिल फ्लाईओवरके विस्तार औरसावित्री सिनेमा तिराहे पर नए फ्लाईओवरकी परियोजना को मंजूरी दे दी गयी है। इसकी लागत 371 करोड़ है। इस काम के लिए 150 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त, मंगल पांडे मार्ग स्थित गगन सिनेमा पर अंडरपास के निर्माण हेतु 99.37 करोड़ की कुल लागत वाली परियोजना को भी स्वीकृति दी जा रही है। वहीं 453.95 करोड़ की लागत से नजफगढ़ नाले के 54 किलोमीटर लम्बे भाग पर दोनों तरफ सड़क का निर्माण किया जाएगा।

## ऊर्जा विभाग को 3 हजार 942 करोड़ के साथ सब्सिडी जारी रहेगी

मुख्यमंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि हमारी सरकार का संकल्प है कि दिल्ली का कोई घर अंधेरे में न रहे। ऊर्जा विभाग के 3 हजार 942 करोड़ रुपए के बजट के साथ हम न केवल बिजली पर सब्सिडी जारी रखेंगे, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और सौर ऊर्जा के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना द्वारा सौर ऊर्जा को बढ़ावा दे कर दिल्ली को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर ले जायेंगे। दिल्ली में भविष्य की बिजली की खपत के अनुमान ध्यान में रखते हुए, निर्बाध आपूर्ति के लिए नए सब स्टेशन एवं ट्रांसफार्मर की स्थापना का कार्य भी निरंतर चल रहा है।

## दिल्ली जल बोर्ड के लिए 9 हजार करोड़ का बजट आवंटित

दिल्ली जल बोर्ड के लिए 9 हजार करोड़ का बजट आवंटित किया गया है। जल और सीवेज इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ कर, सेवा वितरण को बेहतर बनाकर, हम नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर करने की लगातार कोशिश कर रहे हैं। रजोकरी, बिजवासन, सिरसपुर और पल्ला में नए भूमिगत जलाशयों का संचालन, और द्वारका में 50 एमजीडी जल शोधन संयंत्र का तीव्र गति से निर्माण दिल्ली के लिए अमृत धाराएं साबित होंगी। 12.7 किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइन और 172 किलोमीटर वितरण पाइपलाइन का विस्तार, जल आपूर्ति में 10 एमजीडी की वृद्धि, और आगे 36 एमजीडी अतिरिक्त जल के लक्ष्य, ये सब मिलकर दिल्ली के जल-संतुलन को सुदृढ़ करेंगे। नॉन रेवेन्यू जल को 45 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत करना और हर घर नल से जल की दिशा में बढ़ना यह हमारी दूरदृष्टि है।

## कक्षा नौ में पढ़ने वाली छात्राओं को निःशुल्क साइकिल



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ रही दिल्ली की बेटियों के लिए कई बार परिवहन बड़ी समस्या बन जाता है। कई बार इसके कारण ड्रॉप आउट भी होता है। परंतु अब पहली बार दिल्ली सरकार कक्षा 9वीं में पढ़ने वाली लगभग 1 लाख 30 हज़ार छात्राओं को निःशुल्क साइकिल देगी, जो उनका स्कूल पहुंचना आसान बनाएगा। इसके लिए 90 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है। अब बेटियां रुकेंगी नहीं, क्योंकि यह सरकार उन्हें पंख दे रही है, सिर्फ रास्ते नहीं। इसके अलावा 10वीं पास मेरिट में आने वाले छात्रों को मुफ्त में लैपटॉप दिया जाएगा। जिसके लिए 10 करोड़ रुपए का आवंटन किया जा रहा है। वहीं वर्ष 2026-27 में 8,777 स्मार्ट कक्षाएं स्थापित करने का लक्ष्य है और आने वाले समय में 21,000 स्मार्ट कक्षाओं तक विस्तार किया जाएगा। इसके लिए 150 करोड़ का निवेश किया जाएगा। इसके अलावा, स्पोर्ट हॉस्टल, खेलमैदानों व स्विमिंग पूलों के लिए 50 करोड़ रुपए आवंटित किया जा रहा है, जिससे शिक्षा को आधुनिकता और स्वास्थ्य से जोड़ा जा सके।

## अग्निशमन विभाग का बजट 530 से बढ़ा कर 674 करोड़ करने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने बजट भाषण में कहा कि दिल्ली में प्रतिवर्ष अनेक आगजनी की दुर्घटनाएं देखने में आती हैं जिनसे पूरे परिवार पर विपत्ति का पहाड़ टूट पड़ता है। दिल्ली की संकरी गलियों, संकरी झुग्गी बस्तियों और अनधिकृत कॉलोनियों में आग लगने की स्थिति में आग पर काबू पाना अत्यंत कठिन होता है। दिल्ली को सुरक्षित शहर बनाने के लिए फायर सर्विस के इंफ्रास्ट्रक्चर और मशीनरी को अपडेट किया जाना अत्यंत आवश्यक है। वर्ष 2025-26 में इस दिशा में हमने ईमानदार प्रयास किए। 24 क्विक रिस्पांस मशीन और अत्याधुनिक मशीन फायर सर्विस में जोड़ी गई। वर्ष 2026-27 में फायर विभाग के बजट को 530 करोड़ से बढ़ा कर 674 करोड़ रुपए करने का प्रस्ताव है। इसके अंतर्गत नए फायर सर्विस स्टेशन, 26 क्विक रिस्पांस मशीन, आधुनिक मशीनरी और अत्याधुनिक उपकरण की व्यवस्था की जाएगी, जिससे दिल्ली की जनता की सुरक्षा सुनिश्चित हो।

## दूसरे दिन भी जारी रहा विपक्ष के सदस्यों का प्रदर्शन




**नई दिल्ली।** बजट सत्र के दूसरे दिन भी विपक्ष के सदस्य सदन में नहीं आए और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विपक्ष की गैरमौजूदगी में ही बजट पेश किया। वहीं दूसरी तरफ अपने सदस्यों के निलंबन रद्द करने की मांग को लेकर विपक्ष के सदस्यों ने विधानसभा के बाहर मंगलवार को दूसरे दिन भी प्रदर्शन किया। 'आप' के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज के नेतृत्व में दिल्ली विधानसभा के बाहर हुए प्रदर्शन में विधायक और नेताओं के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। 'बजट एक लाख करोड़, फायर बिग्रेड के पास सीढ़ी एक भी नहीं' लिखा बैनर लेकर कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा की बेशर्मी देखिए कि जिस परिवार के नौ लोग जल के मर गए हों, निकम्मी सरकार उन्हीं को दोषी बता रही है। जबकि फायर ब्रिगेड की सीढ़ियां तक नहीं खुलीं और स्थानीय लोगों को भी परिवार को बचानी चाहिए तो उन्हें रोक दिया गया। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि भाजपा दिल्ली वालों को धोखा दे रही है और उनके साथ फर्जीवाड़ा कर रही है।

## ट्रिपल इंजन सरकार के दोनों बजट साबित हुए धोखा : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के वर्ष 2026-27 के बजट पर बोलते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा ट्रिपल इंजन सरकार के दोनों बजट ट्रिपल धोखा साबित हुए है, दिल्ली से विश्वासघात किया गया है। यह ग्रीन बजट के नाम पर काली करतूत, पर्यावरण के नाम पर छलावा से ज्यादा कुछ नहीं है। उन्होंने । क्योंकि बजट में यमुना सफाई, कूड़े के पहाड़ हटाने, स्वच्छ जल मुहैया कराने को लेकर कोई स्पष्ट नीति ही निर्धारित नहीं की गई है। यादव ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 1,03,700 करोड़ रुपये का बजट अनुमान पेश किया गया है। जिसमें 16 हजार 700 करोड़ रुपये कर्ज के माध्यम से जुटाने की योजना है।

## बजट से कुछ घंटे पहले दिल्ली विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** सीएम रेखा गुप्ता की ओर से बजट पेश किए जाने से कुछ घंटे पहले मंगलवार को विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिली। पुलिस ने बताया कि विधानसभा परिसर की घंटो तलाशी के बाद कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। पुलिस ने बताया कि सुबह सात बजकर 28 मिनट पर विधानसभा को बम की धमकी भरा ई-मेल प्राप्त हुआ। इसके बाद सुबह सात बजकर 49 मिनट पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को भी एक ईमेल भेजा गया। बम की धमकी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे सुरक्षा बल ने तलाशी अभियान शुरू किया। डीसीपी राजा बांठिया ने कहा कि तलाशी अभियान में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

लैंगिक संवेदनशीलता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एनसीआरटीसी की पहल

# एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक ने 'निर्भया फंड' के तहत लॉन्च किया 'आकांक्षाओं के पंख' अभियान

इसके तहत नियोजित विभिन्न पहलों को दर्शाया गया। इनमें स्टेशन परिसरों के बाहर सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के लिए सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, स्टेशन के आसपास पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, इमर्जेंसी के लिए 'नमो भारत कनेक्ट' मोबाइल ऐप में एसओएस सुविधा तथा त्वरित सहायता के लिए एक समर्पित महिला सुरक्षा हेल्पलाइन शामिल हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल ने मंगलवार को सराय काले खां नमो भारत स्टेशन पर लैंगिक समानता और संवेदनशीलता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक अभियान आकांक्षाओं के पंख'_ का शुभारंभ किया। यह अभियान भारत सरकार के 'निर्भया फंड' के अंतर्गत चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना, यात्रियों को इस विषय में जागरूक करना तथा नमो भारत में सुरक्षित यात्रा परिवेश सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे विभिन्न प्रयासों की जानकारी देना है। इस अवसर पर निर्भया के माता-पिता, आशा देवी और बद्रीनाथ सिंह, वरिष्ठ महिला पत्रकार और मोटिवेशनल स्पीकर, ऋचा अनिरुद्ध विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। एनसीआरटीसी की निदेशक (वित्त), नमिता मेहरोत्रा और एनसीआरटीसी के वरिष्ठ अधिकारी एवं हितधारक संस्थाओं के प्रतिनिधि भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक ने एक वीडियो के माध्यम से इस अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया गया, जिसमें इसके तहत नियोजित विभिन्न पहलों को दर्शाया गया। इनमें स्टेशन परिसरों के बाहर सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के लिए सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, स्टेशन के आसपास पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, इमर्जेंसी के लिए 'नमो भारत कनेक्ट' मोबाइल ऐप में एसओएस सुविधा तथा त्वरित सहायता के लिए एक समर्पित महिला सुरक्षा हेल्पलाइन शामिल हैं। इस पहल के अंतर्गत फिल्मों, नुक्कड़ नाटकों, कार्यशालाओं और सामुदायिक सहभागिता गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता और लैंगिक संवेदनशीलता को भी बढ़ावा दिया जाएगा, जिसका उद्देश्य एक सुरक्षित, सम्मानजनक और संवेदनशील यात्रा परिवेश को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर बोलते हुए एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक, श्री शलभ गोयल ने कहा, _"प्रत्येक यात्री के लिए एक सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। एनसीआरटीसी में हम यह मानते हैं कि सुरक्षा केवल इंफ्रास्ट्रक्चर तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामूहिक ज़िम्मेदारी है।



## खबर संक्षेप

### अवैध 5 पीजी संचालकों के खिलाफ नोटिस



**फरीदाबाद।** जॉइंट कमिश्नर के आदेशानुसार चावला और पूर्वी चावला कॉलोनी में अवैध रूप से संचालित पीजी के विरुद्ध नगर निगम द्वारा विशेष सर्वे अभियान चलाया गया। करीब 5 इकाइयों का निरीक्षण और उन्हें मौके पर ही नोटिस दिया गया। इस दौरान उपलब्ध मालिकों को मौके पर ही पीआईडी कैटेगरी को सही करवाने के लिए नोटिस थमाया।

### हत्या के मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने डबुआ क्षेत्र में हुई हत्या के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान भविष्य उर्फ पी निवासी रतिराम मार्ग वाल्मिकी मोहल्ला, डबुआ कॉलोनी फरीदाबाद विशाल उर्फ पुलिसिया निवासी डबुआ कॉलोनी फरीदाबाद के रूप में हुई है।

### अवैध हथियार रखने वाले दो आरोपी काबू



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-65 ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 2 को काबू कर उनके कब्जे से 2 देसी कट्टे बरामद किए हैं। 23 मार्च को क्राइम ब्रांच सेक्टर.65 की टीम ने कार्रवाई करते हुए दीपक निवासी सनलाइट कॉलोनी दिल्ली को देसी कट्टा सहित ओल्ड फरीदाबाद से व प्रेम निवासी गांव मवई को देसी कट्टा सहित खेडीपुल एरिया के पास गिरफ्तार किया है।

### अवैध नशा बेचने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा बॉर्डर व एवीटीएस की टीम ने अवैध नशा बेचने बारे अलग-अलग मामलों में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अपराध शाखा बॉर्डर ने कार्रवाही करते हुए ओमप्रकाश व विवेक को 7 किग्रा गांजा सहित हरकेश नगर पल्ला एरिया के पास से गिरफ्तार किया है। जिन्होंने बताया कि बिहार से अवैध नशा लेकर आए थे। वहीं एवीटीएस-2 ने गौरव को 7.33 ग्राम स्मैक सहित काबू किया है।

### पिता ने पत्नी व उसके आशिक को दी मौत



**गाजियाबाद।** लोनी के ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र के बुध बाजार में सोमवार रात में सात बच्चों के पिता ने अपनी पत्नी और उसके प्रेमी नृशंस हत्या कर दी और फरार हो गया। मृतक युवक आरोपी का दोस्त था। जो उसके साथ ही काम करता था। इसी दौरान आरोपी की पत्नी के दोस्त के साथ अवैध संबध हो गए थे। जिससे आरोपी परेशान था। आरोपी बांस-बल्ली बनाने का काम करता है। आरोपी का नाम रशीद है।

देर रात जमकर पत्थरबाजी होने से कॉलोनी में खौफ

# फरीदाबाद में नकाबपोश लड़कों ने एक दूसरे पर बरसाए ईंट-पत्थर

ओल्ड फरीदाबाद थाना क्षेत्र की बसेलवा कॉलोनी में सोमवार देर रात दो पक्षों के बीच जमकर पत्थरबाजी होने से कॉलोनी वासियों में खौफ पैदा हो गया। करीब 10 से 15 मिनट तक दोनों गुटों के नकाबपोश नवयुवक एक-दूसरे पर ईंट- पत्थर बरसाते रहे।



पथराव करने वालों में अधिकांश नाबालिग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

ओल्ड फरीदाबाद थाना क्षेत्र की बसेलवा कॉलोनी में सोमवार देर रात दो पक्षों के बीच जमकर पत्थरबाजी होने से कॉलोनी वासियों में खौफ पैदा हो गया। करीब 10 से 15 मिनट तक दोनों गुटों के नकाबपोश नवयुवक एक-दूसरे पर ईंट- पत्थर बरसाते रहे। गनीमत रही कि इस घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं लगी है।

ओल्ड फरीदाबाद थाना प्रभारी विष्णु मित्र ने बताया कि दोनों घटनाओं में किसी को चोट नहीं लगी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पथराव करने वालों में अधिकांश नाबालिग हैं। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और रात तक दोनों घटनाओं में केस दर्ज कर लिया जाएगा। पुलिस ने क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है, ताकि इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जाए।

### जमकर हुई पत्थरबाजी, दहशत में लोग

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सोमवार देर रात कॉलोनी की गली नंबर-13 में अचानक दो गुटों के युवक आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते एक-दूसरे पर पत्थर फेंकने लगे। शोर-शराबा और पत्थरबाजी के कारण आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। कई लोगों ने अपने घरों के दरवाजे और खिड़कियां बंद कर लीं। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। हालांकि, तब तक पथराव करने वाले युवक मौके से फरार हो चुके थे।

### पहले भी हो चुकी इस तरह की वारदात

स्थानीय लोगों का कहना है कि कॉलोनी में इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। दो-तीन दिन पहले भी दो गुटों के बीच इसी तरह पत्थरबाजी हुई थी। लोगों का आरोप है कि कुछ युवक आए दिन आपस में झगड़ा करते रहते हैं, जिससे कॉलोनी का माहौल खराब हो रहा है और आम लोगों की शांति भंग हो रही है।

हेल्पलाइन नंबर जारी

# गैस की कालाबाजारी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

उपायुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशानुसार एलपीजी गैस की कालाबाजारी, जमाखोरी एवं अनाधिकृत प्रयोग पर रोक लगाने के लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारियों नियुक्ति किए हैं। साथ ही उपभोक्ताओं की एलपीजी से संबंधित शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन द्वारा हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है, जिस पर नागरिक शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। यह जानकारी जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कविता सिंह परिहार ने दी।

### अधिकारी शिकायतों की जांच कर समाधान करेंगे

डीएफएससी कविता सिंह परिहार ने बताया कि एलपीजी गैस की शिकायतों के निवारण के लिए क्षेत्रवार नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। ओल्ड फरीदाबाद एवं बल्लभगढ़ क्षेत्र के लिए सहायक खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी अजीत सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार एनआईटी फरीदाबाद क्षेत्र के लिए सहायक खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी विनय मुदगल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में प्राप्त शिकायतों की जांच कर उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करेंगे।

### जमाखोरी कानूनन अपराध

डीएफएससी कविता सिंह परिहार ने कहा कि एलपीजी का अनाधिकृत प्रयोग, जमाखोरी व निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बिक्री कानूनन अपराध है। ऐसे मामलों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यदि एलपीजी गैस से संबंधित कोई अनियमितता दिखाई दे तो जिला हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दें।

वार्ड के कार्यों को लेकर विधायक मूलचंद शर्मा ने की निगम कार्यालय में ली समीक्षा बैठक, कहा-

# गुणवत्ता के साथ पूरा करें जनता के लिए विकास कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

विधायक एवं हरियाणा के पं. मूलचंद शर्मा ने आज बल्लभगढ़ जोन के नगर निगम कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया। बैठक में कार्यकारी अभियंता हरीश कुमार सहित संबंधित एसडीओ एवं जेई भी उपस्थित रहे। इस दौरान बल्लभगढ़ के सभी वार्डों जिनमें वार्ड 1, 3, 4, 41, 40, 42, 43 45, 46 में प्रस्तावित एवं प्रगति पर चल रहे विकास कार्यों के साथ-साथ विधानसभा क्षेत्र में जारी अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। विधायक मूलचंद शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विकास कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने और क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान क्षेत्र के विकास को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई और कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया गया।

युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिवस

# भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों को उजागर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अखिल भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब का जन्मदिवस फरीदाबाद युवाकांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सेवा दिवस के रूप में मनाया। इसी कड़ी में पहले सिविल अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए और उसके बाद सैन्ट्रल ग्रीन स्थित नेब विद्यालय में नेत्रहीन छात्र-छात्राओं के साथ केक काटकर हर्षोल्लास के साथ मनाया। इसके बाद छात्र-छात्राओं को खाद्य सामग्री भेंट की। कार्यक्रम का आयोजन हरियाणा प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष गौतम पराग ने किया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस नेता चंचल तंवर, गौरव चौधरी, हरकेश, मोहित, जीशान सैफी, पीयूष, कृष्ण चौधरी सहित अन्य युवा कांग्रेस नेता मौजूद रहे। गौतम पराग ने राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु चिब को बधाई दी और उनकी लंबी उम्र, उत्तम स्वास्थ्य व सफल नेतृत्व की कामना की।

भारतीय गोल्फ को मिला समर्थन

# डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई का आधिकारिक बैंकिंग पार्टनर बना एक्सिस बैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम




भारत में प्रोफेशनल गोल्फ को बढ़ावा देने के लिए एक्सिस बैंक ने डीपी वर्ल्ड प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई) के साथ अपनी आधिकारिक साझेदारी की घोषणा की। जिसके जरिए, एक्सिस बैंक इस सीजन में डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई के सभी गोल्फ टूर्नामेंट का समर्थन करेगा। एक्सिस बैंक के कार्यकारी निदेशक मुनिश शरदा ने कहा कि गोल्फ खेल सटीकता, अनुशासन और बेहतरीन प्रदर्शन का प्रतीक है- और ये गुण हमारे बैंक के भी हैं। यह साझेदारी हमें भारत के खास ग्राहकों के साथ जुडने में मदद करती है, जहां लोग गोल्फ खेल से बहुत जुड़े हुए हैं। हम चाहते हैं कि भारत में प्रोफेशनल गोल्फ और बेहतर बने तथा प्रतिभाशाली खिलाडि़यों का समर्थन किया जाए। पीजीटीआई के अध्यक्ष कपिल देव ने कहा कि वे एक्सिस बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ अमिताभ चौधरी का आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने इस साझेदारी को संभव बनाया। पीजीटीआई ने पहले ही डीपी वर्ल्ड को अपने मुख्य साझेदार के रूप में चुना था।

उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतों को किया सम्मानित

# टीबी मुक्त अभियान को सफल बनाने में पंचायतों की भूमिका महत्वपूर्ण

टीबी मरीजों को प्रोटीन किट व पोषण सहायता देने की अपील




हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

टीबी मुक्त अभियान के द्वारा प्रदेश सहित देश को भी टीबी मुक्त बनाना है और यह तभी संभव होगा जब समाज का प्रत्येक वर्ग अभियान में जुड़कर अपना सहयोग करे। यह बात अतिरिक्त उपायुक्त एडीसी सतबीर मान ने बैठक कक्ष में आयोजित टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम में कही। अभियान के अंतर्गत कई ग्राम पंचायतों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रॉन्ज ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस उपलब्धि के अंतर्गत गोल्ड ट्रॉफी और सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाली पंचायतों में खेड़ा, जुनहेड़ा एवं भटपुरा ग्राम पंचायत शामिल हैं, जिन्होंने टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में उल्लेखनीय कार्य करते हुए सभी मानकों को पूर्ण किया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)
(84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अशोक पुत्र कन्हैया पता झुग्गी नं10, इंद्र पार्क जलेबी चौक सुल्तानपुरी, दिल्ली ने एफआईआर नं 356/2024 धारा 498ए/406/34 भा.द.स. के तहत** थानाः मुंडका, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अशोक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अशोक** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर 356/2024 धारा 498ए/406/34 भा.द.स. के तहत थानाः मुंडका, दिल्ली के उक्त अशोक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दिशा लांगन
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
महिला कोर्ट नं. 05, कमरा नं.353
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/3785/OD/2026

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **डेविड पुत्रः** एंथनी, **पताः** मकान नंबर ई–1st 1/76 मदनगीर, नई दिल्ली **इसके अलावाः** ई–1st 195 मदनगीर, नई दिल्ली), ने **FIR No. 100/2020 U/s 379/411 IPC थानाः तिगड़ी, नई दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **डेविड,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **डेविड,** फरार हो गया है(या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 100/2020 U/s 379/411 IPC थानाः तिगड़ी, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **डेविड,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री चतिंदर सिंह
जेएमएफसी–04 कमरा नंबर 211
साकेत कोर्ट, दिल्ली

DP/3539/SD/2026
(Court Matter)

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डीएचबीवीएन | डीएचबीवीएन के अधिकार-क्षेत्र के तहत प्रचालन फतेहाबाद वृत के अधिकार-क्षेत्र में ट्रांसफॉर्मर्स का संवर्धन, ट्रांसफॉर्मर्स की स्थापना, एलटी लाइन, नई 11 केवी लाइन की स्थापना करके 457 अदद नलकूप कनेक्शनों (कृषि) को जारी करने के कार्य को पूर्ण करने के लिए अपेक्षित सभी मदों/सामग्री के दस्तावेजीकरण और प्रचालन परीक्षण, स्थापना, स्टोरेज, हैंडलिंग, स्थल पर डिलीवरी, स्थल सर्वेक्षण, प्लानिंग, डिजाइन, इंजीनियरिंग, असेम्बली मैनुफैक्चरिंग, परीक्षण, आपूर्ति, लोडिंग, परिवहन, अनलोडिंग, बीमा के साथ-साथ सभी अन्य एक्सेसरी मदें/जॉब जो विशेषतः वर्णित नहीं है परन्तु कार्य पूर्ण करने के लिए आवश्यक है। | 20.03.2026 06.04.2026 | रु..5,33,00,553/- | www.dhbvn.org.in | 1662223216 cepdc@dhbvn.org.in |
| 2 | डीएचबीवीएन | डीएचबीवीएन के अधिकार-क्षेत्र के तहत प्रचालन भिवानी वृत के अधिकार-क्षेत्र में ट्रांसफॉर्मर्स का संवर्धन, ट्रांसफॉर्मर्स की स्थापना, एलटी लाइन, नई 11 केवी लाइन की स्थापना करके 701 अदद नलकूप कनेक्शनों (कृषि) को जारी करने के कार्य को पूर्ण करने के लिए अपेक्षित सभी मदों/सामग्री के दस्तावेजीकरण और प्रचालन परीक्षण, स्थापना, स्टोरेज, हैंडलिंग, स्थल पर डिलीवरी, स्थल सर्वेक्षण, प्लानिंग, डिजाइन, इंजीनियरिंग, असेम्बली मैनुफैक्चरिंग, परीक्षण, आपूर्ति, लोडिंग, परिवहन, अनलोडिंग, बीमा के साथ-साथ सभी अन्य एक्सेसरी मदें/जॉब जो विशेषतः वर्णित नहीं है परन्तु कार्य पूर्ण करने के लिए आवश्यक है। | 20.03.2026 06.04.2026 | रु. 8,18,09,405/- | www.dhbvn.org.in | 1662223216 cepdc@dhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in संवाद-13/2026/100/44116/I/88/7 दि. 24.03.26

## पेज एक का शेष

### बजट 2026-27 : मुख्यमंत्री ...

शिक्षा क्षेत्र के लिए 19 हजार 326 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है जो कुल बजट का 18 प्रतिशत है। इसके बाद स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 13 हजार 34 करोड़ रुपये, परिवहन के लिए 12 हजार 613 करोड़ रुपये, शहरी विकास के लिए 11 हजार 572 करोड़ रुपये, सामाजिक कल्याण के लिए 10 हजार 537 करोड़ रुपये और जलापूर्ति के लिए 9 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने महिलाओं के लिए कई कदमों की भी घोषणा की और कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने चुनाव से पहले जिस 'महिला समृद्धि योजना' का वादा किया था वह जल्द लागू की जाएगी। इसके लिए 5 हजार 110 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रति माह 2,500 रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसके लिए जल्द ही पंजीकरण मंच शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने शहर में धूल-मुक्त सड़कों के विकास के लिए 1 हजार 352 करोड़ रुपये आवंटित करने की घोषणा की। इसके तहत 750 किलोमीटर सड़कों की 'एंड-टू-एंड रिकार्पेटिंग' की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा से निपटने के लिए सरकार 'आपात संचालन केंद्र' स्थापित करेगी।बजट में 74 हजार करोड़ रुपये कर राजस्व का अनुमान लगाया गया है, जबकि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के लिए 11 हजार 666 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। स्कूल जाने वाली छात्राओं की आवाजाही में आने वाली कठिनाइयों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने दिल्ली सरकार के स्कूलों की नौवीं कक्षा की 1.30 लाख छात्राओं को साइकिल देने के लिए 90 करोड़ रुपये आवंटित करने की घोषणा की। उन्होंने आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना के लाभ का उल्लेख करते हुए कहा कि अब इसमें 'ट्रांसजेंडर' समुदाय को भी शामिल किया जाएगा और इसके लिए 202 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवा को उपकार नहीं बल्कि उपचार के रूप में देखती है और इस क्षेत्र की विभिन्न परियोजनाओं और पहल के लिए 12 हजार 645 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। सरकार 750 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोलेगी जिसके लिए 1 हजार 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा नवजात शिशुओं के लिए 56 निःशुल्क जांच उपलब्ध कराने को 'एएनएमओएल' (एडवांस्ड न्यूबॉर्न मॉनिटरिंग एंड ऑप्टिमल लाइफकेयर) योजना शुरू की जाएगी। बजट में शिक्षा क्षेत्र के लिए कुल 19 हजार 148 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया जिसमें स्कूल भवनों के निर्माण एवं विस्तार के लिए 475 करोड़ रुपये शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार एक सैनिक स्कूल भी खोलेगी और केंद्र सरकार से राष्ट्रीय राजधानी में 10 केंद्रीय विद्यालय स्थापित करने की मांग की जाएगी। उन्होंने घोषणा की कि 2029 तक दिल्ली की संपूर्ण सार्वजनिक बस सेवा को इलेक्ट्रिक बस में बदला जाएगा। इसके लिए परिवहन क्षेत्र के लिए 8 हजार374 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। सरकार सेमीकंडक्टर नीति भी लाएगी और इस उद्योग के विकास के लिए शहर में आवश्यक बुनियादी ढांचा विकसित करेगी। बुनियादी ढांचा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के लिए 5 हजार 921 करोड़ रुपये और शहरी विकास व आश्रय परियोजनाओं के लिए 7 हजार 887 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य सुरक्षित सड़कें, जलवायु गलियारे और बेहतर संपर्क व्यवस्था सुनिश्चित करना है। बिजली विभाग के लिए 3 हजार 942 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही 'ओवरहेड' बिजली तारों को भूमिगत करने के लिए 200 करोड़ रुपये अलग से रखे गए हैं। मुख्यमंत्री ने यमुना पार क्षेत्र के विकास के लिए 300 करोड़ रुपये, जबकि दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड के लिए 787 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने बजट भाषण में कहा कि शहर में कर्मचारियों के लिए एकीकृत सचिवालय और आवासीय परिसर भी बनाया जाएगा। पालम आग दुर्घटना का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि संकरी गलियों एवं अनधिकृत कॉलोनी के कारण आग बुझाने में कठिनाई होती है। इसे देखते हुए अग्निशमन ढांचे को मजबूत करने के लिए 674 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। पानी से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए दिल्ली जल बोर्ड को 9 हजार करोड़ रुपये दिए गए हैं। साथ ही चंद्रावल जल शोधन संयंत्र के लिए 475 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है ताकि लोगों को पानी के लिए टैंकर की कतार में न लगना पड़े।

### टैक्स, अनुदान ...

होंगे। केंद्र प्रायोजित योजनाओं से 3,931.16 करोड़ रुपये और केंद्रीय सहायता व अन्य अनुदानों से 968.01 करोड़ रुपये मिलेंगे। इसके अलावा केंद्रीय सड़क निधि से 591 करोड़ रुपये, स्वच्छ गंगा राष्ट्रीय मिशन से 1,500 करोड़ रुपये, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से 100 करोड़ रुपये और दिल्ली विधानसभा परियोजना के लिए 1.90 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे। उन्होंने बताया कि पूंजीगत प्राप्तियों के तहत सरकार को कई स्रोतों से धन मिलेगा। इसमें सबसे बड़ा हिस्सा 16,700 करोड़ रुपये का होगा, जो बाजार से उधार लिया जाएगा और यह उधारी आरबीआई के माध्यम से होगी। इसके अलावा एसएएससीआई योजना के तहत 2,500 करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त लोन मिलेगा। बाहरी सहायता प्राप्त परियोजनाओं, जैसे चंद्रावल जल निकासी परियोजना, से 380 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे। वहीं, लोन और अग्रिमों की वसूली से 487.93 करोड़ रुपये मिलेंगे। इन सबके अलावा, सरकार के पास पहले से 1,640 करोड़ रुपये की शुरुआती राशि भी उपलब्ध रहेगी।

**सेमीकंडक्टर नीति, विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए एआई केंद्रों की घोषणा** : मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में सेमीकंडक्टर नीति तैयार करने, कृत्रिम मेधा (एआई) उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने, 12,000 एमएसएमई को प्रशिक्षण देने और कई अन्य उपायों की घोषणा की। विधानसभा में बजट पेश करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उनकी सरकार दिल्ली में सेमीकंडक्टर विनिर्माण, अनुसंधान और विकास का एक सशक्त परिवेश विकसित करना चाहती है। उन्होंने ड्रोन नीति बनाने की भी घोषणा की, जिसके लिए निवेश आकर्षित करने और स्टार्टअप व विनिर्माण क्षेत्र को सहयोग देने को एक करोड़ रुपये का वित्तपोषण आवंटित किया गया है। इसके अलावा, बजट में दो एआई केंद्र स्थापित करने के लिए 8.20 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो एआई अनुसंधान, नवाचार, स्टार्टअप इनक्यूबेशन और क्षमता निर्माण के लिए समर्पित केंद्र के रूप में काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि लघु और मझोले उद्यमों (एसएमई) की प्रतिस्पर्धात्मकता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए साझा सुविधा केंद्र के निर्माण को 48 करोड़ रुपये का प्रावधान प्रस्तावित किया गया है।

### बजट 2026-27 के ...

800 करोड़ से अधिक का आवंटन।

**पर्यावरण और बुनियादी ढांचा:**

-ग्रीन बजटः प्रदूषण कम करने के लिए बजट का 21 प्रतिशत हिस्सा 'ग्रीन इनिशिएटिव्स' को समर्पित।

-यमुना सफाईः दिल्ली जल बोर्ड को यमुना की सफाई और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के लिए 9 हजार करोड़।

-सड़कें : ग्रामीण और अनधिकृत कॉलोनियों में सड़कों और नालियों के निर्माण के लिए 800 करोड़।

### राष्ट्रपति ट्रंप ने ...

सार यह है कि दोनों ने इस विवाद और उसके वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले परिणामों के मामले पर चर्चा की और भविष्य में भी जयशंकर और रुबियो ने एक-दूसरे से संपर्क में बने रहने को लेकर अपनी सहमति प्रदान की है। भारतीय विदेश मंत्री ने 24 मार्च को नई दिल्ली में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली से भी मुलाकात की और उसमें पश्चिम-एशिया में संघर्ष के विषय पर चर्चा की गई। इस चुनौतीपूर्ण समय में ईरान में भारतीयों को दिए गए समर्थन के लिए मैंने भारत की तरफ से आभार जताया।

### अमेरिका के राजदूत की...

रूप में भी देखता है।

**मोदी-ट्रंप के बीच 2 साल में 9 बार हुई बातः** बताते चलें कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच पिछले साल से लेकर अब तक कुल करीब 9 बार अलग-अलग मौकों पर बातचीत हो चुकी है। जिसमें 2025 में 7 बार और मौजूदा साल 2026 में 2 बार संचार माध्यमों से चर्चा की गई है। दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच हुआ पहला संवाद पिछले साल के शुरुआती जनवरी महीने में पीएम द्वारा राष्ट्रपति ट्रंप को बतौर अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभालने को लेकर दी गई बधाई के लिए हुआ था। इसके बाद फरवरी महीने में दोनों के बीच व्हाइट हाउस में द्विपक्षीय बैठक हुई थी। अप्रैल-2025 में हुई वार्ता में राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री से बातचीत में पहलगाम में किए गए आतंकी हमले की निंदा की। इसके बाद जून महीने में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम मोदी को जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर की गई फोन कॉल में अमेरिका यात्रा के लिए आमंत्रित किया था। जिसे मोदी ने अपनी कुछ पूर्व निर्धारित बैठकों के चलते अस्वीकार कर दिया था। सितंबर-2025 में प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के अवसर पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने उन्हें फोन कॉल के जरिए बधाई दी थी। इसके बाद अक्टूबर महीने में दोनों के बीच दीवाली के त्योहार को लेकर शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया गया। दिसंबर-25 में भारत-अमेरिका के राष्ट्रप्रमुखों के बीच संवाद हुआ। जबकि इस साल अब तक दो बार दोनों की बातचीत हुई है। जिसमें पूर्व में फरवरी महीने में द्विपक्षीय भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर की गई घोषणा और उसके बाद अब पश्चिम-एशिया संघर्ष के मामले पर राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी ने अपने विचारों को टेलीफोन के जरिए आपस में साझा किया है।

### राज्यसभा में प्रधानमंत्री ...

ने वैश्विक ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है। भारत के लिए भी यह चिंता का विषय है क्योंकि व्यापार मार्ग प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि इससे पेट्रोल, डीजल, गैस और उर्वरक जैसी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बाधित हो रही है। हालांकि, हाल के दिनों में कई देशों से कच्चा तेल और एलपीजी से लदे जहाज भारत पहुंचे हैं।

**भारतीयों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता** : प्रधानमंत्री ने कहा कि खाड़ी देशों में करीब एक करोड़ भारतीय रहते और काम करते हैं, जिनकी सुरक्षा और आजीविका सुनिश्चित करना सरकार की बड़ी जिम्मेदारी है।

उन्होंने बताया कि अब तक 3.75 लाख से अधिक भारतीय सुरक्षित वापस लौट चुके हैं, जबकि ईरान से करीब 1000 भारतीयों को निकाला गया है।

**स्वदेशी जहाज निर्माण और आत्मनिर्भरता पर जोर** : पीएम मोदी ने कहा कि भारत का 90 फीसदी से अधिक व्यापार विदेशी जहाजों पर निर्भर है, इसलिए सरकार ने 'मेक इन इंडिया' जहाज निर्माण को बढ़ावा देने के लिए लगभग 70,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। उन्होंने यह भी कहा कि रक्षा क्षेत्र में भी भारत तेजी से आत्मनिर्भर बन रहा है और अब अधिकांश हथियार देश में ही बनाए जा रहे हैं।

**अर्थव्यवस्था और रणनीतिः** प्रधानमंत्री ने कहा कि इस संकट के प्रभाव को कम करने के लिए सरकार शॉर्ट टर्म, मिड टर्म और लॉन्ग टर्म रणनीति पर काम कर रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसानों के लिए उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी और सरकार हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी है।

**ऊर्जा आयात में विविधीकरणः** लोकसभा में दिए गए अपने बयान का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने ऊर्जा आयात के स्रोत 27 से बढ़ाकर 41 देशों तक कर लिए हैं, जिससे किसी एक क्षेत्र पर निर्भरता कम हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि देश में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुचारु बनी रहे। उन्होंने भरोसा जताया कि भारत इस चुनौतीपूर्ण दौर का मजबूती से सामना करेगा।

### जयशंकर-रुबियो ...

जताई गई है। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच यह संवाद राष्ट्रपति ट्रंप के सीजफायर की घोषणा के तुरंत बाद हुआ है। जिसे फिलहाल ईरान द्वारा न मानने के संकेत मिल रहे हैं।

**विदेश मंत्री की वार्ताओं का सार** : रणधीर जायसवाल ने प्रेस वार्ता में कहा कि विदेश मंत्री डॉ.जयशंकर ने बीते 23 मार्च को अमेरिका, श्रीलंका और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के देशों के विदेश मंत्रियों से चर्चा की थी। जिसमें अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ हुई उनकी बातचीत में पश्चिम-एशिया संकट, उसके विश्व अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभावों और ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ी हुई चिंताओं को शामिल किया गया। इसके अलावा भारत- श्रीलंका के विदेश मंत्रियों की बातचीत में मौजूदा संघर्ष के प्रभावों पर विचार साझा किए गए। साथ ही जयशंकर ने इस मुश्किल वक्त में भारत के पड़ोस सबसे पहले और महासागर मिशन पर प्रकाश डाला। इसके अलावा जीसीसी देशों के राजदूतों के साथ भी विदेश मंत्री ने संयुक्त मुलाकात के जरिए चर्चा की है।

**खाड़ी से लौटे 4 लाख 20 हजार भारतीय** : विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव असीम.आर.महाजन ने बताया कि मंत्रालय लगातार पश्चिम-एशिया और खाड़ी के हालातों पर कड़ी नजर बनाए हुए है। जिसमें भारतीयों की सुरक्षा और कल्याण ही हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। मंत्रालय द्वारा गठित किया गया कंट्रोल रूम लगातार काम कर रहा है। इसके जरिए देश के नागरिकों और उनके परिजनों को सहायता दी जा रही है। खाड़ी क्षेत्र से उड़ानों के मामले में हालात में लगातार सुधार हो रहा है। 28 फरवरी से आज तक लगभग 4 लाख 20 हजार भारतीय नागरिक स्वदेश लौटे हैं। विमानन कंपनियां गैर-शेड्यूल उड़ानों के जरिए हवाई संचालन कर रही हैं। 24 मार्च को यूएई के विभिन्न हवाई अड्डों से भारत के विभिन्न स्थानों के लिए 85 उड़ानें ऑपरेट कर रही हैं। ओमान, सऊदी अरब से भी कुछ उड़ान आ रही हैं। उन्होंने कहा, कतर एयरस्पेस आंशिक रूप से खुला हुआ है। आज वहां से 9 उड़ानें आएंगी। इसी तरह कुवैत, बहरीन का एयरस्पेस भी बंद है। इसलिए जजीरा एयरवेज सऊदी अरब से ऑपरेट कर रही है। जबकि बहरीन की गल्फ एयर भी सऊदी अरब से भारत के लिए उड़ानों का संचालन कर रही है। हम लगातार ईरान में भी भारतीयों को सहायता प्रदान कर रहे हैं। वहां फंसे हुए लोग आर्मेनिया, अजरबैजान से भारत लौट रहे हैं। इजरायल में जो हमारे लोग हैं, उन्हें जॉर्डन के रास्ते भारत लाया जा रहा है। कुवैत, बहरीन और इराक में भी उड़ानों पर पाबंदी है। जिसके मद्देनजर हम लगातार उड़ानों को सऊदी-अरब से संचालित कर रहे हैं।

### राहुल गांधी ने पश्चिम ...

हैं। उन्होंने इस दौरान भारत-अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते का हवाला भी दिया। राहुल गांधी ने पश्चिम एशिया संघर्ष पर सोमवार को प्रधानमंत्री द्वारा लोकसभा में दिए गए वक्तव्य को पूरी तरह से अप्रासंगिक बताया। उन्होंने कहा कि उनके वक्तव्य में दिखना चाहिए था कि हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री के तौर पर उनका रुख क्या है, लेकिन उनकी कोई पोजीशन ही नहीं है। उन्होंने दुख जताया कि प्रधानमंत्री के इस कमजोर रवैये का नुकसान देश के लोगों को होगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने पश्चिम एशिया संघर्ष से उपजे संकट को लेकर आगाह किया कि अभी तो शुरुआत हुई है। आने वाले दिनों में एलपीजी, पेट्रोल-डीजल, फर्टिलाइजर (खाद) समेत तमाम क्षेत्रों में समस्या पैदा होगी। प्रधानमंत्री द्वारा वर्तमान संकट की 'कोविड जैसे समय' से तुलना किए जाने पर पलटवार करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मोदी जी शायद भूल गए हैं कि कोविड के दौरान देश ने कितनी बड़ी त्रासदी झेली, कितने लोगों की जान गई थी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री को चीजों की बुनियादी समझ नहीं है। एक अन्य प्रश्न पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि मोदी सरकार ने पश्चिम एशिया स्थिति पर सर्वदलीय बैठक बुलाई है, चर्चा होनी चाहिए; लेकिन नरेंद्र मोदी ने बहुत बड़ी गलती कर दी है, उन्होंने पूरा ढांचा बर्बाद कर दिया है। अब वह इसे ठीक नहीं कर सकते हैं; इसे ठीक करने में बहुत समय लगेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि नरेंद्र मोदी वही करेंगे जो अमेरिका और इजराइल कहेगा। वे देश और हमारे किसानों के हित में काम नहीं करेंगे।

### छत्तीसगढ़ में स्वामित्व ...

है । इस पहल के परिवर्तनकारी प्रभाव पर जोर देते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि पंचायती राज योजनाएं, विशेष रूप से स्वामित्व योजना, ग्रामीण आर्थिक सशक्तिकरण की रीढ़ हैं। हमारे ग्रामीणों को औपचारिक संपत्ति अधिकार प्रदान करके, हम उन्हें केवल एक कागज का टुकड़ा नहीं दे रहे हैं; बल्कि हम उनकी वित्तीय क्षमता के द्वार खोल रहे हैं। ये संपत्ति कार्ड हमारे ग्रामीण परिवारों को संस्थागत ऋण तक पहुंचने और मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था में औपचारिक रूप से जुड़ने में सक्षम बनाएंगे, जिससे अंततः हमारी ग्राम पंचायतों की नींव मजबूत होगी। योजना का सफल कार्यान्वयन ग्राम पंचायतों और राज्य राजस्व अधिकारियों के बीच सहज समन्वय द्वारा संचालित हो रहा है । ये जमीनी स्तर के संस्थान सटीक जमीनी सीमांकन, मानचित्र सत्यापन और संपत्ति कार्ड के शीघ्र निर्गमन को सुनिश्चित करने के लिए एक साथ मिलकर काम करते हैं । मंत्रालय ने उल्लेख किया कि इन संपत्ति कार्डों के साथ, ग्रामीण संपत्ति के मालिक अब बैंकों से आसानी से ऋण प्राप्त कर सकते हैं, जिससे छत्तीसगढ़ के ग्रामीण इलाकों में वित्तीय समावेशन को काफी बढ़ावा मिलेगा । राज्य में क्रियान्वयन के मामले में महासमुंद जिले ने सबसे अधिक 39 हजार 626 कार्ड वितरित किए हैं, जिसके बाद धमतरी और बलौदाबाजार-भाटापारा का स्थान है ।

### रिकॉर्ड एमएसपी खरीदी ...

एमएसपी पर रिकॉर्ड खरीदी कर किसानों को सीधा लाभ पहुँचाया है। उन्होंने कहा कि यह सरकार सिर्फ अनाज तक सीमित नहीं रही, बल्कि दलहन, तिलहन, फल और सब्जियों तक के लिए भी सक्रिय हस्तक्षेप कर रही है ताकि किसी भी फसल के दाम गिरने पर किसान को नुक़सान न उठाना पड़े। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान– पीएमआशा योजना, प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में शुरू की गई एक महत्वपूर्ण पहल है जिसके अंतर्गत उन फसलों को सुरक्षा दी जाती है जिनके दाम अक्सर एमएसपी के नीचे चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि पीएमआशा के तहत तीन प्रकार की व्यवस्थाएँ बनाई गई हैं– प्राइस सपोर्ट स्कीम के माध्यम से दलहन और तिलहन की सीधी खरीद, मूल्यअंतर भुगतान व्यवस्था के ज़रिए एमएसपी और बाज़ार भाव के बीच की खाई को पाटना, और ज़रूरत पड़ने पर अन्य माध्यमों से भी किसानों को संरक्षण देना। चौहान ने सोयाबीन सहित दलहन और तिलहन की फसलों का उल्लेख करते हुए कहा कि दाम गिरने की स्थिति में सरकार केवल खरीद पर निर्भर नहीं रहती बल्कि भावांतर जैसी व्यवस्था के माध्यम से एमएसपी और बाज़ार भाव के बीच की पूरी की पूरी राशि सीधे किसान के खाते में डालने का विकल्प भी अपनाती है। उन्होंने मध्य प्रदेश का उदाहरण देते हुए कहा कि वहाँ भावांतर भुगतान योजना के जरिए बिना लाइन में लगवाए, बिना अतिरिक्त लॉजिस्टिक लागत के, किसानों की आय को संरक्षण दिया गया है, और यही मॉडल अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरक है। उन्होंने कहा कि सरकार ने मार्केट इंटरवेंशन स्कीम (एमआईएस) के माध्यम से जल्दी खराब होने वाले फल और सब्ज़ियों के लिए भी एक मॉडल रेट तय कर, या तो सीधे खरीद की व्यवस्था की है या फिर मॉडल रेट और बाज़ार भाव के अंतर को किसान के खाते में जमा करने का निर्णय किया है। अंगूर, मिर्च, आलू, प्याज़, टमाटर जैसी उत्पादों के संदर्भ में उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसानों के क्षेत्र में दाम बहुत कम हों और किसान अपना माल बड़े शहरों की मंडियों तक ले जाना चाहें तो ऐसे मामलों में परिवहन लागत तक का भार केंद्र सरकार उठा रही है, जिससे किसान दूर की मंडियों में बेहतर दाम प्राप्त कर सकें। चौहान ने बताया कि एनडीए सरकार के कार्यकाल में किसानों ने कुल लगभग 36,055 करोड़ रुपये का प्रीमियम प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जमा किया है, जिसके बदले में लगभग 1,92,477 करोड़ रुपये की बीमा दावा राशि किसानों के खातों में जमा की गई है; यह इस बात का प्रमाण है कि योजना किसानों के पक्ष में अत्यंत लाभकारी रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पहले स्थानीय स्तर की आपदा या किसी एक किसान की फसलक्षति सामान्यतः कवर नहीं मानी जाती थी और मुख्यतः तहसील/ब्लॉक इकाई पर आकलन होता था, लेकिन अब प्रावधान बदलकर यह सुनिश्चित किया गया है कि यदि किसी एक किसान की फसल भी क्षतिग्रस्त हो और उपज के आंकड़े इसे साबित करें, तो उसके नुकसान की भरपाई भी फसल बीमा योजना के माध्यम से की जाएगी, कोई भी किसान बीमा सुरक्षा से वंचित नहीं रहेगा।





# लोगों को बस बोलने का बहाना चाहिए होता है : राकेश बेदी

**मुंबई।** राकेश बेदी इन दिनों फिल्म 'धुरंधर 2' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। राकेश और उनकी सह-कलाकार सारा अर्जुन का एक वीडियो फिर से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें वह सारा के कंधे पर किस करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो पर अब राकेश ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।उन्होंने कहा, 'लोगों को बस बोलने का बहाना चाहिए होता है। कुछ लोग तो बस कहते रहते हैं। शुक्र है, कई लोगों ने मेरा बचाव भी किया। 71 साल के मशहूर अभिनेता राकेश बेदी इन दिनों अपनी फिल्म 'धुरंधर 2' की सफलता का आनंद ले रहे हैं। फिल्म ने अब तक 500 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। पिछले साल नवंबर में 'धुरंधर'के ट्रेलर लॉन्च के समय एक वीडियो वायरल हुआ था।

## लाइफ Style


# अनीत

## रैंप वॉक और नए फैशन ने पिटवा दी भद

'सैयारा' फिल्म में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाने वाली अनीत पड्डा की रैंप वॉक पर लोग तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। उनकी एक्टिंग की तो खूब तारीफ हुई, लेकिन रैंप वॉक और नए फैशन ने भद पिटवा दी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'सैयारा' फिल्म से हर दिल पर छाने वाली एक्ट्रेस अनीत पड्डा भले ही कितनी भी टैलेंटेड क्यों न हों, लेकिन एक्टिंग के अलावा जब बात रैंप वॉक की आती है तो उनकी भद पिट जाती है। 'पेरो' के लिए शो का समापन करने वाली अनीत पड्डा अपनी रैंप वॉक के वीडियो वायरल होने के तुरंत बाद ऑनलाइन चर्चा का केंद्र बन गईं। हालांकि, यह युवा एक्ट्रेस के लिए फैशन जगत में एक बड़ा पल था, लेकिन ऑनलाइन उन्हें लेकर अलग ही बातें हो रही हैं। उनके रैंप वॉक को लेकर फिर से लोग काफी कुछ कह रहे हैं। कुछ ही घंटों में, शोस्टॉपर वॉक ट्रेंडिंग टॉपिक बन गई, खासकर रेडिट और इंस्टाग्राम पर। अनीत पड्डा ने लैक्मे की 'जेन जी' एंबेसडर के रूप में एक नीले और सफेद रंग के ड्रेस में रैंप वॉक किया, जो पेरो की सिग्नेचर स्टाइल को दिखाता है। इस लुक में टेक्सचर्ड एप्लिक वर्क वाली ड्रेस के ऊपर एक क्रॉप जैकेट पहनी गई थी, जो सॉफ्ट स्ट्रक्चर, बारीक डिटेलिंग से तैयार की गई थी। यह आउटफिट ग्लैमरस ड्रामा के बजाय युवा और थोड़ा चंचल अंदाज में था, जो लेबल की डिजाइन शैली से मैच कर रहा था। हालांकि, कई लोगों को यह स्टाइल उतना पसंद नहीं आया जितना सोचा गया था।



## हॉलीवुड मसाला



# रायन घोस्ट वॉर का टीजर रिलीज

**नई दिल्ली।** एंड्र्यू बर्नस्टीन के निर्देशन में बनी फिल्म 'जैक रायन: घोस्ट वॉर' जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने वाली है। इस पॉलिटिकल एक्शन-थ्रिलर फिल्म में अभिनेता जॉन क्रासिंस्की एक बार फिर से सीआईए एनालिस्ट 'जैक रायन' के रूप में धमाकेदार एक्शन करते हुए एक नए और खतरनाक मिशन पर निकले हैं। हाल ही में प्राइम वीडियो ने इस मोस्ट अवेटेड फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया है, जिसमें जैक रायन एक बार फिर से अपने पुराने फॉर्म में नजर आ रहे हैं।



# स्लॉटरहाउस-फाइव से की कॅरियर की शुरुआत...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री वैलेरी पेरिन के निधन से उनके फैंस आहत हैं। उनकी दोस्त ने उनके निधन की जानकारी देते हुए, उनकी अंतिम इच्छा के बारे में भी बताया है। दिग्गज अभिनेत्री वैलेरी पेरिन का 82 साल की उम्र में निधन हो गया। वो लेनी और 'सुपरमैन'जैसी फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाती थीं। टेक्सास के गैल्वेस्टन में जन्मीं पेरिन ने फिल्म 'स्लॉटरहाउस-फाइव' से अपने फिल्मी कॅरियर की शुरुआत की। उनकी मां एक डांसर थीं और उनके पिता अमेरिकी सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल थे। वह दो बार प्लेबॉय मैगजीन में भी नजर आईं और 1973 में ब्रूस जे फ्रेडमैन के नाटक 'स्टीमबाथ' के पीबीएस प्रसारण के दौरान जानबूझकर न्यूड अमेरिकी टेलीविजन पर दिखाई देने वाली पहली अभिनेत्री के रूप में सुर्खियों में आईं।



# देसी गर्ल का ब्लैक ड्रेस में दिखा स्वैग...

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा ने मिलान में आयोजित एक इवेंट में शिरकत की। जहां पर प्रियंका के अलावा हॉलीवुड स्टार ऐनी हैथवे और दुआ लिपा के अलावा कई स्टार्स ने अपने लुक से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में एक इवेंट में शिरकत की। इस दौरान प्रियंका ने ब्लैक स्ट्रैपलेस गाउन और स्लीक बन हेयरस्टाइल के साथ चमचाती ज्वेलरी में एक नया ट्रेंड सेट कर दिया है। इस इवेंट में प्रियंका के अलावा कई हॉलीवुड अभिनेत्रियां भी नजर आईं। यह पूरा इवेंट फैशन और ग्लैमर से भरा हुआ था, जिसमें हर कोई अपनी स्टाइल से सबका ध्यान खींच रहा था। हाल ही में एक ज्वेलरी ब्रांड ने इटली के मिलान शहर में अपना नया हाई-एंड कलेक्शन लॉन्च किया। यह इवेंट इतना शानदार था कि पूरा कार्यक्रम रेड कार्पेट जैसा लग रहा था।



# पैपराजी ने बहन को समझ लिया बीबी

**मुंबई।** फरदीन खान का एक वीडियो इस वक्त काफी चर्चा में है जिसमें उनके साथ नजर आ रही लेडी को लोग उनकी पत्नी बता रहे हैं। सोमवार को मुंबई में एक अवॉर्ड फंक्शन में पपाराजी के सामने पोज़ देते हुए फरदीन खान ने फाइनली लोगों की कन्फ्यूजन को दूर किया। दोनों कैमरे पर काले रंग के लिबास में ट्विनिंग करते दिखे। साथ में पोज़ देते हुए लोगों ने जिन्हें फरदीन खान की पत्नी बताया, उनके बारे में एक्टर ने कहा- ये बहन है, बीवी नहीं है। दरअसल, इस मौके पर फरदीन अपनी बहन लैला खान के साथ नज़र आए। पैपराजी ने लैला को फरदीन की पत्नी समझ लिया। फरदीन एक वीडियो में उनकी इसी गलती को सुधारते दिख रहे हैं। वीडियो में फरदीन कहते दिख रहे हैं, 'ये बहन है मेरी, बीवी नहीं।

## टीवी मसाला



# इन कलाकारों ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को कहा अलविदा

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' टीवी के सबसे मशहूर शोज में से एक है। यह पिछले 18 वर्षों से दर्शकों की पसंद बना हुआ है। कई मशहूर कलाकारों ने किसी वजह से इस शो को छोड़ दिया। कुछ कलाकारों को कहीं काम नहीं मिला, कुछ ने खुद काम नहीं किया है। मोनिका भदौरिया ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के मेकर्स पर टॉर्चर करने और बुरा बर्ताव करने का इल्जाम लगाया था। इसके बाद उन्होंने शो से दूरी बना ली। इसके बाद वह किसी शो का हिस्सा नहीं बन सकीं। इन दिनों वह सोशल मीडिया पर अपने फोटो और वीडियो शेयर करती हैं। जेनिफर मिस्त्री बंसीवाल ने प्रोड्यूसर असित मोदी पर संगीन इल्जाम लगाए थे। इसके बाद उन्होंने शो को अलविदा कह दिया था। शो छोड़ने के बाद उन्हें काम नहीं मिल रहा। बताया जाता है कि वह अपने करियर के बुरे दौर से भी गुजरीं। अब वह सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर हैं। वह फनी वीडियो बनाती हैं। दिशा वकानी यानी दयाबेन ने साल 2017 में मैटरनिटी लीव के लिए 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' से ब्रेक लिया था। वह दो बच्चों की मां बन गईं। हालांकि उन्होंने दोबारा शो नहीं ज्वाइन किया। फिल्हाल वह एक्टिंग से दूर हैं। वह बच्चों और घर को संभाल रही हैं। गुरुचरण सिंह ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को 2018 में अलविदा कहा था। उन्होंने अपने पिता की देखभाल के लिए ब्रेक लिया था। इसके बाद वह किसी शो का हिस्सा नहीं बन पाए। इन दिनों वह दिल्ली में एक रेस्टोरेंट चला रहे हैं। शो में शैलेश लोढ़ा ने तारक मेहता का रोल प्ले किया था। उनके भी असित मोदी के साथ रिश्ते खराब हो गए थे। मेकर्स के साथ फीस को लेकर उनकी अनबन हो गई थी। शो छोड़ने के बाद उन्होंने दूसरे शो 'वाह भाई वाह' को होस्ट किया।

## द ट्रेटर्स के दूसरे सीजन की शूटिंग शुरू

**नई दिल्ली।** करण जौहर के रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' के दूसरे सीजन की शूटिंग राजस्थान में शुरू हो गई है। इस हाई-स्टेक वाले साइकोलॉजिकल रियलिटी फॉर्मेट के लिए कंटेस्टेंट्स का एक नया ग्रुप जैसलमेर पहुंच गया है। यह शो मशहूर पार्टी गेम 'माफिया' पर आधारित है। इस बार 'द ट्रेटर्स सीजन 2' में कई 'बिग बॉस' विनर्स हिस्सा लेने वाले हैं। इसमें एल्विश, श्वेता तिवारी, मुनव्वर फारूकी से लेकर रुबीना दिलैक तक के नाम हैं। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बताया जाता है 'द ट्रेटर्स 2' की शूटिंग लगभग 14 दिनों तक चलेगी। रिपोर्ट में 'द ट्रेटर्स सीजन 2' के कई अन्य कंटेस्टेंट्स के नाम का खुलासा किया गया है। इनमें 'बिग बॉस' से अथाह शोहरत पाने वाले यूट्यूबर अभिषेक मल्हान का भी नाम है।





# इस हफ्ते रिलीज होंगी हेल मैरी समेत ये हॉलीवुड एक्शन और थ्रिलर फिल्में

**मुंबई।** बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' रिलीज हो चुकी है। मगर आने वाले हफ्ते में हॉलीवुड में भी एक के बाद एक हाई ऑक्टेन एक्शन और थ्रिलर फिल्में रिलीज होने वाली है। जिनमें से एक का दर्शक काफी समय से इंतजार कर रहे थे।

**दे विल किल यू** : फिल्म 'दे विल किल यू' एक एक्शन, कॉमेडी फिल्म है। जिसमें एक पूर्व कैदी महिला का किरदार दिखाया है। वह एक हाउसहेल्प की जॉब के लिए न्यूयॉर्क शहर के रहस्यमय इलाके में पहुंचती है। जहां लोगों के गायब होने की घटनाएं घट रही हैं। वहां जा कर एशिया रीव्स के साथ बहुत कुछ अप्रत्याशित होता है। कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यह फिल्म 27 मार्च को रिलीज होगी। फिल्म में जाजी बीट्ज, मायहाला, पैटरसन जोसेफ, टॉम फेल्टन मुख्य किरदार हैं।

**फॉर्बिडुन फ्रूट** : 'फॉर्बिडुन फ्रूट' एक कॉमेडी हॉरर फिल्म है। कहानी में एप्पल, चेरी और फिग नाम की जादूगरनियों साथ मिलकर अपना एक ग्रुप चलाती हैं। बाद में पम्पकिन नाम का एक किरदार उनसे जुड़ जाती है। जिसके बाद उन सब के बीच अफरा- तफरी मचा देती है। इस किरदार के आने से उन सब के बीच संदेह पैदा हो जाता है। फिल्म 27 मार्च को रिलीज होने वाली है। लिली रेनहार्ट, लोला टंग, विक्टोरिया पेड्रेटी, एलेक्जेंड्रा शिप, एम्मा चेम्बरलेन इस फिल्म में अहम भूमिका में नजर आएंगे।





**शी डांसेस** : शी डांसेस बहुत ही मार्मिक विषय पर बात करती है। पिता और बेटी के रिश्ते पर बेस्ड इस फिल्म में एक सिंगल पिता अपनी टीन एज बेटी से पहली मुलाकात करता है। जिसके बाद अपने और बेटी के संबंध सुधारने के लिए उसके साथ एक नृत्य प्रतियोगिता में उसे साथ ले जाने का फैसला करता है। यह कॉमेडी ड्रामा फिल्म 27 मार्च को रिलीज होगी। एथन हॉक, सोनेक्वा मार्टिन-ग्रीन, मैकेंजी ज़िग्लर, रोजमेरी डेविट कास्ट में हैं। फिल्म को रिक गोमेज ने निर्देशित किया है।

**द एआई डॉक: या हाउ आई बिकेम एन एपोकालोप्टिमिस्ट** : साइंस और एआई में रूचि रखने वालों के लिए यह फिल्म काफी इंट्रेस्टिंग है। डैनियल रोहर एक ऐसे समय में पिता बनना चाहता है जब एआई मानव जीवन पर हावी है। इस क्रम में वो एआई के दोनों पहलुओं को देखता है। सिर्फ यह जानने के लिए कि वो किस वातावरण में अपने बच्चे का स्वागत करेगा। द एआई डॉक एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म है जिसका निर्देशन खुद डैनियल रोहर ने चार्ली टायरेल के साथ मिलकर किया है।

# रैपर बादशाह ने ईशा के साथ गुपचुप तरीके से रचाई शादी

*मुंबई। चर्चित सिंगर और रैपर बादशाह ने शादी रचा ली है। बादशाह की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। सिंगर ने ईशा रिखी के साथ गुपचुप तरीके से शादी रचाई है। यह बादशाह की दूसरी शादी है। इससे पहले उन्होंने जैस्मिन मसीह से शादी की थी। हालांकि, छह साल पहले दोनों का तलाक हो चुका है। अब ईशा के साथ उन्होंने जिंदगी का नया सफर शुरू किया है। बादशाह जहां म्यूजिक की दुनिया का बड़ा नाम हैं, वहीं उनकी दुल्हनिया ईशा रिखी का सिक्का अभिनय की दुनिया में चलता है। वे मॉडल और एक्ट्रेस हैं। ईशा रिखी का जन्म 9 सितंबर 1993 को चंडीगढ़ में हुआ था। उनकी स्कूलिंग चंडीगढ़ से ही हुई है। वहीं, से पंजाब यूनिवर्सिटी से बैचलर डिग्री हासिल की। 12वीं क्लास में ईशा ने मॉडलिंग शुरू कर दी थी।*



## 1978 के बाद बदला स्टारडम का पूरा गेम

# बिग बी की वो फिल्में, जिन्होंने छीन ली थी काका की नींद

*नई दिल्ली। 70 का दशक बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना के लिए एक सपने जैसा था, लेकिन अमिताभ बच्चन की लगातार 20 सफल फिल्मों ने इसे एक डरावनी सच्चाई में बदल दिया। 1973 की 'जंजीर' से शुरू हुआ यह ट्रेंड 1978 की 'मुकद्दर का सिकंदर' तक बॉलीवुड को पूरी तरह से बदल चुका था। इन फिल्मों की सफलता ने राजेश खन्ना के मन में स्टारडम खोने का ऐसा डर पैदा कर दिया।*

### एंग्री यंग मैन

अमिताभ बच्चन की उन 20 लैंडमार्क फिल्मों ने न सिर्फ बॉक्स ऑफिस के समीकरण बदले, बल्कि राजेश खन्ना के 'चॉकलेटी रोमांस' के दौर को भी खत्म कर दिया और 'एंग्री यंग मैन' के सुनहरे दौर की शुरुआत की। कहानी शुरू होती है 1973 से, जब राजेश खन्ना बॉक्स ऑफिस पर छाए हुए थे। लेकिन फिर, 'जंजीर' से पुलिस की वर्दी पहने एक 'एंग्री यंग मैन' ने ऐसी धूम मचाई कि पूरा सिस्टम हिल गया।

### घर-घर में हो गए मशहूर

इसके तुरंत बाद, ऋषिकेश मुखर्जी की 'नमक हराम' आई, जिसमें राजेश खन्ना के सामने खड़े अमिताभ ने शो चुरा लिया और कहा जाता है कि तभी पहली बार 'काका' को अपना स्टारडम खोने का डर सताने लगा। उसी साल अमिताभ ने अभिमान में एक कलाकार के ईगो की कहानी कहकर दर्शकों के दिलों में गहरी जगह बनाई. अगले दो सालों में अमिताभ बच्चन ने थ्रिलर और ड्रामा का कॉकटेल पेश किया, जिससे वह मजबूर, कसौटी और बेनाम जैसी फिल्मों से घर-घर में मशहूर हो गए।



### बॉलीवुड का बेताज बादशाह

आखिरकार, 1978 वह 'गोल्डन ईयर' बन गया जिसने पूरी तरह से खेल बदल दिया। 'डॉन' के रूप में, उन्होंने अंडरवर्ल्ड का ऐसा अकड़ दिखाया कि दुनिया दीवानी हो गई, जबकि त्रिशूल में अपने पिता के खिलाफ खड़े एक बागी बेटे के रूप में उनकी दहाड़ ने राजेश खन्ना की बची-खुची हिम्मत को चकनाचूर कर दिया। उसी साल कसमे वादे में अमिताभ बच्चन के डबल रोल और मुकद्दर का सिकंदर में उनके बलिदान, जिसमें सिकंदर जोहराबाई के कोठे पर मर जाता है, ने अमिताभ बच्चन को बॉलीवुड का बेताज बादशाह बना दिया।

### एक्टिंग की वर्सटैलिटी दिखाया

*1975 वह साल था जिसने बॉलीवुड के इतिहास को बांट दिया। एक तरफ 'दीवार' में अमिताभ बच्चन के 'आज खुश तो बहुत होगे तुम' ने राजेश खन्ना के 'चॉकलेट रोमांस' के ताबूत में आखिरी कील ठोक दी, तो दूसरी तरफ 'शोले' की सुनामी ने उन्हें 'सिक्का उछालने वाले' के तौर पर स्थापित कर दिया। उसी साल 'जमीर' और 'मिली' जैसी फिल्मों ने उनकी एक्टिंग की वर्सटैलिटी को दिखाया। 1970 के दशक के आगे बढ़ने के साथ, राजेश खन्ना को सोलो फिल्में पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा, जबकि अमिताभ बच्चन ने मल्टी-स्टारर फिल्मों के साथ बॉक्स ऑफिस पर राज किया।*

### बैक-टू-बैक हिट फिल्में

*दो अनजाने में बदले की आग और हेरा फेरी की मस्ती ने उन्हें युवाओं का पसंदीदा बना दिया। फिर 1977 में अमर अकबर एंथनी ने कॉमेडी और कमर्शियल सिनेमा के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। इसने परवरिश, खून पसीना और अदालत जैसी बैक-टू-बैक हिट फिल्मों के साथ, राजेश खन्ना को एहसास दिलाया कि वह दौर जब सिर्फ 'गर्दन टेढ़ी करके मुस्कुराने' से फिल्में बन जाती थीं, अब खत्म हो गया है।*

# कैबिनेट बैठक : हाउसिंग पॉलिसी 2023 को मंजूरी फार्मेसी अधिकारियों की भर्ती के नियमों में दी ढील

**बैठक में 31 एजेंडे रखे गए, जिनमें से 18 पर मुहर**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रिमंडल की बैठक 6.30 घंटे चली। बैठक में करीब 31 एजेंडे रखे गए थे, जिनमें से 18 एजेंडों पर मुहर लगी। बैठक में फार्मेसी अधिकारियों की भर्ती में ढील पर मुहर लगी। वहीं, सुपीरियर ज्यूडिशियल सेवा रूल्स में बदलाव किया गया। इसके साथ-साथ फार्मेसी अधिकारी के पद में संशोधन को भी मंजूरी दी गई।

### सुपीरियर ज्यूडिशियल सेवा रूल्स में किया बदलाव

सीएम नायब सैनी ने बताया, मंत्रिमंडल ने पंजाब न्यायालय अधिनियम, 1918 की धारा-30 में संशोधन को मंजूरी दी गई। संशोधन का उद्देश्य कानूनी अस्पष्टता दूर करना और केंद्रीय कानून से तालमेल स्थापित करना है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार, हरियाणा सुपीरियर ज्यूडिशियल सेवा नियम, 2007 में संशोधन को मंजूरी दी गई है। अलग-अलग भर्ती चैनल से आने वाले उम्मीदवारों के लिए अनुभव, आयु और योग्यता सेवा से जुड़े प्रावधानों को रैशनलाइज किया गया है। इसके अलावा, वरिष्ठता और रोस्टर प्रबंधन के नियमों में भी बदलाव किए गए हैं। मेरिट-कम-सीनियरिटी के जरिए प्रमोशन के लिए मौजूदा कोटा 65 प्रतिशत से संशोधित कर 50 प्रतिशत कर दिया गया है।

### भर्ती अनुपात बढ़ाकर 95% किया



सरकार ने फार्मेसी अधिकारियों की भर्ती के नियमों में ढील देने का निर्णय लिया गया है। बी फार्मेसी डिग्री में 6 माह के प्रशिक्षण की अवधि को शामिल किया गया है इसलिए मंत्रिमंडल की बैठक में फार्मेसी अधिकारियों के लिए अलग से अनिवार्य छह महीने के प्रशिक्षण की शर्त को हटाने की मंजूरी दी गई है। इससे राज्य में कर्मचारियों की कमी पूरी होगी और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा। फार्मेसी अधिकारी के पद के लिए भर्ती अनुपात में बदलाव किया गया है। अब, सीधी भर्ती का हिस्सा 75 प्रतिशत से बढ़ाकर 95 प्रतिशत कर दिया गया है, जबकि प्रमोशन का कोटा 25 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है।

### मिक्स लैंड यूज पॉलिसी को मंजूरी

बैठक में मिक्स लैंड यूज के बेहतर उपयोग के लिए एक महत्वपूर्ण नीति को मंजूरी दी गई है। पहले मिक्स लैंड यूज में आवासीय, वाणिज्यिक, संस्थागत और औद्योगिक उपयोग की अनुमति तो थी, लेकिन इनकी प्रतिशत तय न होने से कई परियोजनाएं रुकी हुई थीं। अब नई नीति के अनुसार, मिक्स लैंड यूज में आवासीय, वाणिज्यिक और संस्थागत उपयोग पर कोई प्रतिशत सीमा नहीं होगी।

### उद्योगों को ईडीसी में राहत

सीएम सैनी ने बताया कि औद्योगिक इकाइयां चाहें तो नियमों के अनुसार अपने उपयोग को आवासीय, वाणिज्यिक या संस्थागत में बदल सकती हैं। इसके साथ ही, मिक्स लैंड यूज में 70:30 का अनुपात लागू रहेगा, जिसमें कम से कम 70% प्रमुख और अधिकतम 30% सहायक होगा। अलग-अलग उपयोग के लिए न्यूनतम क्षेत्र, एफएआर और ग्राउंड कवरेज भी तय किए गए हैं, जिससे योजनाओं में स्पष्टता आएगी।

### कर्मचारियों को सीधे सरकार से लोन

- शहरी क्षेत्रों में किफायती आवास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज की बैठक में किफायती हाउसिंग पॉलिसी-2013 में संशोधन को मंजूरी दी गई है। सरकार ने औसतन 12 प्रतिशत की वृद्धि के साथ नई दरें तय की हैं। गुरुग्राम में प्रति वर्ग फुट दर में 575 रुपये की वृद्धि की गई है। अब नई दर 5,575 रुपये प्रति वर्ग फुट होगी, जो पहले 5,000 रुपये प्रति वर्ग फुट थी।
- क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करने हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर प्रोजेक्ट की संशोधित लागत अनुमान को मंजूरी दी गई है। पहले इस प्रोजेक्ट की मंजूर लागत 5,618 करोड़ रुपये थी, जबकि अब संशोधित लागत लगभग 11,709 करोड़ रुपये मंजूर की गई है।
- हरियाणा सरकार ने कर्मचारियों को दिए जाने वाले अग्रिम ऋणों की व्यवस्था को और सरल व पारदर्शी बनाने का निर्णय लिया है। वर्ष 2016 से लागू व्यवस्था के तहत ये ऋण पंजाब नेशनल बैंक के माध्यम से दिए जा रहे थे, जिसे अब पुनः राज्य सरकार के पुराने सिस्टम में लाया जाएगा। कर्मचारियों को मकान, वाहन, कंप्यूटर, विवाह आदि के लिए ऋण सीधे अब राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे।

### आप नेताओं ने अपनी जेब भरने के अलावा कोई काम नहीं किया नायब सैनी

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब की आप सरकार और इसके नेताओं पर जमकर हमला बोला है। सीएम ने कहा कि यह लोग भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं, हाल ही में एक अधिकारी द्वारा आत्महत्या करने का मामला बेहद ही गंभीर है, इसके पीछे भी भ्रष्टाचार है। सीएम ने कहा कि जनता से जो भी वादे किए गए मान सरकार ने पूरे नहीं किए। मुख्यमंत्री कैबिनेट की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री व आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल पर जमकर हमला बोला साथ ही कहा कि इन लोगों को अपनी जेब भरने के अलावा कोई काम नहीं है, अभी तक कितने ही नेता करप्शन में पकड़े गए हैं। पंजाब में एक अधिकारी द्वारा मंत्री से दुःखी होकर अपनी जान देना शर्मनाक घटना है।

## खबर संक्षेप

### युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** कांकेर जिले के छोटे बेठिया थाना क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है। ग्राम कलार कुटनी में एक 32 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक बीते कुछ दिनों से मानसिक रूप से विक्षिप्त था और उसका उपचार भी कराया जा रहा था। छोटे बेठिया थाना प्रभारी रमन लाल उसेंडी ने मामले की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कलार कुटनी निवासी शोभाराम वड्डे का बेटा राकेश वड्डे (32 वर्ष) मानसिक रूप से अस्वस्थ था। बीती रात करीब एक बजे राकेश घर से जाने की कोशिश करने लगा। उसके पिता ने उसे रोकने का काफी प्रयास किया, लेकिन वे सफल नहीं हो पाए। राकेश घर से भाग गया और रात को परिजन उसे खोज नहीं पाए। जब परिजनों ने खोजबीन की तो वो एक पेड़ पर फांसी पर झूलते हुए देखा गया।

### जल स्रोतों के पुनर्जीवन से संवरेगा मप्र का भविष्य

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व एवं दूरदर्शी निर्देशों के अनुरूप मप्र में जल संसाधनों के संरक्षण और संवर्धन के लिए 'जल गंगा संवर्धन अभियान' का शुभारंभ 19 मार्च से हो गया है। यह अभियान 139 दिनों तक निरंतर संचालित किया जाएगा, जिसका मुख्य ध्येय प्रदेश की जीवनदायिनी नदियों, ऐतिहासिक घाटों, पुरातन कुओं और पारंपरिक जल स्रोतों को उनके मूल स्वरूप में वापस लाना है। प्रदेश के सभी जिलों में प्रशासन और आमजन कंधे से कंधा मिलाकर इस पुनीत कार्य में अपनी सक्रिय सहभागिता दे रहे हैं। भू-जल स्तर को सुदृढ़ करने के लिए 'भू-जल पुनर्भरण' और पर्यावरण संतुलन के लिए 'हरित क्षेत्र विस्तार' को प्राथमिकता दी जा रही है। प्रदेश के जलाशयों और तालाबों की शुचिता बनाए रखने के लिए सफाई के विशेष सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें स्थानीय विधायकों एवं जनप्रतिनिधियों की ओर से स्वयं उपस्थित होकर नेतृत्व प्रदान किया जा रहा है। यह सामूहिक प्रयास अब एक जन-आंदोलन का रूप ले चुका है।

### एसआई-एएसआई के रिकॉर्ड खंगाल रहा पीएचक्यू

**भोपाल।** प्रदेश पुलिस में उपनिरीक्षक (एसआई) और सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) स्तर के अधिकारियों को उच्च पदों पर कार्यवाहक प्रभार देने की प्रक्रिया भले ही फिलहाल रुकी हुई हो, लेकिन पुलिस मुख्यालय ने इसके लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है। विभाग ने इस दिशा में एक जांच समिति का गठन कर अधिकारियों के रिकॉर्ड खंगालने का काम शुरू कर दिया है। संशोधित आदेश के तहत गठित यह समिति उन अधिकारियों की पात्रता का परीक्षण करेगी, जिन्हें भविष्य में उपनिरीक्षक से निरीक्षक और सहायक उपनिरीक्षक से उपनिरीक्षक पद पर कार्यवाहक प्रभार दिया जाना है। इस जांच समिति के अध्यक्ष अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (तकनीकी सेवाएं) केपी वेंकटेश्वर राव को बनाया गया है। वहीं, सदस्य के रूप में पुलिस उप महानिरीक्षक (प्रबंधन) सुनील कुमार पाण्डेय, पुलिस उप महानिरीक्षक (विशेष शाखा) डी कल्याण चक्रवर्ती और सहायक पुलिस महानिरीक्षक (कार्मिक) अमित सक्सेना को शामिल किया गया है। सभी अधिकारी भोपाल स्थित पुलिस मुख्यालय में पदस्थ हैं।

---

भारतीय सेना की विरासत से परिचय कराना युवाओं को सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित करना जरूरी

# भोपाल में सेना दिवस 15 जनवरी 2027 को होगी नई दिल्ली की 26 जनवरी जैसी परेड

**शौर्य स्मारक, बड़ा तालाब, जंबूरी मैदान, बीएचईएल के मुख्य मार्गों पर होंगे आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय सेना ने हर मौके और मोर्चे पर अदम्य साहस, शौर्य और सामर्थ्य का प्रदर्शन किया है। प्रदेशवासियों को भारतीय सेना की समृद्ध सैन्य विरासत से परिचित कराने और प्रदेश के युवाओं को भारतीय सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आगामी सेना दिवस 15 जनवरी 2027 को भोपाल में विशेष परेड आयोजित की जाएगी। भोपाल में सेना दिवस पर होने वाले इन कार्यक्रमों में शामिल होने का अनुभव, 26 जनवरी पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर होने वाले कार्यक्रमों के समान होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की राजधानी भोपाल में होने वाले इस आयोजन के लिए राज्य सरकार, भारतीय सेना को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव अनुराग जैन और चीफ़ ऑफ आर्मी स्टाफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी की उपस्थिति में मुख्यमंत्री समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ उपेंद्र द्विवेदी के साथ की बैठक में चर्चा की

### भोपाल में भव्य कार्यक्रम में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी होंगे शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई सैन्य अधिकारियों की बैठक में सेना प्रमुख, जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बताया कि आगामी सेना दिवस 15 जनवरी को भोपाल में भव्य सेना दिवस परेड आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही शौर्य संध्या, सेना के हथियारों संसाधनों और उपकरणों पर केंद्रित प्रदर्शनी तथा सैन्य अभ्यास का प्रदर्शन भी होगा। सेवानिवृत्त सैनिकों का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल होंगे। बैठक में अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय नीरज मंडलोई, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन, अरविंद चौहान, रंजीत सिंह, मेजर जनरल विकास लाल, ब्रिगेडियर नितिन भाटिया, कर्नल सौरभ कुमार, सन्नी जुनेजा, राजेश बंडले आदि मौजूद रहे।

#### भोपाल स्थित शौर्य स्मारक में संकल्प वृक्ष लगाया जाएगा

बैठक में बताया गया कि सेना दिवस 15 जनवरी 2027 पर होने वाले इन कार्यक्रमों की शुरुआत एक नवंबर मप्र स्थापना दिवस से होगी। स्थापना दिवस पर मेरी माटी अभियान के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों से मिट्टी लाकर भोपाल स्थित शौर्य स्मारक में संकल्प वृक्ष लगाया जाएगा।

---

सच्चा वादा पक्का काम...

## हमने जो कहा, पूरा करके दिखाया किसान समृद्ध होंगे, तभी समृद्ध होगा हमारा मध्य प्रदेशः सीएम



अभिनंदन समारोह को संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

- मुख्यमंत्री का आगर मालवा से आए किसानों ने किया अभिनंदन
- आगर मालवा में 200 करोड़ रुपए के 2 कामों की मंजूरी के लिए माना आभार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सच्चा वादा और पक्का काम, यही सरकार का संकल्प है। हमने किसानों से जो वादा किया था, वह पूरा करके भी दिखाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मुख्यमंत्री निवास में किसानों की ओर से आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। आगर-मालवा जिले के लिए 167.21 करोड़ रुपए लागत की आहू मध्यम सिंचाई परियोजना और 24.88 करोड़ रुपए की लागत से हड़ाई तालाब निर्माण को मंजूरी दी गई। इसके लिए किसानों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार व्यक्त किया।

---

शिकायत पर पुलिस ने की एफआईआर

## शिक्षक की शर्मनाक करतूत छेड़छाड़ का लगा आरोप




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले के डौंडी थाना क्षेत्र में एक शिक्षक की शर्मनाक करतूत सामने आई है। डौंडी स्थित बालक हायर सेकेंडरी स्कूल में पदस्थ शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षक (पीटीआई) और पूर्व जिला खेल अधिकारी नरेंद्र सिंह ठाकुर पर आरोप लगे हैं। एक महिला ने उन पर छेड़छाड़ और अश्लील टिप्पणी का आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार, यह घटना तब हुई जब महिला शिक्षक के घर के पास से गुजर रही थी। आरोपी नरेंद्र सिंह ठाकुर ने महिला को अकेला पाकर रोका। उसने महिला से अश्लील बातें करना शुरू कर दिया। इसके बाद आरोपी ने महिला को 500 रुपये का नोट दिखाया। उसने अनैतिक संबंध बनाने का प्रस्ताव भी दिया। पीड़िता ने इस शर्मनाक घटना की शिकायत पुलिस से की। डौंडी पुलिस ने शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी नरेंद्र सिंह ठाकुर के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है।

### जल्द गिरफ्तारी किए जाने का दावा

पीड़िता की शिकायत को डौंडी पुलिस ने गंभीरता से लिया। पुलिस ने बिना देर किए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया। भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस अब इस मामले में आवश्यक साक्ष्य जुटा रही है। जल्द ही आरोपी नरेंद्र सिंह ठाकुर को गिरफ्तार किया जाएगा।

आरोपी नरेंद्र सिंह ठाकुर डौंडी के बालक हायर सेकेंडरी स्कूल में शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षक हैं। वह पूर्व में जिला खेल अधिकारी भी रह चुके हैं। उन पर एक महिला से छेड़छाड़ और अश्लील टिप्पणी का आरोप है। 500 रुपये का नोट दिखाकर अनैतिक संबंध का प्रस्ताव देना भी आरोप में शामिल है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर ने मामले की पुष्टि की है।

---

कटनी और बलदेवगढ़ में निषादराज जयंती कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए डॉ. यादव

## निषादराज समाज की पंचायत शीघ्र होगी, मत्स्य पालन के लिए भी देंगे अधिक से अधिक सुविधाएंः मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल






मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान निषादराज ने भगवान श्रीराम को केवटराज से कहकर गंगाजी पार करवाने का पुण्य कार्य किया था। वनवास के पश्चात भगवान श्री राम ने पहली रात टोंस नदी के तट पर बिताई थी। श्रृंगवेगपुर (प्रयागराज) के राजा होने के नाते निषादराज ने जनजातीय सेना का सहयोग दिलवाया था। दोनों परम मित्र बने। उनकी मित्रता निश्चल और अटूट थी। राज्य सरकार मछुआ समाज के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए संकल्पबद्ध है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजा निषादराज जयंती पर कटनी और बलदेवगढ़ (टीकमगढ़) में आयोजित कार्यक्रमों को मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस से संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने निषादराज भगवान के जन्मोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि निषादराज और भगवान श्री राम के प्रसंग को इन कार्यक्रमों में जीवंत किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कृषक कल्याण वर्ष में मत्स्य पालन से जुड़े समुदाय के लिए विशेष सुविधाएं देने के लिए की गई पहल की जानकारी दी। मछुआ और केवट समाज के सदस्यों को राज्य सरकार की ओर से मत्स्यपालन कार्य के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आवश्यक सुविधाएं दिलवाई जाएंगी। कृषक कल्याण वर्ष : 2026 में समाज बंधुओं की समृद्धि के लिए कार्य होगा। शीघ्र ही मुख्यमंत्री निवास में निषादराज समाज की पंचायत का आयोजन भी किया जाएगा। इस पंचायत में मछुआ समाज के लिए रोजगार, शिक्षा, आवास से जुड़ी जानकारियां दी जाएंगी।

### 99 प्रतिशत जल क्षेत्र में मत्स्य उत्पादन हो रहा है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में 4.40 लाख हेक्टेयर जल क्षेत्र है, जिसमें से 99 प्रतिशत जल क्षेत्र में मत्स्य उत्पादन हो रहा है। जहां प्रदेश में स्मार्ट फिश पार्लर प्रारंभ करने, झींगा पालन, नीली क्रांति के तहत केज कल्चर से मछली पकड़ने को बढ़ावा देने, आईस बाक्स युक्त मोटरसाइकिल प्रदाय के साथ ही आधुनिक मछली पालन तकनीक का उपयोग किया जा रहा है।

---

सेप्टिक टैंक में तीन मजदूरों की मौत का गंभीर मामला

## ठेकेदार के बाद अब रामकृष्ण केयर अस्पताल प्रबंधन पर एफआईआर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में सेप्टिक टैंक में 3 मजदूरों की मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने ठेकेदार पर एफआईआर के बाद अब रामकृष्ण केयर अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ केस दर्ज किया है। इसके साथ ही एट्रोसिटी एक्ट की धारा भी जोड़ी गई है। इस मामले में परिजनों ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष हरदीप सिंह गिल से मुलाकात की थी। इस मामले की जानकारी सहायक पुलिस आयुक्त नवनीत पाटिल ने की है। अधिकारियों को निर्देश दिए कि मामले में एससी/एसटी एक्ट और मैनुअल स्कैवेंजिंग एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की जाए।

### परिजनों ने जताया था जमकर विरोध

मामला 17 मार्च को अस्पताल परिसर का है। यहां स्थित सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान सिमरन सिटी निवासी 3 मजदूर गोविंद सेंद्रे, अनमोल मांझी और प्रशांत कुमार की मौत हो गई थी। तीनों बिना किसी सुरक्षा उपकरणों के टैंक के भीतर सफाई करने के लिए उतरे थे। टैंक में जहरीली गैस के कारण तीनों उतारा गया था। इस हादसे के बाद परिजनों ने रहवासियों के साथ मिलकर अस्पताल परिसर में जमकर विरोध किया और प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पहले सफाई ठेकेदार किशन सोनी के खिलाफ लापरवाही के मामले में शिकायत दर्ज की थी। इस मामले में परिजनों की मांग थी कि मुख्य जिम्मेदारी अस्पताल प्रबंधन की है और उसके खिलाफ भी शिकायत होनी चाहिए। मामले की गंभीरता और मृतकों की पृष्ठभूमि को देखते हुए अब पुलिस ने रामकृष्ण केयर अस्पताल प्रबंधन को भी आरोपी बनाया है। जांच में यह बात सामने आई है कि, मैनुअल स्कैवेंजिंग पर प्रतिबंध के बावजूद मजदूरों को सीधे टैंक में उतारा गया। सुरक्षा के आवश्यक किट भी नहीं दिए गए जिस कारण से अस्पताल प्रबंधन जिम्मेदार है। इस मामले में सीएम ने भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे।


---

सुरक्षा बलों की एक विशेष टीम इंद्रावती नेशनल पार्क स्थित गुप्त ठिकाने की ओर रवाना

# इनामी नक्सली कमांडर पापा राव के संभावित आत्मसमर्पण की खबरों ने जगाई सुरक्षा एजेंसियों में नई उम्मीद की किरण

**मुख्यमंत्री साय ने इस घटनाक्रम को नक्सल विरोधी अभियान की बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर





छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में नक्सलवाद के खिलाफ चल रहे अभियान के बीच एक बड़ी हलचल देखने को मिल रही है। लंबे समय से इनामी नक्सली कमांडर पापा राव के संभावित आत्मसमर्पण की खबरों ने सुरक्षा एजेंसियों और प्रशासनिक हलकों में नई उम्मीद जगा दी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस घटनाक्रम को नक्सल विरोधी अभियान की बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा है। उनका कहना है कि केंद्र सरकार के नेतृत्व और सख्त रणनीति के कारण अब नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक दौर चल रहा है।

उन्होंने कहा कि तय समयसीमा (31 मार्च 2026) के करीब आते-आते ऐसे बड़े सरेंडर अभियान की सफलता को और मजबूत करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, पापा राव के साथ लंबे समय से बातचीत चल रही थी, जो अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है।

### 17 साथियों और हथियारों सहित कर सकता है आत्मसमर्पण

बताया जा रहा है कि सुरक्षा बलों की एक विशेष टीम इंद्रावती नेशनल पार्क के अंदर स्थित एक गुप्त ठिकाने की ओर रवाना हो चुकी है। अगर सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो पापा राव अपने 17 साथियों के साथ हथियारों सहित आत्मसमर्पण कर सकता है। जगदलपुर में बस्तर रेंज के वरिष्ठ अधिकारियों के सामने यह सरेंडर होने की संभावना जताई जा रही है। पापा राव नक्सल नेटवर्क का एक अहम और प्रभावशाली चेहरा रहा है। उसके ऊपर करीब 25 लाख रुपये का इनाम है और वेस्ट बस्तर डिवीजन का सचिव रहा है। दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी का सक्रिय सदस्य होने के साथ-साथ बस्तर में कई बड़े हमलों की रणनीति तैयार करने में उसकी प्रमुख भूमिका रही है।

### खूनी हमलों से जुड़ा नाम

पापा राव का नाम कई बड़े नक्सली हमलों में सामने आ चुका है। कुटरू-बेदरे रोड पर हुआ आईईडी ब्लास्ट, जिसमें 8 जवान शहीद हुए थे, उसी की योजना का हिस्सा माना जाता है। इसके अलावा एंबुश और सुरक्षाबलों पर कई हमलों की साजिश में भी उसकी सक्रिय भागीदारी रही है। वह पीएलजीए (पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी) में रणनीतिक और ऑपरेशनल दोनों स्तरों पर सक्रिय रहा है। उसका पारिवारिक जुड़ाव भी संगठन से रहा उसकी पत्नी उर्मिला भी नक्सली गतिविधियों में शामिल थी और एक मुठभेड़ में मारी जा चुकी है।

## चिंतन

# धर्मांतरण रोकने में अहम साबित होगा सुप्रीम कोर्ट का फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि जो व्यक्ति हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म को मानता है, वह अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं हो सकता यानी वह अनुसूचित जाति के लोगों को मिलने वाले लाभ व विशेषाधिकारों का पात्र नहीं हो सकता। न्यायमूर्ति पी. के. मिश्रा की अध्यक्षता वाली दो-न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि किसी अन्य धर्म में धर्मांतरण करने पर अनुसूचित जाति का दर्जा समाप्त हो जाता है। पीठ ने संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 के प्रावधानों का हवाला देते हुए आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय का 30 अप्रैल 2025 का आदेश को बरकरार रखा और कहा कि यह स्थिति स्पष्ट है। यह फैसला भारतीय सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य में दूरगामी प्रभाव डाल सकता है। यह निर्णय मूलतः उस संवैधानिक ढांचे की पुनर्पुष्टि है, जो अनुसूचित जातियों को ऐतिहासिक-सामाजिक भेदभाव के आधार पर संरक्षण देता है। अदालत का तर्क यह है कि जाति-आधारित उत्पीड़न मुख्यतः उन धर्मों की सामाजिक संरचना से जुड़ा है, जहां जाति व्यवस्था मौजूद है। इसलिए यदि कोई व्यक्ति ईसाई या इस्लाम जैसे धर्म को अपनाता है, जहां सैद्धांतिक रूप से जाति व्यवस्था नहीं मानी जाती तो उसे अनुसूचित जाति के विशेष अधिकारों जैसे आरक्षण व कानूनी संरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। इस फैसले का पहला बड़ा प्रभाव आरक्षण व्यवस्था पर पड़ेगा। ऐसे लोग जिन्होंने धर्म परिवर्तन किया है लेकिन अभी तक एससी प्रमाणपत्र रखते हैं, अब कानूनी रूप से उन लाभों के पात्र नहीं रहेंगे। इससे शिक्षा, सरकारी नौकरियों और राजनीतिक प्रतिनिधित्व में उनकी स्थिति प्रभावित हो सकती है। यह प्रशासनिक स्तर पर भी चुनौती पैदा करेगा, क्योंकि कई मामलों में धर्म परिवर्तन के बाद भी जाति प्रमाणपत्र रद्द नहीं किए जाते। दूसरा महत्वपूर्ण प्रभाव अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के उपयोग पर पड़ेगा। इससे ऐसे मामलों में कमी आ सकती है, जहां आरोप लगाया जाता रहा है कि कानून का दुरुपयोग हुआ। हालांकि इसके साथ ही यह चिंता भी उठेगी कि धर्म परिवर्तन कर चुके दलितों के साथ होने वाले भेदभाव को अब किस कानूनी ढांचे में संबोधित किया जाएगा। तीसरा पहलू सामाजिक और राजनीतिक बहस का है। लंबे समय से यह मुद्दा उठता रहा है कि धर्म परिवर्तन के बावजूद सामाजिक भेदभाव समाप्त नहीं होता। ऐसे में यह निर्णय इस बहस को और तेज कर सकता है कि क्या एससी दर्जा केवल धर्म से जुड़ा होना चाहिए या सामाजिक वास्तविकताओं के आधार पर तय होना चाहिए। यह फैसला केवल एक कानूनी व्याख्या नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह सरकार और समाज दोनों के सामने यह चुनौती रखता है कि वे धर्म परिवर्तन कर चुके दलितों के अधिकारों और सुरक्षा के लिए एक संतुलित और समावेशी नीति तैयार करें, ताकि समानता और न्याय के संवैधानिक आदर्शों को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। हालांकि यह फैसला भविष्य में धर्मांतरण पर रोक लगाने में भी मील का पत्थर साबित हो सकता है। अनेक बार ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां पर प्रलोभन देकर अनुसूचित जाति के लोगों का धर्मांतरण कराने का आरोप लगा है। इस फैसले से एससी वर्ग के लोग धर्मांतरण करने से बचेंगे।

# पेट्रो समस्या और आज का भारत



आर्थिकी
बृजेश कुमार द्विवेदी

> अब भारत किसी एक क्षेत्र या देश पर पूरी तरह निर्भर नहीं है। मध्य-पूर्व के पारंपरिक स्रोतों के साथ-साथ रूस, अमेरिका और अन्य क्षेत्रों से आयात की नीति ने जोखिम को काफी हद तक संतुलित किया है। यह रणनीति वैश्विक संकटों के प्रभाव को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सबसे महत्वपूर्ण पहलू रिफाइनिंग क्षमता का विस्तार है। भारत आज न केवल अपनी जरूरतों को पूरा करने में सक्षम है, बल्कि पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में भी महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इससे आपूर्ति श्रृंखला अधिक लचीली और सुदृढ़ बनी है। इसके साथ ही भारत ने रणनीतिक तरीके से पेट्रोलियम भंडार को सुदृढ़ किया है। यह कहना उचित होगा कि इतिहास ने भारत को सावधान रहना सिखाया है

भारत ने ऊर्जा अस्थिरता का दौर पहले भी देखा है। विशेष रूप से 1973 में तेल समस्या के समय, जब तेल उत्पादक देशों द्वारा आपूर्ति सीमित कर दी गई थी, दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाएं हिल गईं थीं। उस दौर में भारत आयात पर निर्भर था और देश के पास न तो पर्याप्त भंडारण था और न ही विविध आपूर्ति के स्रोत थे इसलिए गंभीर दबाव में आ गया था। तब महंगाई बढ़ी, आर्थिक विकास प्रभावित हुआ और ऊर्जा सुरक्षा की सीमाएं स्पष्ट हो गईं, लेकिन पांच दशकों में भारत की स्थिति में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। आज का भारत उस समय के भारत से कई मायनों में अलग है-नीतिगत रूप से भी और संरचनात्मक रूप से भी। सबसे बड़ा बदलाव ऊर्जा स्रोतों का विविधीकरण है। अब भारत किसी एक क्षेत्र या देश पर पूरी तरह निर्भर नहीं है।

मध्य-पूर्व के पारंपरिक स्रोतों के साथ-साथ रूस, अमेरिका और अन्य क्षेत्रों से आयात की नीति ने जोखिम को काफी हद तक संतुलित किया है। यह रणनीति वैश्विक संकटों के प्रभाव को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सबसे महत्वपूर्ण पहलू रिफाइनिंग क्षमता का विस्तार है। भारत आज न केवल अपनी जरूरतों को पूरा करने में सक्षम है, बल्कि पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में भी महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इससे आपूर्ति श्रृंखला अधिक लचीली और सुदृढ़ बनी है। इसके साथ ही भारत ने रणनीतिक तरीके से पेट्रोलियम भंडार को सुदृढ़ किया है। अतीत में इसकी अनुपस्थिति ने संकट को गहरा किया था, लेकिन आज भारत ने आपात स्थितियों से निपटने के लिए भंडारण की मजबूत व्यवस्था विकसित की है। यह किसी भी अचानक वैश्विक झटके के समय देश को आवश्यक समय और स्थिरता प्रदान करता है। पेरिस स्थित अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी आईईए ने कहा कि संघर्ष के कारण वैश्विक तेल बाजार के इतिहास में सबसे बड़ी आपूर्ति बाधा उत्पन्न हुई है, जो 1970 के दशक के संकट को भी पार कर गई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा में अपने अपने संबोधन में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का उल्लेख किया, जो वैश्विक तेल व्यापार की सबसे महत्वपूर्ण जीवन रेखा मानी जाती है। भारत अपनी जरूरत का एक बड़ा हिस्सा इसी समुद्री रास्ते से मंगवाता है। युद्ध की वजह से इस रास्ते पर जहाजों का आवागमन बेहद चुनौतीपूर्ण और जोखिम भरा हो गया है। चूंकि भारत अपनी जरूरत की 60 प्रतिशत एलपीजी का आयात करता है, इसलिए आपूर्ति में जरा सी भी अनिश्चितता देश के करोड़ों रसोईघरों के बजट को बिगाड़ सकती है।

सरकार का मुख्य फोकस इसी बात पर है कि युद्ध के बावजूद सामान्य परिवारों तक गैस और पेट्रोल-डीजल की पहुंच बाधित न हो। गैस क्षेत्र में देश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। पाइपलाइन नेटवर्क का विस्तार, एलएनजी टर्मिनलों की स्थापना और सिटी गैस वितरण व्यवस्था ने ऊर्जा की पहुंच को अधिक व्यापक और विश्वसनीय बनाया है। फिर भी, यह मान लेना कि भारत पूरी तरह



सुरक्षित है, यह भी उचित नहीं होगा। देश अभी भी अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है और अंतरराष्ट्रीय कीमतों का असर घरेलू बाजार पर पड़ता ही है। युद्ध और भू-राजनीतिक तनाव वैश्विक आपूर्ति को प्रभावित कर सकते हैं, जिससे कीमतों में अस्थिरता बनी रह सकती है। यही कारण है कि आत्मनिर्भरता और वैकल्पिक ऊर्जा पर जोर पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।

ओएनजसी समेत पेट्रो से सम्बंधित संस्थाओं के माध्यम से घरेलू उत्पादन बढ़ाने के प्रयास और सौर, पवन तथा ग्रीन हाइड्रोजन जैसे विकल्पों में निवेश, भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा की दिशा तय करेंगें। आज का भारत 1970 के दशक के संकटग्रस्त भारत से कहीं अधिक सक्षम, सजग और तैयार है। प्रधानमंत्री का आश्वासन इसी बदले हुए परिदृश्य का संकेत है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए भारत ने जमीन के नीचे कच्चे तेल का विशाल भंडार तैयार किया है, जिसे स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व जिसे एसपीआर कहा जाता है। वर्तमान में भारत के पास 53 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा कच्चा तेल सुरक्षित रखा हुआ है। यह भंडार मुश्किल वक्त में देश की लाइफ लाइन साबित हो सकता है। इसके अलावा, सरकार 65 लाख मीट्रिक टन की अतिरिक्त भंडारण क्षमता विकसित करने पर भी तेजी से काम कर रही है। यह सरकारी रिजर्व तेल कंपनियों के पास मौजूद अपने निजी स्टॉक से बिल्कुल अलग है, जो केवल राष्ट्रीय संकट के समय इस्तेमाल के लिए सुरक्षित रखा गया है। संसद में प्रधानमंत्री ने ये भी बताया कि सरकार न केवल मौजूदा स्टॉक को मैनेज कर रही है, बल्कि भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए फर्टिलाइजर और कच्चे तेल के नए स्त्रोतों की तलाश भी कर रही है। तेल कंपनियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने पास पर्याप्त बफर स्टॉक बनाए रखें, ताकि किसी भी अल्पकालिक बाधा का असर आम जनता पर न पड़े। आज की वैश्विक परिस्थितियों में किसी भी देश की संप्रभुता उसकी एनर्जी सिक्योरिटी यानी ऊर्जा सुरक्षा पर टिकी है। भारत जिस तरह से अपने पेट्रोलियम रिजर्व को बढ़ा रहा है और नए देशों के साथ व्यापारिक संबंध जोड़ रहा है, वह भविष्य के किसी भी बड़े तेल संकट के खिलाफ एक मजबूत ढाल है। यदि पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ता भी है, तो भारत के पास कई महीने तक देश चलाने के लिए पर्याप्त बैकअप प्लान मौजूद है।

वहीं भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान में पेट्रोलियम की कमी के चलते त्राहि-त्राहि मची हुई है। सरकारी कार्यालय हफ्ते में चार दिन खुल रहे हैं, पेट्रोल पंपों पर लंबी-लंबी कतारें देखी जा रही हैं, वहीं बांग्लादेश में पेट्रोल-डीजल गैस के दाम आसमान छू रहे हैं और जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि भारत में ऐसा कुछ भी नहीं है। अंततः, यह कहना उचित होगा कि इतिहास ने भारत को सावधान रहना सिखाया है और वर्तमान ने उसे सक्षम बनाया है। यदि यही संतुलन-सतर्कता और तैयारी-बनी रहती है तो वैश्विक उथल-पुथल के बीच भी भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को सुरक्षित रखने में हर कीमत पर सफल रहेगा।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विजन

प्रेम प्रकाश



# ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था पर जोर बढ़ा रहा है भारत

स्टैनफोर्ड ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी रिपोर्ट 2025 में एआई प्रतिस्पर्धात्मकता एवं बेहतर इकोसिस्टम के लिहाज से भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है। इसी तरह गिटहब पर एआई परियोजनाओं के मामले में हम दूसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता हैं। इसके आगे के सफर के लिए भी देश पूरी तरह मुस्तैद है। केंद्र सरकार ने इंडिया एआई मिशन के लिए 10,372 करोड़ रुपये के विशाल परिव्यय की घोषणा करके पहले ही साफ कर दिया है कि वह केवल तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि निर्माता बनना चाहता है। अच्छी बात यह है कि तमाम राज्य सरकारों ने खासतौर पर नए वित्तीय वर्ष के लिए अपने बजटीय प्रावधानों में केंद्र के इस विजन को स्थान दिया है। जिस राज्य ने खासतौर पर अपने बजटीय प्रावधानों से चौंकाने का क्रम जारी रखा है, वह है गुजरात। प्रदेश की भूपेंद्र पटेल सरकार ने इस बार के बजट में गिफ्ट सिटी के विस्तार के माध्यम से एआई के क्षेत्र में वैश्विक निवेश आकर्षित करने पर जिस तरह जोर दिया है, वह दिखाता है कि गुजरात का विकास मॉडल भविष्य में सशक्त होने के साथ स्मार्ट भी होगा।

गुजरात ने अपनी नई आईटी और आईटीईएस नीति के तहत एआई परियोजनाओं के लिए विशेष प्रोत्साहन की घोषणा की है। बजट में सेमीकंडक्टर और एआई चिप डिजाइनिंग को लेकर गुजरात को देश का अग्रणी राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। 2014 में तेलंगाना के गठन के बाद हैदराबाद के अलग हो जाने से आंध्र प्रदेश के सामने लगातार यह चुनौती रही है कि अमरावती को वह इस रूप में विकसित करे कि नई राजधानी के साथ एक बड़े आईटी व एआई हब के रूप में भी उसकी पहचान स्थापित हो। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने बजट में अमरावती को भविष्य की एआई राजधानी बनाने का संकल्प व्यक्त किया है। राज्य सरकार ने बजट में कौशल विकास केंद्रों को एआई स्किलिंग लैब में बदलने के लिए विशेष फंड की घोषणा की है। महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्य, जो पहले से ही आईटी हब रहे हैं, उन्होंने अब अपना ध्यान जेनरेटिव एआई पर केंद्रित किया है। कर्नाटक सरकार ने बेंगलुरु को वैश्विक स्तर पर एआई कैपिटल की पहचान दिलाने के लिए बजट में एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के विस्तार का प्रस्ताव दिया है। इसी तरह कर्नाटक के बजट में स्टार्टअप्स के लिए एआई-एज फंड की घोषणा की गई है। वहीं, महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई और पुणे में एआई डेटा केंद्रों के निर्माण के लिए स्टांप



ड्यूटी में छूट और बिजली सब्सिडी जैसे बजटीय प्रावधान किए हैं। बात करें देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश की तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने लखनऊ में भारत की पहली एआई सिटी के निर्माण को बजट की सबसे बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश किया है। योगी सरकार को भरोसा है कि राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य में एआई सिटी एक इंजन के रूप में काम करेगी। राज्य सरकार ने नोएडा को एक ग्लोबल डेटा सेंटर हब के रूप में विकसित करने के लिए भी अतिरिक्त बजट दिया है, जो एआई एल्गोरिद्म को प्रोसेस करने के लिए रीढ़ की हड्डी का काम करेगा। यूपी से लगा राज्य है बिहार। यह प्रदेश अब केवल पारंपरिक कृषि या श्रम-आधारित अर्थव्यवस्था तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि आईटी पॉलिसी 2024 और नई बजट घोषणाओं के बूते वह विकास के साथ प्रशासनिक ढांचे में बड़े सुधार की दिशा में बढ़ना चाहता है। राज्य सरकार ने एआई और मशीन लर्निंग के माध्यम से राज्य के राजस्व संग्रह को पारदर्शी बनाने और बाढ़ प्रबंधन जैसे गंभीर संकटों के समाधान के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए हैं। साथ ही प्रदेश की राजधानी पटना में एक अत्याधुनिक आईटी पार्क और डेटा सेंटर की स्थापना के लिए राशि आवंटित की गई है, जिसका मकसद युवाओं को डेटा एनोटेशन और एआई विकास में रोजगार देना है।

यह देखना खासा दिलचस्प है कि बीते एक दशक में जिस सहकारी संघवाद की चर्चा खूब हुई है, वह विकास के क्षेत्र में आज सहयोग और समन्वय का ऐसा मॉडल बनकर उभरा है। विचार, परंपरा और भूगोल तक की अनेक असमानताओं और चुनौतियों के बीच कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे नए क्षेत्र में भारत आज यदि एकजुटता के साथ आगे बढ़ रहा है तो यह नए भारत का दमखम ही नहीं, उसका नया आत्मपरिचय भी है।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## धन्वंतरि का ध्यान कर स्वास्थ्य के प्रति सचेष्ट रहें



संकलित
दर्शन

धन त्रयोदशी या धनतेरस पर्व की विशेषता यही है कि उस दिन आप यह मानें कि आप जो चाहते हैं, वह धन आपके पास है। केवल सोना-चांदी ही धन नहीं है, ज्ञान भी धन है। यह सबसे बड़ा धन है। आपको अपने ज्ञान को संजोना चाहिए और प्रचुरता का अनुभव करना चाहिए। जीवन में धन्यभागी अनुभव करना, कृतज्ञता का अनुभव करना सबसे बड़ा धन है, जिनमें कृतज्ञता का अभाव होता है, वे धनी नहीं होते हैं। स्वास्थ्य भी धन है। स्वास्थ्य यदि ठीक नहीं, तो भौतिक धन का क्या उपयोग हो सकता है। धन त्रयोदशी देवताओं के वैद्य भगवान धन्वंतरि की जयंती भी है। कहा जाता है कि वह समुद्र मंथन में अमृत का कलश लेकर प्रकट हुए थे। अतः धन त्रयोदशी पर धन्वंतरि का ध्यान कर अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सचेष्ट रहें। योग व ध्यान करें। आपके पास जो मानव शरीर है, यह भी तो ईश्वर का दिया बड़ा उपहार है। यह भी धन है। हमारी चेतना में ऐसा गुण है कि जो बीज आप बोते हैं, वही प्रकट होता है। यदि आप यह सोचें कि वर्तमान में मेरे पास पर्याप्त धन है, तब आप धन के पीछे पागल नहीं होते। जब आप सोचते हैं कि मेरे पास पर्याप्त धन है, चेतना में धैर्य आता है, हिम्मत आती है। कहा गया है, उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मीः, जिसका अर्थ है, जो मेहनत करता है और शेर जैसा निर्भय होकर चलता है, लक्ष्मी भी उसी के पास आती हैं। धनतेरस के दिन अपनी चेतना से 'अभाव के भाव' को उखाड़ कर फेंक दीजिए। अपने मन से, 'मैं विपन्न हूं, मैं भिखारी हूं' ये सब बातें हटा दीजिए।

## कभी भी अपने पद और धन का घमंड न करें



संकलित
प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष को एक दिन अपने पद और धन का घमंड हो गया है। इसी घमंड में वे शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी को सपरिवार अपने महल में खाने के लिए निमंत्रण दिया। शिवजी ने कहा कि मैं तो कहीं आता-जाता नहीं हूं, आप एक काम करें, गणेश को अपने साथ ले जाएं। खाने का निमंत्रण पाकर गणेश जी कुबेर के महल पहुंच गए। कुबेर ने उनके लिए बहुत सारा खाना बनवाया। गणेश जी खाने बैठे तो वे खाए जा रहे थे, थोड़ी ही देर में कुबेर की रसोई का पूरा खाना खत्म हो गया। गणेश जी ने और खाना मांगा। कुबेर ये देखकर घबरा गए। गणेश जी बार-बार खाना मांग रहे थे। कुबेर ने गणेश जी के सामने हाथ जोड़ लिए और कहा कि अब तो मेरे घर का सारा खाना खत्म हो गया है। गणेश जी ने कहा कि लेकिन मेरी भूख तो अभी शांत ही नहीं हुई है। मुझे अपने रसोईघर में ले चलो। कुबेर गणेश जी को रसोईघर में ले गए तो वहां रखी सभी चीजें गणेश खा गए। उन्होंने शिव जी को पूरी बात बता दी। शिव जी ने गणेश जी से कहा कि जाओ, माता पार्वती को बुलाकर लाओ। मां पार्वती को देखकर गणेश ने कहा कि मां, कुबेर देव के खाने से मेरी भूख शांत नहीं हुई है। पार्वती अपने रसोईघर में गईं और खाना बनाकर ले आईं। उन्होंने जैसे ही गणेश जी को अपने हाथ से खाना खिलाया तो गणेश तृप्त हो गए। मां और खिलाने लगी तो गणेश जी ने कहा, मां मेरा पेट भर गया है। ये सब देखकर कुबेर देव का घमंड टूट गया और उन्हें अपनी गलती समझ आ गई। कुबेर ने सभी से क्षमा मांगी।

## चैती छठ



असम के गुवाहाटी में मंगलवार को 'चैती छठ' त्योहार के दौरान महिलाएं ब्रह्मपुत्र नदी में पूजा-पाठ करती हुईं।

## आज की पाती

### मोदी ने तोड़ा चामलिंग का रिकॉर्ड

भारत की लोकतांत्रिक यात्रा में कुछ ऐसे क्षण आते हैं जो इतिहास का स्थायी हिस्सा बन जाते हैं। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण पड़ाव तब सामने आया जब नरेंद्र मोदी देश में सबसे लंबे समय तक सरकार के प्रमुख रहने वाले नेता बन गए। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री दोनों पदों को मिलाकर 8931 दिनों तक शासन का नेतृत्व करना केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति के बदलते स्वरूप का भी संकेत है। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने पवन कुमार चामलिंग के लंबे समय तक बने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जो स्वयं स्थिर शासन और विकास के प्रतीक माने जाते रहे हैं। नरेंद्र मोदी का यह सफर साधारण परिस्थितियों से शुरू होकर असाधारण ऊंचाइयों तक पहुंचने की कहानी है।

*- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

### दक्षिण अफ्रीका के एक प्रांत में हिंदू संगठन की सराहना

दक्षिण अफ्रीका के गौटेंग प्रांत के प्रमुख के कार्यालय ने देश में सामाजिक सामंजस्य व मानवतावाद को बढ़ावा देने में प्रमुख हिंदू संगठन 'एसए हिंदूज' की भूमिका की सराहना की। जोहानिसबर्ग के लीनासिया में आयोजित संगठन के 10वें वार्षिकोत्सव समारोह के मौके पर उसकी यह सराहना की गई। गौटेंग के प्रमुख पनयाजा लेसुफी का प्रतिनिधित्व करने वाले एक प्रतिनिधिमंडल ने 'एसए हिंदूज' की संस्थापक पंडिता लूसी की भूमिका की भी प्रशंसा की और बताया कि उनकी योजनाएं प्रशासन की योजनाओं से मेल खाती हैं। लेसुफी खुद इस समारोह में शामिल नहीं हो सके। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य उनाथी एमफेंडु ने कहा, 'हम यह भी देख रहे हैं कि देश में भ्रष्टाचार के मुद्दों का हल कैसे निकाला जा सकता है, और पंडिता लूसी भी इसी तरह काम कर रही हैं। यही कारण है कि हम यहां उन्हें अपना समर्थन देने आए हैं।'उन्होंने 'एसए हिंदूज' की ओर से जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए उठाए गए कई कदमों का उल्लेख किया, जिनमें खाद्य सामग्री वितरण और सामाजिक एवं कल्याण से जुड़ी सहायता शामिल हैं।



## ऑफ बीट

### मनुष्य मृत्यु के बाद के जीवन से आकर्षित रहा

जैसे–जैसे हैलोवीन करीब आता है, हम भूतों, राक्षसों और पिशाचों के बारे में सोचना शुरू कर देते हैं। लेकिन मृत्यु के बाद के जीवन और दूसरी दुनिया के प्रति आकर्षण कोई नई बात नहीं है : दुनिया भर की भूत की कहानियां साबित करती हैं कि यह प्रागैतिहासिक काल से मानव अनुभव का हिस्सा रहा है। 5,000 साल पहले लेखन के आविष्कार से पहले भी, मनुष्यों को उन सामानों के साथ दफनाया जाता था जो उनके बाद के जीवन में उपयोगी हो सकते थे, जैसे पीने के बर्तन या हथियार। यद्यपि प्रागैतिहासिक कब्र के सामान के अर्थ के बारे में कुछ बहस है, मेसोपोटामिया के भूत विशेषज्ञ इरविंग फिंकेल दृढ़ता से तर्क देते हैं कि वे एक विश्वास को प्रतिबिंबित करते हैं कि मृत व्यक्ति का कुछ हिस्सा अगले जीवन में बना रहेगा। मेसोपोटामिया, एक ऐतिहासिक क्षेत्र जो मोटे तौर पर आधुनिक इराक के क्षेत्र में स्थित है, दुनिया के कुछ महान साम्राज्यों का घर था। प्राचीन मेसोपोटामिया के भूत और राक्षस शायद आज डरावनी फिल्मों में अपनी उपस्थिति के कारण सबसे ज्यादा जाने जाते हैं। घोस्टबस्टर्स ( में, सिगोरनी वीवर्स के दाना को ज़ूल अपने कब्जे में कर लेता है, जो काल्पनिक देवता गोज़र का एक सेवक है, जिसे फिल्म की पृष्ठभूमि में सुमेरियों द्वारा एक देवता के रूप में पूजा जाता था।



## ट्रेंड

### स्थापना दिवस की बधाई



असम राइफल्स के वीर जवानों, उनके परिवारों को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। वे पूर्वोत्तर के दुर्गम इलाकों में हमारी सीमाओं की रक्षा करते हैं, मानवीय सहायता के माध्यम से समुदायों में विश्वास कायम करते हैं।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### नारी सशक्तिकरण



प्रत्येक जिले में गर्ल्स हॉस्टल की व्यवस्था का महत्वपूर्ण प्रावधान नारी सशक्तिकरण को नई दिशा प्रदान करेगा और बेटियों को सुरक्षित व बेहतर शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराएगा। विभिन्न योजनाओं तथा वित्तीय समावेशन के ये प्रावधान उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में सशक्त करेंगे।

-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### रानी हाट



दिल्ली में "रानी हाट" स्थापित किए जाएंगे, जहां हमारी बहनें अपने हुनर, अपने उत्पाद और अपने उद्यम को एक सशक्त पहचान दे सकेंगी। सेल्फ हेल्प ग्रुप्स के माध्यम से हर बहन को आत्मनिर्भर बनाने, हर हाथ को सशक्त करने और हर परिवार को संबल देने का यह प्रयास है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### हॉकी एशियन चैंपियनशिप



पंजाब में पहली बार हॉकी एशियन चैंपियनशिप होने जा रही है। इस उपलब्धि के पीछे पंजाब सरकार और सीएम भगवंत मान की कड़ी मेहनत है और इसी मेहनत के दम पर पंजाब अब हर क्षेत्र में अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ रहा है।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# भाजपा ने बिहार के सांसद-विधायकों को मैदान में उतारा, 'एक हफ्ता, एक क्षेत्र' का टास्क पूरा करने को कहा, सीएम ममता भी पीछे नहीं

एजेंसी ▸▸ पटना नई दिल्ली

*पश्चिम बंगाल और असम विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी रणनीति को धार देना शुरू कर दिया है। बिहार भाजपा के सांसद और विधायक दूसरे राज्यों में जा रहे हैं। इसको लेकर प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी की अध्यक्षता में सभी विधायकों एवं सांसदों की आभासी बैठक हुई।सांसदों एवं विधायकों को खासतौर पर बंगाल के साथ असम में कम से कम एक सप्ताह समय देने का टास्क दिया गया है।*

पश्चिम बंगाल और असम विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा रणनीति को धार देने में जुट गई है। बिहार भाजपा के सांसद और विधायक दूसरे राज्यों में जा रहे हैं। इसको लेकर प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी की अध्यक्षता में सभी विधायकों एवं सांसदों की आभासी बैठक हुई।

सांसदों एवं विधायकों को खासतौर पर पश्चिम बंगाल के साथ असम के अलग-अलग जिलों में कम से कम एक सप्ताह समय देने का टास्क दिया गया है। इन्हें बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त करने, स्थानीय कार्यकर्ताओं से समन्वय स्थापित करने एवं चुनावी माहौल को भाजपा के पक्ष में बनाने जैसे काम दिए गए हैं। इन्हें अपने कामकाज का लिखित विवरण भी देना होगा। बिहार के 19 सांसद, 89 विधायक, 25 विधान पार्षद एवं 136 पूर्व विधायकों को इसमें लगाया गया है।सांसदों-विधायकों के अलावा शेष जनप्रतिनिधियों को भी अनिवार्य रूप से प्रवास का दायित्व दिया गया है। पार्टी प्रवास कार्यक्रम का थर्ड पार्टी मानीटरिंग साथ ही दायित्व का लेखा-जोखा मंगाएगी।

**पश्चिम बंगाल में ज्यादा जोर दिया**

5 राज्यों में विधानसभा चुनाव और उप चुनावों पर सभी पार्टियां दिखाने लगी दमखम


भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी करेंगे नेतृत्व

**प्रदर्शन की समीक्षा की जाएगी**

इन नेताओं के प्रदर्शन की नियमित समीक्षा भी की जाएगी। उन्हें बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने, जनसंपर्क अभियान चलाने और स्थानीय मुद्दों को समझकर उसके अनुसार रणनीति बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

### भाजपा ने गठबंधन की जीत के लिए कई स्तर पर किए सुधार



भाजपा नेताओं के अनुसार इस चुनाव में गठबंधन की जीत के लिए कई स्तर पर सुधार किए हैं। इस चुनाव में अन्नाद्रमुक को 178, भाजपा को 27, पीएमके को 18 और अम्मा मक्कल मुनेत्र कड़गम (एएमएमके) को 11 सीट दी है। पार्टी नेताओं का कहना है कि इस बार एएमएमके को भी साथ में लेकर चल रहे हैं। साल 2018 में टीटीवी दिनाकरन ने अन्नाद्रमुक से अलग होकर बना एक क्षेत्रीय राजनीतिक दल अम्मा मक्कल मुनेत्र कषगम बना लिया था। पार्टी के अलग होने के बाद दोनों को नुकसान हुआ था।इस चुनाव में गठबंधन जीत की हर संभावनाओं पर काम कर रहा है। नागरकोइल से विधायक एमआर गांधी का कहना है कि इस बार राजग की जीत होगी। वहीं अन्य नेताओं का कहना है कि पार्टी साल 2016 की तरह प्रदर्शन करेगी। इस चुनाव में पार्टी अपने पुराने सहयोगियों के साथ मैदान में हैं।

### समन्वय की जिम्मेदारी

इन्हें स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे स्थानीय संगठन के साथ समन्वय स्थापित करें, बूथ कमेटियों को सक्रिय बनाएं और चुनावी माहौल को भाजपा के पक्ष में तैयार करें।भाजपा नेतृत्व का यह कदम इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि पश्चिम बंगाल में पार्टी को कड़ी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है। ऐसे में बाहरी राज्यों के अनुभवी नेताओं को मैदान में उतारकर पार्टी अपनी रणनीतिक बढ़त बनाने की कोशिश कर रही है।बिहार के नेता पहले भी अन्य राज्यों के चुनावों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं और संगठन को मजबूत करने में उनकी भूमिका प्रभावी मानी जाती है।

गैस बुकिंग पर फिर नए नियम, जनता की बढ़ेंगी मुश्किलें

## डबल सिलेंडर होने पर 25 नहीं अब 35 दिन बाद होगी बुकिंग

**नई दिल्ली।** एलपीजी की किल्लत के बीच गैस बुकिंग को लेकर फिर नए नियम आ गए हैं। तेल कंपनियों ने इन्हें लागू कर दिया है। इसके तहत अब ऐसे घरों को 35 दिन बाद गैस सिलेंडर मिलेगा जहां पहले से दो सिलेंडर हैं। उज्जवला योजना वाले उपभोक्ताओं को 45 दिन के गैप पर सिलेंडर का नियम आ गया है। एलपीजी की सप्लाई में बढ़ती दिक्कत के बाद यह कदम उठाया गया है। हालांकि, एक सिलेंडर वालों के लिए नियम पहले जैसे ही रहेगा। यानी उन्हें 25 दिन के गैप पर सिलेंडर मिलेगा। एलपीजी एसोसोसिएशन नए नियमों को तत्काल लागू कर दिया गया है। सभी एजेंसियों पर इस बाबत सूचना आ गई है। नए नियम शहरी, ग्रामीण और दुर्गम सभी क्षेत्रों में लागू होंगे। अब उपभोक्ता तय समय सीमा पूरी होने के बाद ही अगली गैस रिफिल बुक कर सकेंगे, इससे पहले बुकिंग करने पर सिस्टम द्वारा बुकिंग स्वतः ब्लॉक कर दी जाएगी। नियमों में इन बदलाव की खबर ऐसे समय में आई है जब केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि भारत के पास पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक है। होर्मुज स्ट्रेट की स्थिति से जुड़ी रुकावटों के बावजूद सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया था कि पूरे देश में पेट्रोल पंप पूरी तरह से काम कर रहे हैं। हालांकि अफवाहों के कारण घबराहट में की गई खरीदारी से कुछ इलाकों में बिक्री सामान्य से ज्यादा हो गई थी।

पालम आग

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात और सौंपे सहायता राशि के चेक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मंगलवार को विधानसभा में बजट पेश करने के बाद सीधे पालम में आग पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचीं। मुख्यमंत्री के साथ मंत्री आशीष सूद और स्थानीय विधायक कुलदीप सोलंकी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने परिवार के मुखिया राजेंद्र कश्यप से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और सरकार की ओर से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरी सरकार परिवार के साथ खड़ी है। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा या जिसकी भी लापरवाही सामने आएगी, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राजेंद्र कश्यप को सरकार द्वारा घोषित सहायता राशि का चेक भी प्रदान किया। कुल 81 लाख रुपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने हादसे में बचे परिवार के अन्य सदस्यों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। वर्तमान में राजेंद्र कश्यप के दो बेटे अस्पताल में उपचाराधीन हैं। इनमें एक द्वारका के वेंकटेश्वर अस्पताल में और दूसरे सफदरजंग अस्पताल में भर्ती है। मुख्यमंत्री ने संतोष व्यक्त किया कि उनका उपचार सही ढंग से चल रहा है। वहीं, उनकी पोती को अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और वह फिलहाल अपने नाना के घर पर सुरक्षित है।

## ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर के इलाज में मदद करेगा एआई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत सहित दुनिया भर में महिलाओं के लिए ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर एक बड़ी समस्या बने हुए हैं। पहचान की कमी और जांच के अभाव से महिलाओं में पनपने वाले इस कैंसर के इलाज में देरी हो जाती है। आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस (एआई) की बढ़ती भूमिका अब कैंसर के शुरुआती निदान और सटीक उपचार में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी।

पूरी क्षमता से काम कर रही तेल रिफाइनरियां, एलपीजी उत्पादन में की गई है बढ़ोतरी

# देश में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं अफवाहों को सुनकर निकाल दें: सुजाता

*हरियाणा, मध्य-प्रदेश सहित अन्य राज्यों में 3 ,400 छापे, 1 हजार सिलेंडर जब्त*

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया से लेकर पूरे खाड़ी के इलाके में युद्ध की वजह से भारत पर भी प्रभाव पड़ रहा है। एलपीजी को लेकर हालात चिंताजनक हैं। लेकिन अभी तक देश में पेट्रोल-डीजल से लेकर प्राकृतिक गैस (एलपीजी) के संबंध में कहीं से भी किसी तरह की कमी की कोई शिकायत नहीं मिली है। वर्तमान में घरेलू स्तर पर सभी तेल रिफाइनरियां उच्चतम क्षमता के साथ अपने उत्पादन स्तर को बनाए हुए हैं। इसके अलावा इन्होंने एलपीजी के उत्पादन में भी इजाफा किया है। कुछ जगहों से शिकायत मिली थी। जिसके बाद कुछ एक पेट्रोल पंपों पर पैनिक खरीदारी देखने को मिली। लेकिन राज्यों व तेल कंपनियों ने तुरंत स्पष्टीकरण जारी कर मामले में उचित कार्रवाई की है। यह जानकारी मंगलवार को राजधानी में आयोजित अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में केंद्रीय पेट्रोलियम-प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने दी है। उन्होंने बताया कि देश में कुल 1 लाख पेट्रोल पंप हैं और इनमें से कहीं पर भी तेल की कमी को लेकर कोई शिकायत नहीं मिली है। हमारे पास पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। इसलिए आम जनता से ये अपील है कि वो मामले को लेकर किसी भी अफवाह पर विश्वास न करें। सिलेंडरों की खरीद को लेकर पैनिक बुकिंग से बचें, इसे लेकर केवल ऑनलाइन बुकिंग के विकल्प का ही इस्तेमाल करें। तेल कंपनियां पहले की तरह ही सिलेंडरों की उपभोक्ताओं के घर पर डिलीवरी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**92 हजार 600 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर होर्मुज से आगे बढ़े पाइन गैस और जग वसंत नामक दो भारतीय जहाज**

### क्या ईरान से हो रही भारत की तेल खरीद?

संघर्ष के बीच क्या भारत ईरान से तेल की खरीद कर रहा है? शर्मा ने कहा कि फिलहाल हमारे पास पर्याप्त मात्रा में कच्चे तेल, एलएनजी की उपलब्धता बनी हुई है। जब तेल लेकर जहाज देश पहुंचेंगे तो सभी को नजर आएंगे। एलपीजी के मामले में भी सुधार हुआ है, हमने कमर्शियल उपभोक्ताओं के लिए सप्लाई बढ़ाई है। इसके अलावा हम कहां से तेल ले रहे हैं। इसका निर्णय पूरी तरह से तेल कंपनियों के कमर्शियल हितों पर आधारित होता है। यह क्षेत्र एक डिरेग्युलेटेड क्षेत्र है, जिसमें कीमतों के संबंध में सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। जिसे देखते हुए मैं कहूंगी कि यह सही मंच नहीं है इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए। आज लोगों को जरूरत है कि वो अफवाहों से बचें। बीते वक्त में इसकी कोशिश की गई थी। जिसे प्रभावी ढंग से रोका गया है। गुजरात में भी तेल की कमी को लेकर कोई समस्या नहीं है। 1 लाख पेट्रोल पंपों में से अगर इक्का-दुक्का से कोई शिकायत भी आती है। तो उसका कोई खास अर्थ नहीं है। बाकी जगहों पर सप्लाई सामान्य

### 11 लाख प्रवासी मजदूरों को मिल रहा सिलेंडर

सुजाता ने बताया कि भारत में 11 लाख प्रवासी मजदूर हैं। जिन्हें भी एलपीजी सिलेंडर की कोई दिक्कत नहीं है। पीएमयूवाई और उज्जवला योजना की तरह ही सभी को सिलेंडर दिए जा रहे हैं। पांच किलोग्राम एफटीएल वाले वो प्रवासी मजदूर हैं, जो अपने काम के सिलसिले में कहीं और चले गए हैं और उनके पास कोई घरेलू कनेक्शन नहीं है।

### 3 हजार से ज्यादा रेड, 1500 औचक निरीक्षण

शर्मा ने कहा कि केरोसिन के संबंध में करीब 15 राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों ने आवंटन आदेश जारी कर दिए हैं। कुछ ने वितरण भी शुरू कर दिया है। राज्य सरकारों से भारत सरकार ने निगरानी को सख्त बनाए रखने का अनुरोध किया है। 32 राज्यों में कंट्रोल रूम और जिला स्तरीय निगरानी समिति गठित की जा चुकी हैं। सोमवार तक देश में लगभग 3 हजार 400 छापेमारी हुई हैं। जिनमें 1 हजार सिलेंडर जब्त किए गए। आंध्र-प्रदेश, हरियाणा, मध्य-प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना जैसे राज्यों में छापेमारी की गई है। वहीं, तेल कंपनियों की टीमें एक्टिव हैं और उन्होंने 1500 औचक निरीक्षण किए हैं।

### 5 दिन के अंदर इन्हें मिलेंगे पीएनजी कनेक्शन

उन्होंने कहा कि एलपीजी के मामले में बनी हुई चिंता को देखते हुए केंद्र देश में पीएनजी कनेक्शनों को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में बीते सोमवार को पीएनजीआरबी ने एक आदेश जारी किया और सभी सीजीडी इकाइयों को आवासीय स्कूलों, कॉलेजों, छात्रावासों, सामुदायिक किचन, आंगनवाड़ी किचन समेत अन्य लोगों को 5 दिन के अंदर पीएनजी कनेक्शन देने के लिए कहा गया है। यह वो जगह हैं, जहां पाइप लाइन का ढांचा आसपास ही मौजूद है। साथ ही भारत में 60 लाख घर ऐसे हैं। जहां त्वरित आधार पर पीएनजी कनेक्शन दिए जा सकते हैं। इन सभी लोगों से ये अपील है कि वो जल्द ही पीएनजी कनेक्शन लें। बीते 23 मार्च को 24 घंटे में शीर्ष 110 भौगोलिक इलाकों में 5 हजार 500 कनेक्शन ऐसे घरेलू और कमर्शियल उपभोक्ताओं को दिए गए हैं। भू-राजनीतिक परिस्थितियों की वजह से एलपीजी सप्लाई प्रभावित हुई है। लेकिन कई मालवाहक जहाज स्वदेश पहुंच रहे हैं। एलपीजी ड्रिस्टीब्यूटरों के पास किसी तरह की कमी की कोई शिकायत नहीं है। कमर्शियल एलपीजी के तहत 21 मार्च को सरकार ने अपने एक आदेश के जरिए 50 फीसदी तक आवंटन बढ़ा दिया है। जिसमें रेस्तरां, ढाबे, होटल, औद्योगिक कैंटीन, फूड प्रोसेसिंग उद्योग, डेयरी, लोकल बॉडी फूड किचन और प्रवासी किचन को प्राथमिकता दी गई है। इसी संबंध में उज्जवला स्कीम के तहत लगभग 11 लाख प्रवासी मजदूर कनेक्शन ले चुके हैं। पिछले कुछ महीनों में 73 हजार प्रवासी कनेक्शन दिए गए हैं। कल 20 हजार से अधिक 5 किलोग्राम के सिलेंडर वितरित किए हैं। ये सभी कमर्शियल सप्लाई राज्यों के पास है और राज्यों के साथ हमारी तेल कंपनियां समन्वय कर रही हैं। ताकि कमर्शियल एलपीजी की सभी संबंधित पक्षों को सप्लाई की जा सके। फिलहाल 24 राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों ने कमर्शियल एलपीजी के लिए आदेश जारी कर दिए हैं। बाकी जगह पर तेल कंपनियां दे रही हैं। लगभग 18 हजार 700 टन एलपीजी बीते 23 मार्च तक वितरित की जा चुकी है। पीएनजी कनेक्शन एड्रेस पर जारी होता है और इसका चार्ज उसके उपभोग के तहत किया जाता है। भारत एक बहुत बड़ा रिफाइनिंग हब है, हमारी क्षमता 258 मिलियन मीट्रिक टन प्रतिवर्ष है। एक रिफाइनरी में कई सारे मॉलिक्यूल्स बनते हैं और अभी जो हमारा उत्पादन बढ़ा है। वो इन्ही का परिणाम है।

### 146 फोन कॉल, 226 ईमेल का दिया जवाब

उन्होंने कहा कि बीते 24 घंटे में 146 फोन कॉल और 226 ईमेल हमें मिले हैं। जिनका जवाब दिया गया है। वहीं, इसी दौरान 26 भारतीय नाविकों को खाड़ी की विभिन्न जगहों से सुरक्षित भारत वापस लाया गया है। वर्तमान में हमारे तमाम बंदरगाहों पर कोई भीड़ भाड़ नहीं है।

### एलपीजी की खेप लिए खड़े हैं 5 टैंकर

राजेश सिन्हा के मुताबिक, खाड़ी क्षेत्र में एलपीजी के पांच टैंकर अपनी खेप लिए खड़े हैं। जबकि 1 पर खेप लोड की जानी बाकी है। फिलहाल ये जहाज ड्राइडॉक से बाहर आ गया है और आने वाले 3 से 4 दिन में इस पर भी गैस की लोडिंग होगी। अंत में मैं कहूंगा कि 6 एलपीजी भरे जहाज (5 जहाजों में 2 लाख 30 हजार मीट्रिक टन एलपीजी है) होंगे। 5 में गैस है और एक और भरी जाएगी। होर्मुज में आवाजाही को लेकर किसी से अनुमति लेने से जुड़े प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि यह एक अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग है। अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन के मुताबिक, यहां से सभी देशों को समुद्री आवाजाही की स्वतंत्रता का पूरा अधिकार है। ऐसे में वैश्विक कानूनों के तहत आवाजाही के लिए किसी को किसी तरह की कोई धनराशि का भुगतान नहीं करना पड़ता है। साथ ही किसी की अनुमति की भी कोई आवश्यकता नहीं है। इसलिए इस संबंध में कही जा रही तमाम बातें आधारहीन हैं। मालवाहक जहाजों के आवागमन के संबंध में एक चार्टर होता है। उसके तहत आवाजाही होती है। ऐसे में संबंधित निर्णय कमर्शियल है। आज की स्थिति में होर्मुज की खाड़ी में बहुत ही विशेष परिस्थिति बनी हुई है। इसलिए संबंधित देश द्वारा उसकी समीक्षा के बाद ही निर्णय लिया जाता है। खाड़ी में एंट्री और एग्जिट चैनल होते हैं। जिनसे जहाज आते, जाते हैं। सभी को इसका पालन करना होता है।

नंदीग्राम के बीडीओ का ट्रांसफर करने पर गुस्साई सीएम

## भाजपा चुनाव को लेकर डरी हुई है, इसलिए चुनाव आयोग का इस्तेमाल कर रहीः ममता

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि भाजपा चुनाव को लेकर डरी हुई है, इसलिए चुनाव आयोग का इस्तेमाल कर रही है। ममता ने कहा कि देश का निर्वाचन आयोग निष्पक्ष नहीं है। एसआईआर ही चुनाव आयोग और भाजपा को खत्म करेगी। वहीं भाजपा ने ममता पर आरोप लगाया है कि चुनाव हारने के डर से ममता अब अनाप-शनाप आरोप लगा रही हैं। एक क्लर्कियल मिस्टेक को बड़ मुद्दा बना रही हैं. लेकिन बंगाल की जनता अब टीएमसी से ऊब गई है। उन्होंने आयोग के नोटिफिकेशन में भाजपा का चुनाव चिन्ह होने और नंदीग्राम के बीडीओ को भवानीपुर ट्रांसफर करने को लेकर तीखा हमला बोला है।

ममता ने आरोप लगाया कि यह सब एक 'गद्दार' के इशारे पर हो रहा है और राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था को जानबूझकर पंगु बनाया जा रहा है। उन्होंने भाजपा व केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए फिर आरोप लगाया कि चुनाव से पहले एसआईआर के जरिए बहुत सारे लोगों के नाम जानबूझकर मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। चुनाव प्रचार के लिए उत्तर बंगाल के दौरे पर रवाना होने से पहले कोलकाता में पत्रकारों से बातचीत करते हुए ममता ने कहा कि भाजपा के कहने पर चुनाव आयोग हर कदम उठा रहा है। उन्होंने कटाक्ष किया कि चुनाव आयोग के लेटरहेड में भाजपा का स्टांप लगा हुआ है। ममता ने चुनाव आयोग द्वारा एक दिन पहले सोमवार को राज्य के 73 रिटर्निंग अधिकारियों के तबादले पर भी सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि रिटर्निंग अधिकारियों को क्यों बदला गया? आयोग को इसका जवाब देना चाहिए। ममता ने लोकतंत्र को बचाने के लिए सभी पार्टियों को एक होकर लड़ने की जरूरत पर बल दिया। ममता ने कहा कि वर्तमान समय लोकतंत्र को बचाने का वक्त है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भवानीपुर के रिटर्निंग ऑफिसर को मतदान से ठीक पहले कल रात अचानक बदल दिया गया। ममता बनर्जी के अनुसार, चुनाव आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजीपी, कोलकाता पुलिस कमिश्नर से लेकर जिलाधिकारियों और एसपी स्तर के 70 से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला कर दिया है। उन्होंने इसे राज्य में 'अघोषित आपातकाल' और 'बिना घोषित राष्ट्रपति शासन' जैसा बताया। ममता बनर्जी ने दावा किया कि बंगाल के काबिल और ईमानदार आईएएस-आईपीएस अधिकारियों को चुन-चुनकर राज्य से बाहर भेजा जा रहा है ताकि बंगाल की प्रशासनिक मशीनरी को कमजोर किया जा सके। उन्होंने कहा आप हमारे अधिकारियों को ले जा सकते हैं, लेकिन हमारी जनशक्ति को नहीं छीन सकते. बंगाल की जनता इसका जवाब देगी।

उन्होंने चुनाव आयोग को चुनौती देते हुए कहा कि अगर इन तबादलों के बाद राज्य में कानून-व्यवस्था की कोई समस्या पैदा होती है या कोई आपदा आती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी चुनाव आयोग और केंद्र सरकार की होगी। मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों से भी अपील की कि वे इस 'संस्थागत हेरफेर' के खिलाफ एकजुट हों और देश में 'एक दलीय शासन' थोपने की कोशिशों का विरोध करें।

राज्यसभा में पीएम मोदी से स्पष्टीकरण नहीं ले पाए

# विपक्ष के नेता खरगे ने लिया सोशल मीडिया का सहारा, उठाए सवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया बयान पर कांग्रेस अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने प्रधानमंत्री के लगभग 20 मिनट के संबोधन को "भ्रम फैलाने वाला" बताते हुए कई गंभीर सवाल उठाए हैं।

### होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे भारतीय जहाज

राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने बताया कि स्ट्रेट ऑफ हार्मुज में 37–40 भारतीय जहाज फंसे हुए हैं, जिन पर करीब 1100 नाविक सवार हैं और लगभग 10,000 करोड़ का माल लदा है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब प्रधानमंत्री ने ईरान के राष्ट्रपति से दो बार बात की और विदेश मंत्री ने भी कई बार बातचीत की, तो फिर भारतीय जहाजों को सुरक्षित रास्ता क्यों नहीं मिल पाया? खरगे ने यह भी कहा कि चीन, रूस और जापान जैसे देशों को सुरक्षित मार्ग मिल रहा है, जबकि भारतीय जहाज अब भी फंसे हुए हैं।

### ऊर्जा संकट और आयात पर सवाल

प्रधानमंत्री के इस दावे पर कि भारत ने ऊर्जा आयात को 27 से बढ़ाकर 41 देशों तक विविधीकृत किया है, उच्चसदन में विपक्ष के नेता ने विस्तृत जानकारी मांगी। उन्होंने पूछा कि वर्तमान में किन देशों से एलएनजी, एलपीजी और कच्चा तेल आयात हो रहा है? उनकी मात्रा क्या है? यदि विविधीकरण हो चुका है, तो फिर देश में कमी, लंबी कतारें, कालाबाजारी और बढ़ती कीमतें क्यों देखने को मिल रही हैं?

### बढ़ते ऊर्जा संकट पर चिंता

खरगे ने कहा कि संघर्ष शुरू हुए 25 दिन हो चुके हैं, लेकिन सरकार इस गहराते ऊर्जा संकट के लिए तैयार नहीं दिखती। उन्होंने प्रधानमंत्री के "कोविड जैसे हालात" वाले बयान पर भी चिंता जताई और कहा कि देश कोविड-19 के दौरान हुए कष्टों को नहीं भूल सकता, जब लाखों लोगों को ऑक्सीजन और जरूरी सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ा।

### सरकार से जवाबदेही की मांग

खरगे ने सवाल किया कि क्या सरकार अब यह संकेत दे रही है कि 140 करोड़ भारतीयों को फिर से खुद ही हालात से निपटना होगा? उन्होंने कहा कि ऊर्जा संकट के साथ-साथ खाद, उर्वरक, एमएसएमई और महंगाई का दबाव भी बढ़ सकता है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री का बयान बहुत देर से आया है और इससे जवाब कम, सवाल ज्यादा खड़े हुए हैं। उन्होंने सरकार से पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग की है।

### कूटनीति और रणनीतिक स्वायत्तता पर सवाल

खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री की "असंगत और झूलती हुई कूटनीतिक नीति" के कारण भारत की रणनीतिक स्वायत्तता प्रभावित होती दिख रही है, जो दशकों से देश की विदेश नीति की आधारशिला रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इजराइल दौरे के बाद भारत को कूटनीतिक स्तर पर नुकसान झेलना पड़ा, लेकिन इस बदलाव के बारे में न तो संसद को भरोसे में लिया गया और न ही देश को जानकारी दी गई। उन्होंने सरकार से पूछा कि रणनीतिक संतुलन बहाल करने के लिए क्या ठोस कदम उठाए गए हैं?

स्कूल में धमाके से हो गई थी 162 बच्चियों की मौत

## ईरान के स्कूल के लिए एक महीने का वेतन देंगे सांसद रशीद, लोकसभा में किया ऐलान

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

बारामूला के निर्दलीय सांसद इंजीनियर रशीद ने मंगलवार को लोकसभा में ईरान के उस स्कूल की मदद के लिए अपनी एक महीने की सैलरी दान देने का ऐलान किया, जिस स्कूल में 162 बच्चियों की जान गई थी।

रशीद ने स्पष्ट किया कि उनकी सहानुभूति केवल एक पक्ष के साथ नहीं है। उन्होंने कहा कि इजरायल के जो आम नागरिक अपनी सरकार की गलत नीतियों के कारण जान गंवा रहे हैं, वे उनके प्रति भी संवेदना रखते हैं। इंजीनियर रशीद ने ईरान के उस स्कूल के पुनर्निर्माण (तामीर) के लिए अपनी एक महीने की सैलरी देने का ऐलान किया है, जहाँ एक दुखद घटना में 162 बच्चियों की जान चली गई थी। उन्होंने बताया कि कश्मीर के आम लोगों ने ईरान के नागरिकों की मदद के लिए अपना सोना और गाड़ियाँ तक दान कर दीं और करोड़ों रुपये जुटाए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान का जिक्र किया जिसमें आने वाली मुश्किलों की बात कही गई थी। रशीद ने तर्क दिया कि इन मुश्किलों से लड़ने के लिए भारत को मजबूती से ईरान के साथ खड़ा होना चाहिए। उन्होंने भाजपा सांसद जगदंबिका पाल के बयान पर चुटकी लेते हुए कहा कि केवल कुछ लीटर गैस लाना काफी नहीं है। उन्होंने याद दिलाया कि चाबहार पोर्ट जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स पर भारत का ध्यान कहाँ है, जो रणनीतिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण थे।

## खबर संक्षेप

### जीएसपी क्रॉप का निर्गम 4 फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** कृषि रसायन कंपनी जीएसपी क्रॉप साइंस लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 320 के मुकाबले करीब चार प्रतिशत की बढ़त के साथ मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 3.84 प्रतिशत की बढ़त के साथ 332.30 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में 13.21 प्रतिशत की तेजी के साथ 362.30 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर शेयर ने 2.5 प्रतिशत की बढ़त के साथ 328 रुपये पर शुरुआत की। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 1,535.12 करोड़ रुपये रहा।

### एसीएमई सोलर ने बैटरी भंडारण क्षमता शुरू की

**नई दिल्ली।** एसीएमई सोलर होल्डिंग्स ने उसकी अनुषंगी कंपनियों के माध्यम से अतिरिक्त 155 मेगावाट/470.25 मेगावाट-घंटा बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) क्षमता शुरू कर दी है। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि इसके साथ ही उसकी कुल चालू बैटरी ऊर्जा भंडारण क्षमता बढ़कर 297.67 मेगावाट/951.74 मेगावाट-घंटा हो गई है। वहीं इसकी विशेष इकाई के तहत नियोजित कुल बीईएसएस क्षमता 835 मेगावाट/3,114.64 मेगावाट-घंटा है।

### सुजलॉन को गेल से मिली 100 मेगावाट की परियोजना

**नई दिल्ली।** सुजलॉन समूह ने गेल (इंडिया) लि. से 100 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना का ऑर्डर हासिल किया है। कंपनी के बयान के अनुसार, यह वित्त वर्ष 2025-26 में सुजलॉन को मिला चौथा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयू) ऑर्डर है, जो इसकी मजबूत और समग्र क्षमताओं को दर्शाता है। इस परियोजना से उत्पन्न बिजली महाराष्ट्र के नंदुरबार में गेल के आगामी पेट्रोरसायन संयंत्र को कॉर्बन उत्सर्जन में कटौती करने में मदद करेगी।

# देश में 10 साल में 11 एयरलाइंस बंद, कंपनियों के सिर पर 400 करोड़ तक का कर्ज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत का एविएशन सेक्टर तेजी से बढ़ता हुआ जरूर दिखता है, लेकिन इसके अंदर की सच्चाई उतनी आसान नहीं है। सरकार ने संसद में बताया है कि साल 2016 के बाद से अब तक देश में 11 एयरलाइंस अपने ऑपरेशन बंद कर चुकी हैं। यह आंकड़ा दिखाता है कि इस सेक्टर में मौके जितने बड़े हैं, जोखिम भी उतने ही ज्यादा हैं।

यह जानकारी नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने राज्यसभा में टीएमसी सांसद साकेत गोखले के सवाल के जवाब में दी। सरकार ने साफ किया कि एयरलाइंस के बंद होने के पीछे मुख्य वजह वित्तीय दबाव, विमानों की कमी और कंपनियों के अंदरूनी मैनेजमेंट से जुड़े मुद्दे रहे हैं। एविएशन सेक्टर में लागत बहुत ज्यादा होती है। ईंधन की कीमत, लीज पर लिए गए एयरक्राफ्ट का खर्च, एयरपोर्ट चार्ज और मेंटेनेंस जैसे खर्च कंपनियों पर भारी पड़ते हैं। अगर पैसों का फ्लो सही नहीं रहा या मैनेजमेंट में गड़बड़ी हुई, तो एयरलाइंस के लिए टिके रहना मुश्किल हो जाता है। सरकार के मुताबिक एयरलाइंस एक डीरगुलेटेड माहौल में काम करती हैं, जहां वे अपने बिजनेस फैसले खुद लेती हैं। यही वजह है कि सरकार उनके ऑपरेशनल या फाइनेंशियल मामलों में सीधे दखल नहीं देती।

## अंदर की सच्चाई को सरकार ने संसद में बताया, एविएशन सेक्टर में लागत बहुत ज्यादा होती है

### सरकार क्या कर रही है

हालांकि सरकार ने यह जरूर कहा कि वह सेक्टर को मजबूत करने के लिए पॉलिसी स्तर पर लगातार काम कर रही है। इसमें एयरपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार, ट्रैफिक राइट्स को आसान बनाना और नए एयरक्राफ्ट जोड़ने में मदद शामिल है। इसके अलावा उड़ान योजना के जरिए छोटे शहरों को हवाई नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है, जिससे डिमांड बढ़े और एयरलाइंस को नए रूट्स मिलें। ई गवर्नेंस और आसान प्रक्रियाओं के जरिए भी बिजनेस करना आसान बनाने की कोशिश की जा रही है।



### इंडस्ट्री में बड़े बदलाव

सरकार ने यह भी बताया कि एविएशन सेक्टर में तेजी से स्ट्रक्चरल बदलाव हो रहे हैं। एयरएशिया इंडिया अब एआईएक्स कनेक्ट के नाम से जानी जाती है और इसका विलय एयर इंडिया एक्सप्रेस में हो चुका है। वहीं विस्तारा का भी विलय एयर इंडिया में किया जा चुका है, जिससे साफ है कि इंडस्ट्री अब कंसोलिडेशन की तरफ बढ़ रही है।

## ईरान पर हमले की योजना अस्थायी रूप से टालने का असर

# ट्रंप के बयान से बाजार में लौटी बहार, 1372 अंक उछलकर बंद हुआ सेंसेक्स, निफ्टी में भी रौनक


एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी लौटी और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 1,372 अंक उछल गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 400 अंक की बढ़त रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमले की योजना को अस्थायी रूप से टाले जाने की घोषणा के बाद एशिया के अन्य बाजारों में तेजी के साथ घरेलू बाजार बढ़त में रहे। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,372.06 अंक यानी 1.89 प्रतिशत चढ़कर 74,068.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 1,793 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 399.75 अंक यानी 1.78 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,912.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में लार्सन एंड टुब्रो, इंटरग्लोब एविएशन, इटर्नल, एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस और अल्ट्राटेक सीमेंट प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

■ एशिया के अन्य बाजारों में भी बढ़त दर्ज की गई

### ट्रंप ने हमले की समयसीमा पांच दिन टाली

ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि उन्होंने ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की समयसीमा बढ़ा दी है। उन्होंने यह भी कहा कि वह ईरानी ऊर्जा स्थलों पर हमले पांच दिन के लिए टाल रहे हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है।







### बाजार में सकारात्मक उछाल रहा

लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद ने कहा, ''भारतीय शेयर बाजारों में सकारात्मक उछाल देखने को मिला। पिछले सत्र की भारी बिकवाली के बाद बाजार सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए। यह उछाल मुख्य रूप से जोखिम धारणा में नरमी के कारण हुआ। अमेरिका-ईरान तनाव में संभावित कमी के शुरुआती संकेतों ने निवेशकों का कुछ भरोसा बहाल करने में मदद की है।'' एशिया के अन्य बाजारों में भी तेजी रही। दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजार दोपहर के कारोबार में ज्यादातर नुकसान में थे। अमेरिकी बाजार सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

### निवेशक सतर्क रुख अपना रहे

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमलों में अस्थायी विराम के बाद घरेलू बाजार में राहत भरी तेजी देखी गई। इससे पश्चिम एशिया में तनाव को कम करने में और अधिक गुंजाइश मिल सकती है।'' उन्होंने कहा, ''हालांकि, होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास के घटनाक्रमों पर अधिक स्पष्टता की प्रतीक्षा में निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं।''

### निवेशकों ने कमाए 7.56 लाख करोड़

शेयर बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 7.56 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 4,22,78,312.77 करोड़ रुपये (4,500 अरब डॉलर) हो गई। मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 2.77 प्रतिशत चढ़ा जबकि छोटी कंपनियों से संबंधित स्मॉलकैप में 2.29 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,968 शेयरों में तेजी रही जबकि 1,295 में गिरावट आई। वहीं 168 के भाव अपरिवर्तित रहे।

# सोना 1,200 चढ़कर 1.44 लाख रुपये पर, चांदी स्थिर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतों में चार दिन से जारी गिरावट का सिलसिला टूट गया और इसके भाव 1,200 रुपये बढ़कर 1.44 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गए। वहीं चांदी की कीमतें 2.30 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर बनी रहीं।

■ चांदी 2.30 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही

अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 1,43,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर बंद हुई थी। कारोबारियों ने घरेलू सोने की कीमतों में आए इस उछाल का श्रेय वैश्विक जिंस बाजारों में आये सुधार और हाल ही में कीमतों में आई भारी गिरावट के बाद निचले स्तर पर हुई कुछ खरीदारी को दिया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना नौ सत्रों की गिरावट के बाद संभला और 16.96 डॉलर या 0.38 प्रतिशत बढ़कर 4,423.83 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि चांदी 1.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 69.86 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। मिराए एसेट शेयरखान में जिंस प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा, ''लगातार नौ दिन तक गिरने के बाद, हाजिर सोना विदेशी बाजारों में लगभग 4,420 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर कारोबार कर रहा है। ईरान युद्ध को लेकर सावधानी भरी उम्मीदें इसकी वजह हैं, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान में ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमलों के खिलाफ पांच दिनों के संघर्षविराम की घोषणा की है।''



### निवेशकों का रुख सतर्क बना हुआ

हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि इस संघर्षविराम की प्रभावशीलता को लेकर अभी संदेह बना हुआ है, जिसके चलते निवेशकों का रुख सतर्क बना हुआ है। विश्लेषकों का कहना है कि भू-राजनीतिक मोर्चे से मिल रहे मिले-जुले संकेतों के कारण निकट भविष्य में सर्राफा की कीमतें अस्थिर रहने की संभावना है।

## आरबीआई ने बैंकिंग प्रणाली में 55,837 करोड़ रुपये डाले



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकिंग प्रणाली में तीन दिवसीय 'वैरिएबल रेट रेपो' (वीआरआर) नीलामी के जरिये मंगलवार को 55,837 करोड़ रुपये की अस्थायी नकदी डाली। केंद्रीय बैंक की ओर से जारी बयान के अनुसार, यह धनराशि 5.26 प्रतिशत की 'कट-ऑफ' और भारित औसत दर पर डाली गई। यह राशि एक लाख करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि की तुलना में काफी कम रही। अग्रिम कर भुगतान के कारण बैंकिंग प्रणाली में अधिशेष नकदी में तेज गिरावट आई है। बैंकिंग प्रणाली में 23 मार्च तक अनुमानित नकदी करीब 26,196.36 करोड़ रुपये आंकी गई है। केंद्रीय बैंक ने पिछले कुछ दिनों में विभिन्न अवधियों की वीआरआर नीलामी के माध्यम से बैंकिंग प्रणाली में 2,08,208 करोड़ रुपये की अस्थायी नकदी डाली है।

## अब ट्रेन छूटने से 30 मिनट पहले तक अपना बोर्डिंग स्टेशन बदल सकेंगे

**नई दिल्ली** रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को घोषणा की कि भारतीय रेलवे द्वारा 2026 के दौरान सुधार करने के संकल्प के अनुरूप पांच नए सुधारों को मंजूरी दी गई है। इन नए सुधारों की मंजूरी के साथ, वर्ष 2026 के लिए सुधारों की कुल संख्या नौ हो गई है। वैष्णव के अनुसार ''सुधार एक्सप्रेस'' पहल के तहत, चार सुधारों की घोषणा पहले ही की जा चुकी है और पांच नए सुधार लागू किए जा रहे हैं। इन पांच नए सुधारों में से दो माल ढुलाई से, एक निर्माण से और दो यात्री सुविधा से संबंधित हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मौजूदा वैगन डिजाइन या तो सिंगल-स्टैक या डबल-स्टैक कॉन्फ़िगरेशन के लिए उपयुक्त हैं, जिससे लचीलापन सीमित हो जाता है। उन्होंने आगे कहा कि कई मार्गों पर सुरंगों और पुलों के कारण प्रतिबंध हैं, जहां आयाम अनुसूची (एसओडी) के प्रतिबंध कुछ प्रकार के वैगनों की आवाजाही को रोकते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए, वैष्णव ने कहा कि रेलवे ने एक सुधार लागू किया है जो विशेष वैगन डिजाइन की अनुमति देता है और साथ ही उद्योग को लचीलापन भी प्रदान करता है। निर्माता अब विशिष्ट मूल-गंतव्य मार्गों के आधार पर उच्च क्षमता वाले वैगन डिजाइन कर सकते हैं। पहले के थोक सीमेंट नीति सुधार के प्रभाव का उल्लेख करते हुए, उन्होंने कहा कि लागू किए गए परिवर्तनों से लोडिंग में तत्काल वृद्धि हुई - रेल द्वारा परिवहन किए गए थोक सीमेंट का टन भार सितंबर 2025 में लगभग 37,000 टन से बढ़कर जनवरी 2026 तक लगभग 95,000 टन हो गया। उन्होंने इसी तरह की उम्मीद जताई कि नमक और ऑटोमोबाइल परिवहन में सुधार से इन क्षेत्रों में रेल माल ढुलाई की हिस्सेदारी में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

## संकट के बीच भारत को झटका! गोल्डमैन ने घटाया जीडीपी अनुमान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गोल्डमैन सैक्स ने कारोबारी साल 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी ग्रोथ के अनुमान को घटाकर 5.9 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले उन्होंने 7 प्रतिशत का अनुमान लगाया था। यह गिरावट मुख्य रूप से वैश्विक तनाव और तेल की बढ़ती कीमतों के चलते आई है। गोल्डमैन ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि साल 2026 में भारतीय अर्थव्यवस्था 5.9 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, जबकि ईरान में जंग शुरू होने से पहले उनका अनुमान 7 प्रतिशत था। वॉल स्ट्रीट के इस बैंक ने बीते 13 मार्च को भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अपने विकास के अनुमान को घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया था। गोल्डमैन के विश्लेषकों द्वारा विकास के अनुमान में यह ताजा कटौती तेल की कीमतों और आपूर्ति में रुकावट की अवधि के बारे में उनकी मान्यताओं में बदलाव के बाद की गई है। कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, शुद्ध ऊर्जा आयातक भारत के लिए विदेशी मुद्रा, मुद्रास्फीति और राजकोषीय जोखिम का एक प्रमुख कारण हैं।

## मारुति गुजरात संयंत्र पर 10,189 करोड़ करेगी निवेश

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा कि वह गुजरात में अपने नए विनिर्माण संयंत्र के पहले चरण में 2.5 लाख वाहनों की उत्पादन क्षमता स्थापित करने के लिए 10,189 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने बताया कि उसके निदेशक मंडल ने गुजरात के खोराज औद्योगिक क्षेत्र स्थित विनिर्माण संयंत्र में सालाना 2.5 लाख वाहनों की पहले चरण की क्षमता जोड़ने को मंजूरी दे दी है। यह देश में इस प्रमुख वाहन विनिर्माता कंपनी का पांचवां विनिर्माण संयंत्र होगा।

## गैर-पंजीकृत क्षेत्रों में रोजगार 2025 में 6.18 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गैर-पंजीकृत उद्यम क्षेत्र में रोजगार 2025 में 6.18 प्रतिशत बढ़कर 12.80 करोड़ हो गया। इस अवधि के दौरान 74.52 लाख से अधिक नए रोजगार सृजित हुए। सरकार के एक सर्वेक्षण में यह कहा गया है। मंगलवार को जारी गैर-पंजीकृत क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण (एएसयूएसई), 2025 के अनुसार, अक्टूबर, 2023 से सितंबर, 2024 की अवधि के दौरान इस क्षेत्र में श्रमिकों की संख्या 12,05,99,800 थी जो 2025 में बढ़कर 12,80,51,800 हो गई। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने जनवरी, 2025 से दिसंबर, 2025 की अवधि के लिए गैर-पंजीकृत क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण के परिणाम जारी किए हैं। इस क्षेत्र में प्रतिष्ठानों की कुल संख्या 7.97 प्रतिशत बढ़कर 2025 (जनवरी 2025-दिसंबर 2025) में 7.92 करोड़ हो गई जो 2023-24 (अक्टूबर 2023-सितंबर 2024) में 7.34 करोड़ थी।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, यांत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमन्त्रित की जाती है।

**निविदा सं. एवं कार्य का विवरण:** EL-MWS-GKP-2025-26-29, पी0ओ0एच0 ऑफ मिसलेनियस इलेक्ट्रिकल आईटम्स आफ वन्दे भारत कोचेस इन मैकेनिकल वर्कशाप, गोरखपुर अनुमानित लागत: Rs. 47,60,796.89, बयाने की राशि: Rs.95,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: 0.00, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकार पत्र जारी होने के तिथि से – 06 महीना।

आन लाइन ई निविदा जमा करने की तिथि 15.04.2026 समय 11.00 बजे तक। पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर(कार.)
मुजाधि/विद्युत–312 गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## राशिफल

**मेष** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** – कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म–कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** – अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान–पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** – पठन–पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** – नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात–निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** – आलस्य की अधिकता रहेगी, घर–परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** – वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** – रहन–सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान–पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** – आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान–पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** – रहन–सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खैंलना द पीपल फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स" द्वारा दो सशक्त नाट्य प्रस्तुतियां सफलतापूर्वक मंचित



**नई दिल्ली।** प्रख्यात सांस्कृतिक संस्था "खैंलना द पीपल फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स" द्वारा दो प्रभावशाली नाटकों-'फर्स्ट अप्रैल' तथा 'सिपाही की माँ'-का सफल मंचन राजधानी दिल्ली के अक्षरा ऑडिटोरियम में किया गया। दर्शकों की उल्लेखनीय उपस्थिति और भावनात्मक सहभागिता ने इस संध्या को एक यादगार नाट्य अनुभव में परिवर्तित कर दिया। वर्ष 2006 में स्थापित खैंलना, एक रजिस्टर्ड सांस्कृतिक संस्था है, जिसकी आर्टिस्टिक डायरेक्टर अनुमिता दत्ता चौधरी हैं,जो सार्थक और संवेदनशील थिएटर के माध्यम से समाज में जागरूकता और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्यरत है। 'फर्स्ट अप्रैल': मनोवैज्ञानिक संवेदनाओं का सशक्त चित्रण: नाटक 'फर्स्ट अप्रैल', जिसका निर्देशन विभोर आहूजा ने किया, युवाओं से जुड़े एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय-पारिवारिक दबाव और घरेलू हिंसा के बच्चों के मनोविज्ञान पर प्रभाव-को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करता है। कहानी के केंद्र में 'अजय' है, जो अपने मित्रों द्वारा किए गए एक मज़ाक के माध्यम से अपने अतीत की गहरी और दर्दनाक स्मृतियों से सामना करता है।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एमआईसीएडी डिवीजन सिरसा | आउटलेट आरडी 119624/ एल.एम.एम.के. डिस्टी. पर भूमिगत पाइप लाइन बिछाना (विस्तार कार्य) (पुनर्निविदा) + 8 कार्य। | बंद होने की तिथि 30.03.2026 | रु.1,84,97,108/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416047333 xensirsacad@gmail.com |


अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/44133/I/88/7 दि. 24.03.26

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका कलानौर | नगर पालिका कलानौर में तहसील रोड और स्टेशन रोड के पुनर्निर्माण और चौड़ा करने के लिए आकलन। | 24.03.2026 09.04.2026 | रु. 487.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9802401200 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/44154/I/88/7 दि. 24.03.26

## शब्द पहेली - 6175




**बाएँ से दाएँ**
1.हलचल,कोलाहल–3,3
5.मानवीयता–4
8.शरीर, बदन–2
9.ऊंचाई–3
10.तीर, बाण–2
11.मनमोहक–4
12.रग, नाड़ी–2
14.दुत्कारना–4
16.चतुर, फुर्तीला–3
18.साझेदार–4
20.रमण लायक–3,2
23.भारी, वजन वाला–5
26.असावधानी–4
27.दाल पीसना–3
29.निश्चित–4
30.कविता–2
32.शरीर व इच्छा–2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग–2
35.सलाम करना–3
36.रास्ता–2
37.राह पर चलनेवाले–4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया–3,3

**ऊपर से नीचे**
1.पैतृक संपत्ति का वारिस–6
2.गाय के स्तन–2
3.प्रसन्न होने का भाव–4
4.लगन, जिज्ञासा–3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में–3)
6.अधीन, काबू–2
7.डामर, टार–4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन–4
13.सच्चाई–2
15.दुश्मनी,शत्रुता–4
17.घूंघट, बुरखा–3
18.भाग्य का लेखा-जोखा–4
19.धूल, रेत–2
21.भवन, प्रसाद–3
22.जोड़, कुल–2
24.लावण्ययुक्त–4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,–3,3
27.विजयादशमी–4
28.मोड़, छोर–2
29.मृत्यु का देवता, यम–4
31.बुरी आदत–3
32.सभ्य व्यवहार–3
34.मार्ग–2
36.गोंद, वार्निश–2

### शब्द पहेली- 6174 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ल | च | ल | | टा | | द | वा | खा | ना |
| | क्ष्य | | व | | ल | क | वा | | र | ज |
| ज | | | कु | सु | म | | त | | | नी |
| ब | द | मा | श | | टो | ना | | सौ | त | न |
| र | | हि | | फा | ल | | प्रा | | न | |
| न | ग | र | वा | सी | | ग | ण | ना | य | क |
| | र | | द | | मा | ली | | पा | | ल |
| अ | ल | ग | | म | न | | चौ | की | दा | र |
| प | | | चि | | सि | स | की | | | व |
| रा | ज | | क | न | क | | दा | | मे | |
| ध | ड़ | क | न | | ता | | री | मा | ला | गू |



## खबर संक्षेप



### इंग्लैंड का कप्तान बनना बड़ा सम्मान : स्टोक्स

**लंदन।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने पिछले तीन महीने को अपनी कप्तानी का सबसे कठिन दौर बताया लेकिन यह भी दोहराया कि वह कोच ब्रेंडन मैकुलम के साथ मिलकर टीम को फिर से तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। स्टोक्स ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'इंग्लैंड का कप्तान बनना एक खिलाड़ी के लिए सबसे बड़ा सम्मान है और मैं इसे हलके में नहीं लेता। इसके अपने उतार चढ़ाव हैं। यह आपको मुस्कुराने के मौके देता है तो रूलाता भी है।' उन्होंने लिखा,' कई बार लगता है कि आपके जीवन में बस यही चीज बची है। पिछले तीन महीने कप्तानी के मेरे सफर का सबसे कठिन दौर रहा। इसने कई तरह से मेरी परीक्षा ली और मुझे यकीन है कि हर कप्तान के जीवन में ऐसा दौर आता है।'

### हांगकांग के खिलाफ भारतीय फुटबॉल टीम का ऐलान

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया में जन्मे फॉरवर्ड रियान विलियम्स भारत के लिए पदार्पण कर सकते हैं, जिन्हें हांगकांग के खिलाफ 31 मार्च को कोच्चि में होने वाले एएफसी एशियाई कप 2027 क्वालीफायर के लिए 23 सदस्यीय भारतीय फुटबॉल टीम में जगह मिली है। फीफा से फुटबॉल संघ बदलने की मंजूरी मिलने के बाद 31 वर्ष के विलियम्स को सीनियर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के लिए खेलने का मौका मिल सकता है। वह बांग्लादेश के खिलाफ क्वालीफायर की तैयारी के लिए शिविर में थे लेकिन कागजी कार्रवाई पूरी नहीं होने के कारण वह खेल नहीं सके।

### थॉमस कप में भारत की अगुवाई करेंगे सेन



**नई दिल्ली।** लक्ष्य सेन अगले महीने होने वाले थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय पुरुष टीम की अगुवाई करेंगे जबकि पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु और उन्नति हुड्डा उबर कप में भारतीय चुनौती पेश करेंगे। भारतीय बैडमिंटन संघ ने 2022 में थॉमस कप में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाली टीम के खिलाड़ियों को काफी हद तक बरकरार रखा है। उसने 24 अप्रैल से तीन मई तक डेनमार्क के होर्सेंस में होने वाली प्रतियोगिता के लिए सेन, किदांबी श्रीकांत, एचएस प्रणय तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी को टीम में बनाए रखा है।

---

**मियामी ओपन : यानिक ने एकतरफा मुकाबले में मौटेट को 6-1, 6-4 से हराया**

# एटीपी मास्टर्स में लगातार 26 सेट जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने सिनर, तोड़ा जोकोविच का रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| मियामी

इटली के टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर ने मियामी ओपन में इतिहास रच दिया है। उन्होंने एकतरफा मुकाबले में कोरेंटिन मौटेट के खिलाफ 6-1, 6-4 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ सिनर ने एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर पर लगातार 26 सेट जीतने का रिकॉर्ड बनाया।

उन्होंने इस मामले में सर्बिया के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को पीछे छोड़ दिया है। नोवाक जोकोविच के नाम एटीपी मास्टर्स 1000 में लगातार 24 सेट जीतने का रिकॉर्ड था। सिनर ने इससे पहले टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में जीत दर्ज करते हुए जोकोविच के रिकॉर्ड की बराबरी की थी। मैच के बाद उन्होंने कहा कि वे अपनी फॉर्म से खुश हैं और हर मैच में ध्यान बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं।

### 13 मास्टर्स में 1000 मैच जीत चुके हैं सिनर

सिनर का यह सिलसिला पिछले नवंबर में पेरिस मास्टर्स से शुरू हुआ था, जहां उन्होंने बिना कोई सेट गंवाए खिताब जीता था। उन्होंने मार्च में भी शानदार फॉर्म को जारी रखा और पैरिबास ओपन में भी अपने दमदार प्रदर्शन को दोहराया। एटीपी की रिपोर्ट के मुताबिक, मियामी में अपनी दो जीत की वजह से सिनर अब लगातार 13 मास्टर्स 1000 मैच जीत चुके हैं।अब उनका अगला मुकाबला अमेरिका के युवा खिलाड़ी एलेक्स मिशेलसन से होगा, जिन्होंने एलेजांद्रो टैबिलो को हराकर अगले दौर में जगह बनाई है।




### 'सनशाइन डबल' हासिल करना लक्ष्य

सिनर का लक्ष्य 2017 में रोजर फेडरर के बाद 'सनशाइन डबल' हासिल करने वाले खिलाड़ी बनने का होगा। रैंकिंग की बात करें तो सिनर इस समय वर्ल्ड नंबर 1 की रेस में कार्लोस अल्काराज (स्पेनिश खिलाड़ी) के करीब पहुंचते जा रहे हैं। कार्लोस को रविवार को तीसरे राउंड में सेबेस्टियन कोर्डा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद वह टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं।

### टियाफो ने मेंसिक को कड़े मुकाबले में हराया

एक अन्य मुकाबले में अमेरिका के फ्रांसेस टियाफो ने डिफेंडिंग चैंपियन जैकब मेंसिक को कड़े मैच में 7-6(4), 4-6, 7-6(11) से हराया। 28 साल के टियाफो मियामी में पांचवीं बार और 2022 के बाद पहली बार चौथे राउंड में पहुंचे हैं। दुनिया के 20वें नंबर के खिलाड़ी का अगला मैच फ्रांसीसी खिलाड़ी टेरेंस एटमेन से होगा, जिन्होंने कनाडाई टेनिस प्लेयर फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को 6-3, 1-6, 6-3 से हराया था।

### पहले दौर में हारे युकी-वीनस



भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के उनके जोड़ीदार माइकल वीनस मियामी ओपन के पहले दौर में जॉन पैट्रिक स्मिथ और सैंडर्स एरेंड्स से हारकर बाहर हो गए। युकी और वीनस को अंतिम 32 के मुकाबले में आस्ट्रेलिया के स्मिथ और नीदरलैंड के एरेड्स ने एक घंटे 52 मिनट में 4-6, 7-5, 15-13 से हराया। इन दोनों जोड़ियों के बीच यह पहला ही मुकाबला था। युकी इस महीने की शुरुआत में आंद्रे गोरानसन के साथ इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में पहुंचे थे।

---

**आईपीएल में नया नियम**

# अब 10 ओवर के बाद आएगा मैच में रोमांच




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल का नया सीज़न 28 मार्च से शुरू होने वाला है। बस कुछ ही दिनों में, दो टीमें एक-दूसरे का सामना करेंगी। इसी बीच, बीसीसीआई ने एक नया नियम पेश किया है, जो काफी दिलचस्प है। खास बात यह है कि उम्मीद की जा रही है कि यह नया नियम पहले 10 ओवर पूरे होने के बाद मैच में उत्साह की एक नई लहर लाएगा।

### गेंद बदलने से जुड़े नियम

बीसीसीआई ने आईपीएल में गेंद बदलने को लेकर एक नया नियम लागू किया है, और इसमें हिस्सा लेने वाली टीमों को इसकी जानकारी पहले ही दे दी गई है। मैच के दौरान, अगर गेंद किसी ऐसी जगह चली जाती है जहाँ से उसे वापस नहीं लाया जा सकता—या अगर अंपायर को लगता है कि गेंद खराब हो गई है और उसे बदलने की ज़रूरत है तो इस बारे में आखिरी फैसला लेने का अधिकार सिर्फ़ अंपायर के पास होगा। अक्सर ऐसा होता है कि कोई बल्लेबाज छक्का मारता है और गेंद स्टेडियम से बाहर चली जाती है, जिसे बाद में कोई दर्शक अपने साथ ले जाता है, ऐसे मामलों में, यह नया नियम लागू होगा। नियमों के मुताबिक, बदली गई गेंद की खासियतें (स्पेसिफिकेशन्स) बिल्कुल वैसी ही होनी चाहिए जैसी पहले इस्तेमाल हो रही गेंद की थीं।

### दूसरी पारी में 10 ओवर पूरे होने के बाद गेंद बदलना

इसके अलावा, एक दूसरा नियम यह भी है कि दूसरी पारी के दौरान, गेंदबाज़ी करने वाली टीम अंपायर से गेंद बदलने का अनुरोध कर सकती है। हालांकि, यह अनुरोध सिर्फ़ 10 ओवर पूरे होने के बाद ही किया जा सकता है। मैच की दूसरी पारी में गेंदबाज़ी करने वाली टीम को 10वें ओवर के बाद किसी भी समय गेंद बदलने की इजाज़त है, लेकिन इस विकल्प का इस्तेमाल पूरी पारी में सिर्फ़ एक बार ही किया जा सकता है। हालांकि, यह ध्यान रखना ज़रूरी है कि यह खास नियम सिर्फ़ शाम के मैचों पर ही लागू होता है। इसलिए, जो मैच दोपहर 3:30 बजे (दिन के मैच) शुरू होने वाले हैं, उन पर गेंद बदलने का यह नियम लागू नहीं होगा। इस नियम की एक अहम बात यह है कि गेंद सिर्फ़ तभी बदली जा सकती है जब कोई ओवर पूरा हो चुका हो। चल रहे ओवर के बीच में गेंद नहीं बदली जा सकती।

---

**साउथ अफ्रीका टी-20 सीरीज**

# भारतीय महिला टीम का ऐलान, अनुष्का का डेब्यू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अनुष्का शर्मा को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 17 अप्रैल से शुरू हो रही पांच मैचों की टी20 क्रिकेट श्रृंखला के लिए पहली बार भारतीय महिला टीम में शामिल किया गया है। श्रृंखला के मैच डरबन, जोहानिसबर्ग और बेनोनी में होंगे। अनुष्का शर्मा को डब्ल्यूपीएल 2026 से पहले गुजरात जाइंट्स ने 45 लाख रुपए में खरीदा था । बाईस वर्ष की यह खिलाड़ी पिछले महीने बैंकॉक में राइजिंग स्टार्स एशिया कप में भारत ए टीम की सदस्य थी।




### भारतीय टीम

*हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रौड्रिग्स , दीप्ति शर्मा, रिचा घोष, अरूंधति रेड्डी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, श्रीचरणी, श्रेयांका पाटिल, काशवी गौतम, भारती फुलमाली, उमा छेत्री, अनुष्का शर्मा ।*

### स्नेह, अमनजोत, कमलिनी को नहीं मिला मौका

आस्ट्रेलिया को 2-1 से हराने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रही स्नेह राणा, अमनजोत कौर, कमलिनी और वैष्णवी शर्मा को दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिये टीम में जगह नहीं मिली है। तेज गेंदबाज काशवी गौतम को हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम में शामिल किया गया है। यह श्रृंखला जून जुलाई में ब्रिटेन में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए अहम है।

# स्मृति का जलवा बरकरार हरमनप्रीत-दीप्ति को बढ़त

- आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग : हरमनप्रीत 14वें और दीप्ति तीसरे नंबर पर पहुंची

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में बल्लेबाजों की रैंकिंग में अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा है जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर नवीनतम रैंकिंग में 14वें स्थान पर पहुंच गईं। मंधाना के अलावा आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा शीर्ष 10 में शामिल दूसरी भारतीय खिलाड़ी है। उन्होंने अपना छठा स्थान बरकरार रखा है, जबकि जेमिमा रोड्रिग्स संयुक्त 11वें स्थान पर बनी हुई हैं। गेंदबाजी विभाग में स्पिन ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा एक पायदान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गईं, जबकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर छठे स्थान पर बनी हुई हैं। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी शीर्ष 10 से बाहर होकर 11वें स्थान पर खिसक गई है। दीप्ति ऑलराउंडरों की रैंकिंग में भी तीसरे नंबर पर पहुंच गई हैं।




### बल्लेबाजी रैंकिंग के शीर्ष 10 में शामिल जॉर्जिया

ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया वोल पहली बार बल्लेबाजी रैंकिंग के शीर्ष 10 में शामिल हुईं, जबकि न्यूजीलैंड की स्टार सोफी डिवाइन के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार दो अर्धशतकों ने उन्हें सूची में दो स्थान ऊपर18वें स्थान पर पहुंचने में मदद की। रवांडा की 15 वर्षीय फैनी उटागुशिमानिंदे टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपने पदार्पण मैच में (घाना के खिलाफ) शतक लगाने वाली दुनिया की पहली महिला खिलाड़ी बनी। यही नहीं वह पुरुष और महिला क्रिकेट में खेल के सबसे छोटे प्रारुप में शतक लगाने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी भी बनी। इससे उन्होंने 66वें स्थान पर रैंकिंग में प्रवेश किया है।

# 15 हजार करोड़ में बिकी राजस्थान अमेरिकी बिजनेसमैन ने खरीदी टीम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इतिहास की सबसे बड़ी डील सामने आई है, जहां राजस्थान रॉयल्स को एक अमेरिकी बिजनेसमैन ने रिकॉर्ड कीमत में खरीद लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह सौदा करीब 15000 करोड़ रुपए से भी ज्यादा में हुआ है, जिसने क्रिकेट जगत में हलचल मचा दी है। दरअसल, अमेरिका में बसे एंटरप्रेन्योर काल सोमानी ने एक बड़े निवेशक समूह (कंसोर्टियम) के साथ मिलकर राजस्थान रॉयल्स को लगभग 1.63 बिलियन डॉलर यानी करीब 15300 करोड़ रुपये में खरीद लिया है। बताया जा रहा है कि इस कंसोर्टियम को वॉलमार्ट फैमिली और हैम्प फैमिली का भी सपोर्ट है।

### आईपीएल की सबसे बड़ी डील

यह डील आईपीएल इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी फ्रेंचाइजी डील मानी जा रही है। इससे पहले टोरेंट ग्रुप ने गुजरात टाइटंस में 67% हिस्सेदारी करीब 5025 करोड़ रुपए में खरीदी थी, जिसकी कुल वैल्यू लगभग 7500 करोड़ रुपए आंका गया था। ऐसे में राजस्थान रॉयल्स की यह डील उससे दोगुनी से भी ज्यादा साबित हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, यह सौदा आईपीएल 2026 सीजन के बाद लागू होगा। फिलहाल टीम की कमान ब्रिटिश-इंडियन बिजनेसमैन मनोज बदाले के पास है, जिनकी कंपनी इमर्जिंग मीडिया वेंचर्स के पास करीब 65% हिस्सेदारी है। इसके अलावा रेडबर्ड कैपिटल पार्टनर्स और लैकलन मर्डोक जैसे बड़े निवेशक भी इसमें शामिल हैं।




### मोटर सिटी गोल्फ क्लब के को-ओनर हैं सोमानी

काल सोमानी अमेरिका के एरिजोना स्थित स्कॉट्सडेल के रहने वाले एक सफल बिजनेसमैन हैं, जिन्हें टेक्नोलॉजी, डेटा प्राइवेसी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और स्पोर्ट्स टेक सेक्टर में 15 साल से ज्यादा का अनुभव है। स्पोर्ट्स में भी उनकी गहरी दिलचस्पी रही है। वे मोटर सिटी गोल्फ क्लब के को-ओनर हैं। खास बात यह है कि सोमानी पहले से ही 2021 से राजस्थान रॉयल्स से जुड़े हुए थे और अब उन्होंने पूरी हिस्सेदारी लेकर टीम की कमान संभालने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इस डील से साफ है कि आईपीएल की ब्रांड वैल्यू लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही है और आने वाले समय में इसमें और बड़े ग्लोबल निवेश देखने को मिल सकते हैं।

---

# अक्षय, उदय, यशदीप और चिराग ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया

## जूनियर बालक एवं बालिका हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप






हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा बॉक्सिंग संघ के तत्वावधान में आयोजित 5वीं जूनियर बालक एवं बालिका हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप के दूसरे दिन मंगलवार को रिंग में जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। प्रतियोगिता के दूसरे दिन क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए, जिसमें प्रदेश भर से आए मुक्केबाजों ने सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अपना पूरा दमखम लगा दिया। 44-46 किलोग्राम भार वर्ग में हिसार के अक्षय ने चरखी दादरी के उदय को, रोहतक बी के यशदीप ने सिरसा के राज को, साई हिसार के चिराग ने गुरुग्राम के मेघ को और सोनीपत के आयुष ने रोहतक ए के अंश को हराया। बतौर मुख्य अतिथि मेयर रामअवतार वाल्मिकी, सांपला मार्केट कमेटी चेयरपर्सन पूजा, जींद जिला परिषद चेयरपर्सन मनीषा रंधावा, इनेलो जिला अध्यक्ष नफे सिंह, पूर्व मंडल प्रभारी संदीप बुधवार और जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष राजकुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने रिंग में जाकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मेयर रामअवतार वाल्मिकी ने कहा कि खेल हमें न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैं, बल्कि अनुशासन और विपरीत परिस्थितियों में लड़ना भी सिखाते हैं। आज इन बच्चों के पंचों में जो तेजी और आंखों में जो चमक है, वहीं, कल अंतरराष्ट्रीय मंचों पर तिरंगा लहराएगी मनीषा रंधावा ने खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार और खेल संघों के प्रयासों से आज प्रदेश के ग्रामीण अंचलों की प्रतिभाएं भी आगे आ रही हैं। उन्होंने विशेष रूप से बालिकाओं के प्रदर्शन पर खुशी जताते हुए कहा कि बेटियां अब रिंग में भी किसी से कम नहीं हैं। सांपला मार्केट कमेटी चेयरपर्सन पूजा ने कहा कि विशेष रूप से बालिकाओं को रिंग में इस तरह निडर होकर लड़ते देखना गर्व की बात है। खेल बेटियों को न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी सशक्त बना रहे हैं। नफे सिंह ने कहा कि बॉक्सिंग में केवल ताकत नहीं, बल्कि दिमाग और फुर्ती का तालमेल जरूरी है। आज के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों ने साबित कर दिया है कि हमारे प्रदेश में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें सही मार्गदर्शन की जरूरत है। संदीप बुधवार ने कहा कि खेलों से युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस तरह की प्रतियोगिताओं से युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने और अपने करियर पर ध्यान देने की प्रेरणा मिलती है। राजकुमार ने कहा कि खिलाड़ी देश की असली पूंजी हैं। एक खिलाड़ी अपनी मेहनत और पसीने से जो मुकाम हासिल करता है, वह पूरे समाज के लिए मिसाल बनता है। हमारी शुभकामनाएं इन सभी बच्चों के साथ हैं।

### जूनियर बॉयज के परिणाम

▶▶| 46-48 किलोग्राम में पंचकूला के तरनदीप सिंह ने साई भिवानी के शिवम को, जींद के दीपांशु ने सोनीपत के यश को, फतेहाबाद के सचिन ने हिसार के रितेश को और करनाल के समीर ने रोहतक बी के दक्ष को मात दी।

▶▶| 48-50 किलोग्रामवर्ग में रोहतक बी के ललित ने हिसार के नैतिक को, झज्जर के यश यादव ने रोहतक ए के अनिक हुड्डा को, फतेहाबाद के गुरप्रीत ने पलवल के वंश को और साई भिवानी के गौरव ने करनाल के साहिल को हराया।

▶▶| 50-52 किलोग्राम में रोहतक ए के रितेश ने मेवात के विनय को, हिसार के तरुण ने फरीदाबाद के अरुण को, झज्जर के निखिल ने पानीपत के अंशु को और भिवानी के अमान ने साई भिवानी के देव को पराजित किया।

▶▶| 52-54 किलोग्राममें रोहतक बी के रवि सिहाग ने हिसार के हर्षित को, झज्जर के नितिन ने फतेहाबाद के वरन को, कैथल के पारस ने अंबाला के नवजोत को और साई भिवानी के यश ने पानीपत के दीपांशु को हराया।

▶▶| 54-57 किलोग्राम में यमुनानगर के तेजास श्योराण ने पलवल के यश को, रोहतक बी के तन्मय ने पानीपत के लव को, सोनीपत के गुरमेल ने साई भिवानी के वंश को और हिसार के संचित ज्ञानी ने भिवानी के मंजीत सिंह को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

### तकनीक और मानसिक मजबूती ही जीत की कुंजी: मेजर सत्यपाल सिंधु



*हरियाणा बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने खिलाड़ियों के रिंग में उनके कौशल की सराहना की। उन्होंने कहा कि बॉक्सिंग केवल शारीरिक शक्ति का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि यह मानसिक सजगता और तकनीक का मेल है। आज रिंग में जिस तरह से हमारे जूनियर खिलाड़ियों ने फुटवर्क और डिफेंस का प्रदर्शन किया है, वह काबिले तारीफ है। हरियाणा बॉक्सिंग संघ का लक्ष्य है कि हम जमीनी स्तर पर ऐसी प्रतिभाओं को खोजें और उन्हें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार तराशें ताकि वे भविष्य में ओलंपिक जैसे बड़े मंचों पर देश का प्रतिनिधित्व कर सकें।*

### लड़की वर्ग के परिणाम

▶▶| 44-46 किलोग्राम भार वर्ग में साई भिवानी की राखी ने रोहतक ए की नियति खोखर को हराया। हिसार की निश्चल ने भिवानी की राजू को, कैथल की अनु ने फतेहाबाद की मानवी को और रोहतक बी की भूमि ने साई हिसार की सृष्टि को पराजित किया।

▶▶| 46-48 किलोग्राम में करनाल की टीना डांगी ने रोहतक ए की काफी को, रोहतक बी की सिमरन ने फरीदाबाद की हिमानी रानी को, साई भिवानी की दिव्या ने रेवाड़ी की कोमल को और कैथल की यशिका ने भिवानी की सोनिका को मात दी।

▶▶| 48-50 किलोग्राम वर्ग में साई भिवानी की प्राची ने अंबाला की दीपिका को, रेवाड़ी की साक्षी ने हिसार की वंशिका को, रोहतक बी की खुशी ने सोनीपत की अंशु को और रोहतक ए की दीया ने कैथल की मानसी को हराया।

▶▶| 50-52 किलोग्राम में यमुनानगर की पायल ने साई भिवानी की रिशु को, भिवानी की महक रानी ने फतेहाबाद की साइना को, महेंद्रगढ़ की ज्योति ने कैथल की मानवी को और पानीपत की जिया ने हिसार की वंशिका को शिकस्त दी।

▶▶| 52-54 किलोग्राम में झज्जर की तानिया ने रोहतक बी की प्रिंसी को, यमुनानगर की डिम्पी ने जींद की अन्नू को, साई भिवानी की लक्षिता समोता ने अंबाला की मोहिनी राव को और हिसार की अंजली ने कैथल की रजनी को हराया।

▶▶| 54-57 किलोग्राम में हिसार की साक्षी ने गुरुग्राम की गरिमा को, रोहतक ए की आरती ने फरीदाबाद की तन्वी को, पानीपत की नवीता ने साई भिवानी की यांशु को और झज्जर की मोनिका ने अंबाला की नैना को हराया।

▶▶| 57-60 किलोग्राम में झज्जर की कोमल ने भिवानी की रेनू को, पलवल की मानवी ने हिसार की पारिशा को, साई हिसार की तरुणा ने कैथल की खुशी को और चरखी दादरी की दीक्षा ने फतेहाबाद की आनू रानी को मात दी।

▶▶| 60-63 किलोग्राम में साई भिवानी की दीया, चरखी दादरी की खुशी, कैथल की महक दुल और रोहतक ए की खुशी विजेता रहीं।

▶▶| 63-66 किलोग्राम में साई भिवानी की सृष्टि, पानीपत की खनक, यमुनानगर की वंशिका और कैथल की वंशिका ने जीत दर्ज की।

**भारी भार वर्गों में:** ▶▶| 66-70 किलोग्राम में भिवानी की जिविका, पंचकूला की परनीता नैन, फतेहाबाद की सुखरीत और गुरुग्राम की हिमांशी विजयी रहीं।

▶▶| 70-75 किलोग्राम में गुरुग्राम की दिव्यांशी, पंचकूला की राधिका शर्मा और रेवाड़ी की ज्योति ने जीत हासिल की।

▶▶| 75-80 किलोग्राम में चरखी दादरी की वंशिका और पंचकूला की अदिति विजेता रहीं।

▶▶| 80 से ज्यादा किलोग्राम में महेंद्रगढ़ की तेजपाल शर्मा ने गुरुग्राम की भूमिका को और सोनीपत की अनुष्का ने भिवानी की रितिका को हराया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109





बोले राजनाथ, अगले दशक के लिए एक व्यापक एकीकृत रोडमैप तैयार करने की है आवश्यकता

# राजनाथ ने की उच्च-स्तरीय सुरक्षा बैठक पश्चिम-एशिया के हालात का लिया जायजा

*बैठक में मौजूद रहे सीडीएस, तीनों सशस्त्र सेनाप्रमुख सहित रक्षा मंत्रालय के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को राजधानी में पश्चिम-एशिया के हालात का आकलन करने के लिए एक उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। जिसमें प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह, नौसेनाप्रमुख एडमिरल डी.के.त्रिपाठी, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह सहित रक्षा मंत्रालय के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। ये जानकारी रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर दी है।

यहां बता दें कि पिछले महीने के अंत में हुई युद्ध की शुरुआत के बाद यह पहला मौका है। जब रक्षा मंत्री ने ऐसी किसी हाई प्रोफाइल सुरक्षा बैठक की अध्यक्षता की है। वहीं, भारतीय नौसेना मौजूदा संघर्ष के बीच ओमान की खाड़ी के इलाके में भारतीय वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षित आवाजाही को बरकरार रखने के लिए ऑपरेशन संकल्प के जरिए लगातार अपने जंगी जहाजों की तैनाती को बनाए हुए है। वर्तमान में युद्धपोतों की संख्या करीब दो से तीन तक हो सकती है। जबकि सामान्य परिस्थिति में बल का केवल एक युद्धपोत ही इलाके में नियमित तैनाती के तहत मौजूद रहता है।



## तैयारियों को बेहतर बनाने पर दिया जोर

मंत्रालय ने कहा कि बैठक में शीर्ष अधिकारियों ने राजनाथ सिंह को वैश्विक- क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य और मौजूदा संघर्षों के संभावित विस्तार के देश पर पड़ने वाले प्रभाव के साथ-साथ वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति से उत्पन्न चुनौतियों और अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अलावा मौजूदा उपकरणों के रखरखाव, सेवा क्षमता व उपकरणों की खरीद, उत्पादन के लिए आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन पर स्थिति के प्रभाव का भी इस दौरान विश्लेषण किया गया है।

## तैयारियों को बेहतर बनाने का दिया निर्देश

रक्षा मंत्री ने संवाद के दौरान भारत की तैयारियों को बेहतर बनाने का निर्देश देते हुए कहा कि मौजूदा संघर्ष से मिले परिचालन और तकनीकी सबक का निरंतर अध्ययन किया जाना चाहिए। साथ ही हमें अगले दशक के लिए एक व्यापक एकीकृत रोडमैप तैयार करने की आवश्यकता है। जिसमें सीखे गए सबके, आगे आने वाली चुनौतियों और अवसरों को ध्यान में रखते हुए सभी मोर्चों पर आत्मनिर्भरता और परिचालन तत्परता सुनिश्चित की जाए।

शॉर्ट सर्विस मामले में सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

# सेवामुक्त स्थायी कमीशन से वंचित महिला पूर्ण पेंशन लाभ की 'हकदार'

कोर्ट ने विशेष संवैधानिक शक्तियों (अनुच्छेद 142) का इस्तेमाल किया

यह आदेश जेएजी और एईसी कैडर की महिला अधिकारियों पर लागू नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय में व्यवस्था दी कि मनमाने मूल्यांकन के चलते स्थायी कमीशन से वंचित की गईं भारतीय सशस्त्र बलों की 'शॉर्ट सर्विस कमीशन' प्राप्त महिला अधिकारी पूर्ण पेंशन लाभ की हकदार हैं। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने फैसला सुनाया कि इन अधिकारियों के संबंध में पेंशन के लिए आवश्यक न्यूनतम 20 वर्ष की अर्हता सेवा पूरी कर ली गई मानी जाएगी, भले ही उन्हें इस अवधि से पहले सेवा से मुक्त कर दिया गया हो।

## एएफटी के फैसलों को दी थी चुनौती



यह निर्णय विंग कमांडर सुचेता एडन और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर आया, जिनमें 2019 में नीतिगत बदलावों और पिछले सशस्त्र बल अधिकरण (एएफटी) के फैसलों के आधार पर स्थायी कमीशन न दिए जाने को चुनौती दी गई थी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि महिला अधिकारियों के लिए वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) को अक्सर इस धारणा के तहत श्रेणी प्रदान की जाती है कि वे करियर में प्रगति या स्थायी कमीशन के लिए पात्र नहीं होंगी। इससे उनकी समग्र योग्यता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

## पूर्ण न्याय पाने का अधिकार

शीर्ष अदालत ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 142 उच्चतम न्यायालय को पूर्ण न्याय करने के लिए कोई भी आदेश पारित करने का अधिकार देता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि पेंशन 20 साल की मानी गई सेवा के आधार पर तय की जाएगी, जो 1 नवंबर, 2025 से प्रभावी होगी।

## सेना में पुरुषों का एकाधिकार नहीं हो सकता

अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि सेना में केवल पुरुषों का एकाधिकार नहीं हो सकता। जस्टिस ने साफ किया कि पुरुष अधिकारी यह उम्मीद नहीं कर सकते कि भविष्य के सभी खाली पद केवल उनके लिए ही होंगे। कोर्ट के अनुसार, अवसरों की कमी और गलत तरीके से अयोग्य ठहराए जाने के कारण महिला अधिकारियों की योग्यता और उनके करियर की प्रगति पर बुरा असर पड़ा है।

**सेवा से मुक्त महिलाओं पर लागू होगा फैसला**

*यह फैसला उन महिला अधिकारियों के लिए एक बार का उपाय के रूप में आया है जो कानूनी लड़ाई के दौरान सेवा से मुक्त हो गई थीं। ध्यान देने वाली बात यह है कि यह आदेश जेएजी (जज एडवोकेट जनरल) और एईसी (आर्मी एजुकेशन कोर) कैडर की महिला अधिकारियों पर लागू नहीं होगा। साथ ही, कोर्ट ने भविष्य में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए चयन के तरीकों और कट-ऑफ नियमों की समीक्षा करने का भी निर्देश दिया है।*





# Ex-showroom price of TVS XL100 Heavy Duty Kick Start variant in Delhi. ^ 3 years warranty included. 5 years additional warranty can be purchased. *Finance at the sole discretion of the financier. + Based on internal test conditions. As compared to BS-IV models. T&C apply.

TVS 3 YEAR WARRANTY | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | L&T Finance | SHRIRAM Finance | TVS CREDIT

FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com EAST DELHI: BINSAR TVS: दुर्गापुरी - 9821271880 खजूरी-9821258420, सोनिया विहार-9821260573 मंडोली एक्स. 9821260735 शेरपुर चौक 8527348216 जीरो पुस्ता, शास्त्री पार्क-9821267418 Bajwa TVS: कृष्णा नगर-8527320253 गीता कॉलोनी-8527320841 S. D. TVS: दिलशाद गार्डन-9821272498 मेन पुस्ता रोड, गांधी नगर- 9821268264 G. K. TVS: लक्ष्मी नगर- 9821271831 मयूर विहार फेज-3-6366448953 मधु विहार- 9821259935 न्यू अशोक नगर- 6366448954 NORTH DELHI: MOISSANITE: आजादपुर - 7600260222 MCR TVS: सरस्वती विहार-9821266109 मंगोलपुरी- 9821275868 रानीबाग-9821274695 नरेला 9821275636 किरारी 9821274603 बवाना-9821276084 कराला- 9821276104 Sabharwal TVS: रिठाला- 9821259732 बुध विहार - 9821259748 Skyline TVS: जहांगीर पूरी - 9218039220 Balaji TVS: समयपुर बादली - 9312001120 बुराड़ी - 9218024668 SOUTH DELHI: OM TVS, लाजपत नगर - 9821272463 ओखला इंडस्ट्रियल एरिया फेज-9821261765 बदरपुर, जैतपुर-9821263038 पुलप्रहलादपुर - 9821264982 शाइन बाग-9821266451 Ahinsha TVS: खानपुर 9821271221 अधचीनी: 9821268018 आया नगर-9821267931 छतरपुर - 9821268194 महिपालपुर - 9821269602 मैन रेलवे रोड - 9311299301 RIDE TVS: बीकाजी कामा प्लेस 01141706608/9582890607 KK TVS: कापसहेड़ा - 9821261661 CENTRAL DELHI: Balaji TVS: शास्त्री नगर 9821271672 रोशनारा रोड - 9870326061 शहजादा बाग- 6366448959 Sabharwal TVS: करोल बाग-9821258099 तिलक नगर - 08527129911 YM TVS: दरियागंज- 9999388189 YM TVS: माल्का गंज- 9319391003 WEST DELHI: Dynamic TVS: द्वारका-9821271426 पालम 9870327342 रामफल चौक- Sec-7: 9870327413 उत्तम नगर:-9870327453 KK TVS: नागलोई - 9821271618 विकास नगर: रान्होला 9821258480 टिकरी कलां -9821259539 चंचल पार्क- 6366448946 AKHAND TVS: नजफगढ- 8506999402 Sabharwal TVS: पीरागढ़ी - 9821271826 रामारोड- 9870328586 राजा गार्डन 9821259328, YM TVS: डाबरी मोड़ - 7303114666 Gurugram: Choudhary TVS, ओल्ड दिल्ली रोड,8929592511. Simran TVS, Opp. मारुती उद्योग लिमिटेड, ओल्ड दिल्ली रोड, 8743818888. Simran TVS, सेक्टर 10A, खांडसा रोड, 8743042042. B.D. TVS, सेक्टर 66, सोहना रोड, बादशाहपुर 9717061545, 9958059545. BD TVS इस्लामपुर 9958059545. Ahinsha TVS, मैन रेलवे रोड, 9311299301. Ahinhsa TVS हयातपुर, 9355036372, 9319965702. Sri Bhagwan TVS, बसाई रोड, 8652876426, Sri Baghwan TVS, वज़ीराबाद, 9821269360, 8929612365. FARIDABAD : Uttam TVS, नियर DPS स्कूल, ओल्ड फरीदाबाद 9560086699. Shivram TVS, नीलम बता रोड, 8928858523. Shivram TVS, सेहतपुर 9910111109. Royal TVS-NIT-5, 9870192424, 9355111370. बल्लभगढ़: Royal TVS, सेक्टर 5, 9870192424, 9899242536.

dentsu/har del/03/26